धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
सुप्रभात
रांची, सोमवार
10.07.2023
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
* नगर संस्करण | पेज : 12 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 354 | khabarmantra.net




## न्यूज डायरी

### अर्द्धसैनिक बलों को झटका पुरानी पेंशन पर रोक

**नयी दिल ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों को केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के तहत पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ दिया गया था। शीर्ष कोर्ट के इस फैसले से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के लाखों जवानों का सपना टूट गया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 में तय की है।

### झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 से

**रांची।** विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू होकर चार अगस्त तक चलने की संभावना है। सत्र को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक इसका प्रस्ताव 11 को कैबिनेट में लाया जायेगा। सत्र को ले कर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 का प्रथम अनुपूरक बजट आयेगा। संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जुलाई के आखिरी हफ्ते में मानसून सत्र आहूत होने की संभावना है।

### सरायकेला में सर्प दंश से बच्ची की मौत

**सरायकेला।** खूंटपानी प्रखंड के आंकोलकुटी गांव में सर्प दंश से एक बच्ची की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अनुसार खुंटपानी के आंकलकुटी गांव के चंद्र मोहन कुदादा की पुत्री गीता कुदादा (10) रविवार को सुबह करीब सात बजे घर के आंगन में कुछ काम कर रही थी। इस दौरान उसे एक जहरीले सांप ने डंस लिया। उसे चाईबासा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### दंपती हत्याकांड में दो साहिबगंज से गिरफ्तार

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र के बड़ी झरना भावानाथ कॉलोनी में दंपती हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। घटना का कारण पारिवारिक विवाद रहा है। एसडीपीओ राजेंद्र दूबे ने रविवार को जिरवाबाड़ी ओपी में बताया कि सुमित यादव उर्फ पप्पू यादव और उसकी पत्नी मिली सिंह की हत्या में पुलिस ने आरोपित पुत्र गोलू यादव उर्फ विष्णु यादव उर्फ लालू यादव व उसके दोस्त नीतेश यादव को गिरफ्तार किया है। 25 जून की रात दोनों की हत्याकी गयी थी।

### तीर्थयात्रियों की बस गंगा में गिरी, छह लापता

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आए विभिन्न राज्यों के तीर्थयात्रियों से भरा एक वाहन रविवार सुबह गंगा नदी में गिर गया। हादसे के बाद पांच लोगों को बाहर निकाल लिया गया, जबकि छह यात्री अभी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# 19 साल की बंधुआ मजदूरी से मुक्त हुई रनिया की बेटी

● मानव तस्करों ने दिल्ली ले जा कर बेच दिया था

● खूंटी सीडब्ल्यूसी और महिला थाना की पुलिस ने किया रेस्क्यू



आदिवासी बच्ची मरसा कंडुलना के साथ पुलिस व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, खूंटी।** उग्रवाद प्रभावित रनिया थाना क्षेत्र से लगभग 19 वर्ष पूर्व मानव तस्करी की शिकार हुई आदिवासी बच्ची मरसा कंडुलना को जिला बाल संरक्षण इकाई और और खूंटी पुलिस की टीम ने दिल्ली से मुक्त करा लिया। उसे नोयडा के एक्सप्रेस वे थाना क्षेत्र के सेक्टर 168 के अरिस्टा सनवर्ल्ड के एक मकान से सकुशल बरामद किया गया। बरामद बच्ची को लेकर खूंटी से गयी टीम गरीब रथ ट्रेन से रांची आ रही है। सोमवार को बच्ची को खूंटी लाने के बाद उसे समाज कल्याण विभाग में प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया जायेगा।

**12 वर्ष की उम्र में मानव तस्कर ले गये थे :** जानकारी के अनुसार रेस्क्यू की गयी बच्ची जब 12 वर्ष की थी, तब उसे मानव तस्करों ने दिल्ली में बेच दिया था। बच्ची 19 साल से मानव तस्करों के चंगुल में फंसी हुई थी। बताया जाता है कि रनिया के एक मानव तस्कर ने 19 वर्ष पहले काम दिलाने का झांसा देकर बच्ची को दिल्ली ले जाकर बेच दिया था। बच्ची ने पूछताछ में टीम को बताया कि जब वो नाबालिग थी तो उसी वक्त गांव के ही एक पुरुष तस्कर ने बहला-फुसलाकर दिल्ली के एक घर में बेच दिया था। पहले दो घरों में काम कराने के बाद उसे नोएडा के एक घर में ले जाकर बेच दिया गया था। वहां वह पिछले 13 वर्षों से काम कर रही थी। काम के एवज में उसे एक रुपये का भी भुगतान नहीं किया गया। बच्ची घर का खाना बनाने से लेकर कपड़े धोना, बर्तन धोना समेत बच्चों की देखभाल करती थी।

**बंधुआ मजदूर की तरह गया था :** जानकारी के अनुसार नोएडा में बच्ची जिस घर में रहती थी उसके मकान मालिक सुनील निरुल्ला और उसकी पत्नी पूजा निरुल्ला 13 वर्षों से उसे अपने घर में बंधुआ मजदूर की तरह काम कराते रहे। साल में कभी-कभार कुछ कपड़े दे देते थे और नहाने-धोने के लिए साबुन देते थे। जरूरत के समान और पैसे मांगने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। (शेष पेज 11 पर)

### पिता ने बचपन बचाओ संस्था को लिखा था पत्र

बच्ची के पिता ने बचपन बचाओ आंदोलन को एक पत्र लिखकर अपनी बेटी को खोजने की गुहार लगायी थी। पिता के आवेदन को डीसी और एसपी को भेजा गया था। जिसके बाद डीसी शशि रंजन और एसपी अमन कुमार ने टीम गठित कर मानव तस्करी को शिकार बच्ची को रेस्क्यू करने का निर्देश दिया था।

## सावन की पहली सोमवारी आज



**रांची।** श्रावण माह की पहली सोमवारी को ले कर बाबाधाम, बासुकीनाथ धाम समेत झारखंड के तमाम देवालयों में सोमवार को लाखों भक्त उमड़ेंगे। सभी मंदिरों में भक्तों की सुरक्षा और आसानी से जलार्पण की व्यवस्था की गयी है।


# भारी बारिश से हालात बेकाबू, अलर्ट मोड में केंद्र

## 20 से अधिक की मौत, कई राज्यों में स्कूलों में छुट्टी, ट्रेनें भी बाधित

**एजेंसी।**

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत के कई राज्यों में बीते दो दिनों से हो रही बारिश से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी है। दिल्ली में तो भारी बारिश ने 41 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रविवार को यहां एक दिन में रिकॉर्ड 153 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गयी, जो 1982 के बाद से जुलाई में एक दिन में हुई सर्वाधिक बारिश है। भारी बारिश का असर रेलवे पर पड़ा। उत्तर भारत में 20 से अधिक ट्रेंनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेन सेवाएं प्रभावित होने के पीछे भूस्खलन और बाढ़ को मुख्य कारण बताया जा रहा है। कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। कई अपने निर्धारित समय से देर चल रहीं हैं। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के स्कूल अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिये गये हैं। स्थिति को ले कर केंद्र सरकार अलर्ट मोड में है। गृह मंत्री अमित शाह ने प्रभावित राज्यों की सरकारों से इस संबंध में चर्चा की। वहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने अगले कुछ और दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश की वजह से आम जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है।

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में भारी बारिश के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दिल्ली और हिमाचल प्रदेश की हालत सबसे ज्यादा खराब है। तेज बरसात के कारण कई शहर पानी-पानी हो गये हैं। (शेष पेज 11 पर)



### दिल्ली में सभी रिकार्ड टूटे

मौसम विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में अगले कुछ दिनों भारी से भारी बरसात की भविष्यवाणी की है। 24 घंटों में दिल ली में 41 साल में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड है। कनॉट प्लेस के गलियारों से लेकर लुटियंस दिल्ली के चौड़े रास्ते राष्ट्रीय राजधानी की सभी सड़कें जलमग्न हो गयी हैं। जलजमाव के कारण मिंटो ब्रिज को बंद करना पड़ा। आईटीओ, मजनू का टीला, रोहतक रोड, रिंग रोड, पांडव नगर अंडरपास, पुराना किला रोड, सरिता विहार चौक और मथुरा रोड पर प्रगति मैदान में पानी भरने की सूचना मिली है।

## जीएसटी चोरी पर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

# अब मनी लांड्रिंग के तहत होगी कार्रवाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ केंद्र सरकार की ओर से लगतार कठोर कानूनी प्रावधान किया जा रहा है। फर्जी बिलिंग के जरिये कर चोरी रोकने के उद्देश्य से केंद्र ने जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के दायरे में ला दिया है। कर चोरी रोकने के लिए जीएसटी नेटवर्क को मनी लॉन्ड्रिंग-रोधी कानून के दायरे में लाये जाने के बाद जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ और कठोर कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है। इससे जीएसटीएन के भीतर कर चोरी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग-रोधी एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अधिक शक्ति मिलेगी। इसी कड़ी के तहत सरकार ने इडी को जीएसटीएन के साथ जानकारी शेयर करनी को मंजूरी दी है।

सरकार ने एक राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से इस तरह की जांच में मदद करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत इडी और जीएसटीएन के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को अधिसूचित किया। अधिसूचना पीएमएलए की धारा 66(1) के तहत इडी और जीएसटीएन के बीच जानकारी साझा करने के संबंध में है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) कर चोरी रोकने को लेकर उत्साहित है। सीबीआइसी के अध्यक्ष विवेक जौहरी ने पिछले महीने कहा था कि सरकार फर्जी बिलिंग और फर्जी चालान की प्रथा पर अंकुश लगाने और फर्जी व्यवसायों की पहचान करने के प्रति गंभीर है। पीएमएलए को आतंकी फंडिंग और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए अधिनियमित किया गया था। अधिसूचना अब जीएसटी प्रावधानों के किसी भी उल्लंघन की जांच करने के लिए इडी और जीएसटीएन के बीच जानकारी या सामग्री साझा करने की सुविधा प्रदान करेगी। जीएसटीएन इनडायरेक्ट टैक्स रिजीम की टेक्नोलॉजी को हैंडल करता है और यह जीएसटी से जुड़ी सभी जानकारियां जैसे रिटर्न, टैक्स फाइलिंग और अन्य अनुपालन सहित सभी की रिपोजिटरी के रूप में कार्य करता है।

**मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में क्या हुआ बदलाव :** मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट या पीएमएलए एक्ट 2002 में किये गये बदलाव के तहत अब जीएसटीएन को उन संस्थाओं की लिस्ट में जोड़ा गया है, जिनके साथ ईडी अपनी जानकारी शेयर कर सकता है। पिछले साल नवंबर में सरकार की ओर से इडी को आर्थिक अपराधियों की जानकारी 15 अन्य सरकारी संस्थाओं के साथ शेयर करने की मंजूरी दी गई थी। इसमें एसएफआइओ, सीसीआइ और एनआइए का भी नाम शामिल था। (शेष पेज 11 पर)



### ये होगा फायदा

जीएसटीएन को पीएमएलए एक्ट के तहत लाने से बड़ी टैक्स चोरी करने वालों पर नकेल कस सकेगी और अधिक लोग टैक्स चुकायेंगे। साथ ही जीएसटीएन ऐसे लोगों की टैक्स चोरी की सूचना आसानी से ईडी को दे पायेगा और टैक्स रिकवरी में भी तेजी आयेगी। इसके लिए जरूरत पड़ने पर नियमों में भी बदलाव किया जा रहा है, जिससे सरकार अपने राजस्व को बढ़ा सके।

### कोडरमा बाजार समिति में डीएमएफटी फंड से लगेगी प्रोसेसिंग यूनिट

## महिला समिति बड़ी कंपनियों को टक्कर देने बनायेंगी चिप्स

● सेकेंड फेज में बनायेंगी मडुआ लड्डू और बिस्किट

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड की महिलाएं अब घर की देहरी लांघकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलकर चलने को तैयार है। इतना ही नहीं, अपनी हुनर को हथियार बनाकर जयललिता देवी और कविता कुमारी शर्मा जैसी महिलाएं बाजार में भी बड़ी-बड़ी कंपनियों को भी टक्कर देने की तैयारी में है। राज्य की कृषक महिलाओं को उनका मुकाम दिलाने में कोडरमा के डीसी आदित्य रंजन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। तभी तो डोमचांच वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ी महिलाएं लेज जैसी कंपनी को टक्कर देने की सोच रही है। कोडरमा बाजार समिति में आलू चिप्स का प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जा रही है। चिप्स यूनिट में चिप्स के अलावा फ्रेंच फ्राई और वाइल्ड एंड ड्राई चिप्स तैयार किया जायेगा। इसके साथ ही अगले फेज में मडुआ का लड्डू और बिस्किट भी झारखंड के बाजार में खाने को मिलेगा।

**क्या है मामला:** मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने राज्य के किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में पहल शुरू की है। इसी कड़ी में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश से उनके कृषि उपज का मूल्य संवर्धन कर उन्हें प्रतिस्पर्धमक लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा आलू चिप्स की प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जा रही है। इसका निर्माण बाजार समिति झुमरी तिलैया में किया जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### संथाल में दो दिन भारी बारिश के आसार, अलर्ट

**रांची।** झारखंड में मानसून वाले बादल छाए हुए हैं। बारिश को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के मुताबिक रांची समेत राज्य के बड़े हिस्से में बादल छाये रहेंगे। वहीं, 11 और 12 जुलाई को संथाल परगना में भारी बारिश हो सकती है। इसको लेकर मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 14 जुलाई तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की उम्मीद है।

# समय सीमा से पहले बनकर तैयार हो जायेगा राम मंदिर

● 2024 में भगवान श्रीराम के दर्शन करेंगे भक्त

● तेज गति से चल रहा मंदिर निर्माण

### जल्द समाप्त होगी 500 साल की प्रतीक्षा



जोर शोर से चल रहा मंदिर निर्माण का कार्य

**एजेंसी**

**अयोध्या (हिस)।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण तेज गति से रातों दिन किया जा रहा है। ट्रस्ट के अनुसार अगले साल यानी जनवरी 2024 में मंदिर के गर्भ गृह में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। अगले साल श्रद्धालुओं को विश्व के सबसे दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन हो सकेंगे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अपनी तय समय सीमा से पहले बनकर तैयार होगा। मंदिर का निर्माण तेज गति के साथ चल रहा है। 2024 तक भगवान रामलला की मंदिर के गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा हो जायेगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट क्षेत्र द्वारा रविवार को मीडिया को आमंत्रित कर यह जानकारी दी। ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि ये मंदिर पूरी तरह से खास है। 500 सालों की प्रतीक्षा के बाद मंदिर का निर्माण हो रहा है।

**भगवान के ललाट पर पड़ेंगी सूर्य की किरणें :** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की नयी तस्वीरें सामने आयी हैं। पहले फ्लोर के निर्माण कार्य की है। मंदिर के बाहर 8 एकड़ में परकोटा बनाया जा रहा है। जिसका आयताकार 800 गुने 800 मीटर का बताया जा रहा है। गर्भगृह के बाहर मंडप की नक्काशी की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया, 2024 में मकर संक्रांति के बाद शुभ मुहूर्त पर प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद भगवान का दर्शन कर सकेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## बंगाल में 604 बूथों पर 10 को पुनर्मतदान

**एजेंसी**

**कोलकाता।** राज्य चुनाव आयोग ने रविवार को 604 बूथों पर फिर से वोटिंग कराने का निर्णय लिया है। जिन बूथों पर सोमवार को दोबारा मतदान होगा, उनमें पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, बीरभूम, जलपाईगुड़ी और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। पंचायत चुनाव के दौरान हुई भारी हिंसा के बाद राज्य चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया। शनिवार को बंगाल में 74 हजार बूथों पर वोटिंग हुई थी, जिसमें 20 से अधिक लोगों की जान चली गयी थी। मतदान केंद्र से तीन मतपेटी लूटने के बाद उसे तालाब में फेंक दिया गया था। रविवार सुबह पुलिस ने तीनों मतपेटियों को स्थानीय एक तालाब से बरामद किया गया। शनिवार को इन मतपेटियों को मतदान केंद्र के 17 और 18 नंबर बूथ से लूटा गया था। पश्चिम बर्दवान जिले के कांकसा ब्लॉक की दो पंचायतों कांकसा और त्रिलोकचंदपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र में 18 बूथों पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के द्वारा बूथ में घुसकर फर्जी वोटिंग करने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं ने इन बूथों पर फिर से वोटिंग कराने की मांग की थी।

## आरोप : प. बंगाल की तरह झारखंड में भी सत्ता और पुलिस गठजोड़ का आतंक

# भ्रष्ट सत्तासीन नेताओं के चंगुल में फंसने से बचें अफसर : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के अफसरों को चेतावनी और सलाह देते हुए कहा कि कर्मठ अफसर राज्य के भ्रष्ट सत्तासीन नेताओं के चंगुल में फंसने से बचें। उन्होंने राज्य में व्याप्त सत्ता पुलिस प्रशासन के गठजोड़ से व्याप्त आतंक को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सरकार पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की तर्ज पर सत्ता पुलिस गठजोड़ के द्वारा राज्य को आतंकित करने का आरोप लगाया।

*पुलिस-सत्ता गठजोड़ से किए गए अत्याचार एवं आतंक से जुड़े छोटे-बड़े करीब एक दर्जन मामले की जांच उच्च न्यायालय के आदेश से सीबीआई कर रही*



उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की दुर्गति में सत्ताधारियों के साथ-साथ वहां के कुछ अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस-सत्ता गठजोड़ से किए गए अत्याचार एवं आतंक से जुड़े छोटे-बड़े करीब एक दर्जन मामले की जांच उच्च न्यायालय के आदेश से सीबीआई कर रही है। झारखंड भी इसी रास्ते पर है।

**पाप करने वाले अधिकारियों ने हश्र देख लिया** : मरांडी ने झारखंड के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि आपने सत्ता की सह पर पाप करने वाले अधिकारियों का हश्र देख लिया है। कोई जमानत को तरस रहा है तो कोई जेल में तड़प रहा है। उनके परिवारवालों की क्या हालत होगी, यह बताने की जरूरत नहीं है। सरकार में इतनी भी हिम्मत नहीं बची कि वे अब तक पकड़े गये अपने उनलोगों के प्रति संवेदना का एक शब्द भी अपने मुंह से निकाल सकें जो उनके हिसाब से गलत काम करने के चलते जेल में हैं।

**अपराध, घोटाले और षड्यंत्र के काम में साझेदार न बनें** : मरांडी ने कर्मठ अधिकारियों से निवेदन करते हुए कहा कि आप राज्य के सत्ताधारियों की चोरी, डकैती, अपराध, घोटाले और षड्यंत्र के काम में साझेदार न बनें क्योंकि जब जांच स्वतंत्र एजेंसियां गर्दन पकड़ती हैं तो बचाने वाला कोई नहीं होता। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मूर्ख सत्ता की चासनी में जलेबी छान रहे कुछ समझदार लोग पिछले अनुभव से सबक लेंगे, मेरे इशारे को समझेंगे और ऐसा अनर्गल काम नहीं करेंगे जो उनके खुद के लिए मुसीबत बन जाये।

## सरकार से नाराजगी : दूसरे चरण के आंदोलन का फूंका बिगुल

# मानसून सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेंगे पारा शिक्षक : मोर्चा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्य कमेटी की बैठक रविवार को मोरहाबादी ग्राउंड में बिनोद बिहारी महतो की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन ऋषिकेश पाठक और संजय कुमार दुबे ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 जून को मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय चौबे ने वार्ता के क्रम में आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के अंदर मुख्यमंत्री से मिला दिया जाएगा परंतु आज 20 दिन हो गए, अभी तक सरकार के द्वारा कोई पहल नहीं की गई। बैठक में इसे लेकर विरोध दर्ज किया गया। साथ ही मोर्चा ने दूसरे चरण के आंदोलन का बिगुल फूंकते हुए निर्णय लिया कि 12-13 जुलाई को रांची प्रवास के दौरान विभिन्न विभागों का दौरा कर सहायक अध्यापक की समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं के निराकरण के बारे में पदाधिकारियों से बात रखेंगे। इसके बाद भी अगर बात नहीं बनती है पुनः राज्य के 62000 सहायक अध्यापक मानसून सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार और उनके पदाधिकारियों की होगी। बैठक में बिनोद बिहारी महतो, संजय कुमार दुबे, हृषिकेश पाठक, नारायण महतो, भागवत तिवारी, वीरेंद्र राय, शकील अहमद, शेखर सिंह, निरंजन डे, सुशील पांडे, मोती साव, महादेव महतो, सुमित तिवारी, विकास यादव, कल्याण चक्रवर्ती और उत्पल चौबे सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## चार आइपीएस को एसपी रैंक में दी गयी प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड में पदस्थापित 2018 बैच के चार आइपीएस को एसपी रैंक में प्रमोशन दिया गया है। झारखंड कैडर के 2018 बैच के मुकेश लुनायत, के विजय शंकर, मनोज स्वर्गीयारी को सात अप्रैल 2022 को सरकार ने एसपी रैंक में प्रमोशन दे दिया। इसी तरह 2019 बैच के शुभांशु जैन को सरकार ने एसपी रैंक में प्रोन्नति दे दी। रेलवे में पदस्थापित एसपी ऋषभ गर्ग, सुमित अग्रवाल और कपिल चौधरी अभी तक एएसपी रैंक में ही हैं।

**झारखंड में आईपीएस की संख्या बढ़कर 148 हो जायेगी** : झारखंड में आने वाले दिनों में आईपीएस की संख्या बढ़कर 148 हो जाएगी। वर्तमान में झारखंड में 124 आइपीएस हैं। वहीं डीएसपी से आइपीएस में 24 अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। ऐसे में झारखंड में आइपीएस की संख्या 148 हो जायेगी।

## पूर्व में बहाल भूतपूर्व सैनिकों की सेवा होगी समाप्त

# राज्य के चार सेंट्रल जेलों में अनुबंध पर 600 कक्षपालों की होगी नियुक्ति, प्रक्रिया शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के जेलों में कक्षपालों की कमी को पूरा करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों को अनुबंध पर बहाल किये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। राज्य के चार केंद्रीय कारा में 600 भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति होगी। जिनमें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा रांची, केंद्रीय कारा दुमका, केंद्रीय कारा हजारीबाग और केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर शामिल है। ये नियुक्ति संविदा के आधार पर एक साल के लिए होगी।

हालांकि आवश्यकता अनुसार, अनुबंध की अवधि को विस्तारित किया जायेगा और नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गये भूतपूर्व सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जायेगी। इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गयी है।

**20 हजार रुपए प्रति माह मिलेगा मानदेय** : गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को 20 हजार रूपया प्रति माह मानदेय दिया जायेगा। प्रत्येक वर्ष सेवा अवधि के उपरांत निर्धारित मानदेय में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। अनुबंध पर रखे गये इन कर्मियों को एक वर्ष में केवल 20 दिन का क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा। सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता देय होगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर राज्य पुलिस कर्मियों को जो अनुग्रह अनुदान देय है, वह उन्हें भी देय होगा, परंतु आश्रितों को नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं होगा।

### पूर्व में 624 पदों पर कक्षपालों की नियुक्ति की गयी थी रद्द

झारखंड के चार जेलों में 624 पदों पर कक्षपालों की नियुक्ति होने वाली थी। जिसे जून माह में रद्द कर दिया गया था। इस संबंध में गृह कारा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया था। जारी आदेश में कहा गया था कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार, केंद्रीय कारा दुमका और केंद्रीय कारा घाघीडीह में 624 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों का कक्षपाल के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया की गयी थी लेकिन गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग और विधि विभाग के परामर्श एवं हाईकोर्ट के वाद संख्या डब्लूपी (सी) नंबर 3894 रमेश हांसदा / झारखंड सरकार पारित आदेश के तहत इस संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) की प्रक्रिया को रद कर दिया गया।

# दीपक प्रकाश सहित 10 नेता भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित दस नेताओं को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नये सदस्यों में बंडी संजय कुमार, दीपक प्रकाश, सतीश पूनिया और संजय जायसवाल शामिल हैं। बंडी संजय कुमार पार्टी की तेलंगाना इकाई, दीपक प्रकाश झारखंड इकाई, सतीश पूनिया राजस्थान इकाई और संजय जायसवाल बिहार इकाई के प्रमुख रह चुके हैं।

**इन नेताओं को भी कार्यकारिणी में जगह** : इन चार नेताओं के अलावे सुरेश कश्यप, विष्णुदेव सोय और अश्वनी शर्मा को भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह मिली है। सुरेश कश्यप पार्टी की हिमाचल प्रदेश इकाई, विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ इकाई और अश्वनी शर्मा पंजाब इकाई के प्रमुख रहे हैं। छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता धर्मलाल कौशिक, आंध्र प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सोमू वीरराजू और राजस्थान के नेता किरोड़ी लाल मीणा को भी कार्यकारणी में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होनेवाले हैं।

### राजेंद्र प्रसाद ने दीपक प्रकाश को दी बधाई





**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने दीपक प्रकाश को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किए जाने का स्वागत किया है और दीपक प्रकाश को बधाई दी है। दीपक प्रकाश को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा को भी धन्यवाद दिया है।प्रसाद ने कहा कि दीपक प्रकाश मिलनसार के साथ-साथ सदान परिवार से आते हैं इस बात की सदानों में खुशी है।

## बाबूलाल साबित करें कि आदिवासी संगठनों का प्रदर्शन सरकार प्रायोजित था : लक्ष्मी नारायण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी समन्वय समिति के सदस्य लक्ष्मी नारायण मुंडा ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुए प्रदर्शन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की प्रतिक्रिया पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि बाबूलाल मरांडी यह साबित करें कि प्रदर्शन सरकार प्रायोजित थी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला द्वारा मध्यप्रदेश में आदिवासी व्यक्ति के उपर पेशाब किये जाने के खिलाफ आदिवासी संगठनों द्वारा 8 जुलाई के भाजपा राज्य मुख्यालय का घेराव किया गया था। जिस पर बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

श्री मुंडा ने कहा है कि पहले तो बाबूलाल मरांडी को बताना चाहिए कि वे कुतूबमीनार से कब कुदेंगे और हरिद्वार कब जायेंगे। इसका जवाब झारखंड की जनता को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा से अलग हो कर बाबूलाल मरांडी ने झारखंड विकास मोर्चा का गठन किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भाजपा में जाने से अच्छा वे कुतुबमीनार से कूदना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा है कि बाबूलाल को जानकारी होनी चाहिए कि उन्होंने अपने ट्विट में जितनी घटनाओं का उल्लेख किया है। सभी में किसी न किसी आदिवासी संगठन ने जरुर विरोध जताया है। सड़कों पर उतर कर आंदोलन भी किया है। बेशक उपरोक्त घटनाएं राज्य में काबिज हेमंत सोरेन सरकार के दौरान घटी है। बाबूलाल मरांडी को मालूम होना चाहिए कि आदिवासी संगठनों ने कई बार इन घटनाओं को लेकर हेमंत सोरेन सरकार को भी निशाना में लिया है। रुपा तिर्की के मामले में तो आदिवासी संगठनों ने लगातार ही आंदोलन किया था। इसको लेकर न्यायालय तक इस मामले को ले जाया गया है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को चुनौती देते हुए कहा कि सरकार के इशारे से यह कार्यक्रम हुआ है तो साबित करे।

## जदयू रातू प्रखंड के अध्यक्ष बने दीपक प्रसाद

# झारखंड में जितनी भी सरकारें बनीं, लोगों के अनुरूप नहीं किया काम : खीरू महतो



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला जदयू का विस्तार करते हुए रातू प्रखंड की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से दीपक प्रसाद को प्रखंड जदयू का अध्यक्ष बनाया गया है। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो व विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश जदयू के महासचिव श्रवण कुमार मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खीरू महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन का 22 वर्ष हो गया, लेकिन झारखंड में जितनी भी सरकारें बनीं, आम लोगों की जनभावनाओं के अनुरूप काम नहीं किया। आज भी राज्य के लोगों को काम के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। किसानों को खेती करने के लिए बारिश के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही सरकार चौतरफा विकास का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करने का काम करें। संगठन को मजबूत करें। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश जदयू के महासचिव श्रवण कुमार, दिलीप महतो, बलराम मुंडा, रामलखन प्रसाद, संजय महतो, वीरेन्द्र साहू, रामजीत लोहरा, दीपक महतो, देवदर्शन, मुश्ताक अंसारी, मूसा पाहन, विक्की कुमार, अंतु राणा, मदन महतो, अजय महतो, प्यारेलाल महतो, इदरीश अंसारी, एतवा मुंडा, उपेन्द्र कुमार साहू एवं तुलसी महतो उपस्थित थे।

## कोडरमा में 24.51 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा नर्सिंग कॉलेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्तर पर आयोजित बैठक में निर्देश दिया गया है कि राज्य के प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय के साथ बीएससी नर्सिंग महाविद्यालय और फार्मेसी महाविद्यालय स्थापित किया जाए। इसमें 60 प्रतिशत केन्द्र का और 40 प्रतिशत राज्य सरकार का अंश होगा। इसके अलावा शेष राशि का वहन राज्य योजना से किया जाना है। भारत सरकार द्वारा प्रति नर्सिंग महाविद्यालय के लिए 10 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। इसी कड़ी में कोडरमा जिले में बीएससी नर्सिंग महाविद्यालय के भवन निर्माण (हॉस्टल ब्लॉक सहित) योजना के लिए 24 करोड़ 51 लाख 10 हजार 400 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन रांची होंगे, जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। बीएससी नर्सिंग महाविद्यालय के निर्माण के लिए 6 करोड़ केन्द्रांश, 4 करोड़ राज्यांश और 14 करोड़ 51 लाख 10 हजार 400 रुपया राज्य योजना मद से स्वीकृति दी गयी है।



**किस मद में खर्च होगी कितनी राशि**

भवन निमार्णः 126389662.44
बिजली कार्यः 37836861.51
प्लम्बिंग व अग्निशमनः 14046457.26
साइट डेवलपमेंटः 15729128
सेप्टिक टैंक(4): 801284
रेन वाटर हार्वेस्टिंग(2): 421717

## श्रद्धालुओं को घुसपैठ कराने के आरोप में एएसआइ निलंबित

**देवघर।** देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर जाने के लिए श्रद्धालुओं को घुसपैठ कराने के आरोप में एएसआई उग्रीव पासवान को देवघर एसपी ने निलंबित कर दिया है। श्रावणी मेला 2023 के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर के उमा भवन निकास द्वार से लेकर जगत जननी मंदिर रैंप तक प्रथम पाली रात्रि में प्रतिनियुक्त रांची जिला बक के एएसआई उग्रीव पासवान अहले सुबह कुछ श्रद्धालुओं को नीम पेड़ गेट के पास से प्रवेश कराया था। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की शिकायत मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो सही पाया गया। बता दें, यह गेट आपातकालीन स्थिति के लिए है। इसी से एएसआई श्रद्धालुओं को घुसपैठ करवा रहा था। लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण एसपी ने कार्रवाई करते हुए एएसआई उग्रीव पासवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समर्थक और कार्यकर्ताओं ने आजसू का दामन थामा

# पार्टी के आधार स्तंभ हैं ग्राम प्रभारी : सुदेश

**कार्यकर्ता जितने संवेदनशील होकर काम करेंगे, संगठन उतना ही मजबूत होगा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रत्येक ग्राम प्रभारी पार्टी के आधार स्तंभ हैं। जिस प्रकार एक मजबूत इमारत के निर्माण के लिए मजबूत स्तंभ की आवश्यकता होती है ठीक उसी प्रकार संगठन की मजबूती के लिए सभी ग्राम प्रभारियों का मजबूत होना जरूरी है। इसके लिए सभी ग्राम प्रभारी अपने क्षेत्र में जाएं और जनता के सुख दुख में हिस्सेदार बनें। उक्त बातें आजसू सुप्रीमो सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने पार्टी के कांके विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम प्रभारियों के साथ सुकुरहुट्टू रिंग रोड स्थित शत्रुघ्न कांप्लेक्स में हुई बैठक में कही। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष हमारे लिए संघर्ष वर्ष है। इस वर्ष हम सभी को वर्तमान राज्य सरकार की असफलता और वादाखिलाफी को लेकर अपनी आवाज को बुलंद करना है और इसके विषय में जनता को बताने का काम करना है। कार्यकर्ता जितने अधिक संवेदनशील हो कर क्षेत्र में काम करेंगे पार्टी उतनी ही ज्यादा मजबूत होगी।




इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि पार्टी में शामिल हुए नए सदस्यों के अनुभव व कर्मठता से संगठन और भी मजबूत होगा। कार्यकर्ता तन-मन से संगठन के कार्य में जुट जायें। पार्टी की विचार धारा को जन-जन तक पहुचाएं। इस कार्यक्रम में पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों के प्रति आस्था दिखाकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समर्थक और कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष की मौजूदगी में आजसू का दामन थामा।

**इन्होंने ली पार्टी की सदस्यता** : बिहारी लाल महतो, चरन महतो, अनिल महतो (गोपाल), पवन वर्मा, शुभम तिर्की, रिंकु खान, शेखर तिर्की, साजिद मन्ना, धर्मनाथ महतो इत्यादि मुख्य रूप से पार्टी में शामिल हुए। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, विधानसभा प्रभारी रामजीत गोंजो, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी, जिला परिषद सदस्य सह जिला अध्यक्ष संजय महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य हकीम अंसारी, पूर्व सदस्य मजबूर रहमान, पूर्व खलारी और कांके के सभी प्रखंड अध्यक्ष और इस क्षेत्र के सभी जिला पदाधिकारी और तीनों प्रखंड के ग्राम प्रभारी मौजूद थे।

# तैराकी प्रतियोगिता संपन्न, टाटा स्टील बना ओवरऑल विनर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में चल रही दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता कल संपन्न हो गयी। टाटा स्टील प्रतियोगिता का ओवरऑल विजेता रही। दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ दिव्या एवं अर्चित आनंद (उपाध्यक्ष) झारखंड ओलंपिक संघ ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अर्चित आनंद ने संबोधित करते हुए कहा कि तैराकी में झारखंड के बच्चे भी आगे बढ़ें इस पर संघ लगातार प्रयास कर रहा है। इस आयोजन की सफलता में सभी तकनीकी पदाधिकारियों, अभिभावकों एवं संघ के लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बरखा सिन्हा, (अध्यक्ष), झारखंड तैराकी संघ) ने आयोजन की प्रशंसा की। साथ ही खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया यह जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी।

## स्पीड न्यूज

### भीषण गर्मी व जल संकट को देखते हुए प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी और जल संकट को देखते हुए नगर निगम के प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह ने वृक्षारोपण एवं जल संचयन हेतु संकल्प अभियान प्रेस वार्ता किया। विषय प्रवेश करते हुए प्रथम उपमहापौर ने कहा कि जैसा कि कुछ दिनों पहले से ही इस अभियान की रूप रेखा रखी गई है। इसी के निहित नगर निगम मेदिनीनगर और पलामू के अन्य ग्रामीण इलाकों में भी यह अभियान व्यापक रूप से चलाया जाएगा। उन्होने कहा कि आज इस गर्मी के मौसम में इस शहर के लोग जिस तरह पानी के किल्लत को महसूस किया है क्योकि पूरे शहर के साथ-साथ आस पास गांव में भी जल का स्तर काफी निचे चला गया है। अपने स्तर से कोयल नदी में चैनल कटवा कर हमने घर में सप्लाई के पानी को निरंतर रखा, प्रत्येक दिन शहर में पानी की व्यवस्था को अपने स्तर से पूर्ति करने का कार्य किया है। परन्तु हमारे मन में इसकी स्थायी निदान हेतु व्यथा थी जिस निमित्त हम और हमारे सहयोगियों ने संकल्प लिया कि शहर के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पौधा उपलब्ध कराया जाएगा और उनसे आग्रह करेंगे कि इसे सुरक्षित किया जाए और प्रत्येक घर में जल संचय हेतु वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था बनाई जाए ताकि हमारा जीवन और भविष्य सुरक्षित रहे। पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने में हमारे पेड़ पौधे बहुत उपयोगी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि उनके इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। प्रेस वार्ता में प्रदीप सिन्हा, राजकुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, अश्विनी कुमार, शैलेश भगत, निलय कुमार, अमित कुमार उर्फ रिंकू, जितेंद्र सिंह, दीपक सिंह, दीपक सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### भव्य श्री राम महायज्ञ को लेकर छतरपुर के ठाकुरबाड़ी मंदिर में हुई बैठक



**छतरपुर पलामू।** यज्ञ के आयोजन से समाज में आती है समृद्धि, नष्ट होती है आसुरी शक्तियां। उक्त बातें छतरपुर में मशहूर फलहारी संत साकेत बिहारी दास जी ने कही। साकेत जी ठाकुरबाड़ी में श्री राम महायज्ञ नवाहपरायन की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। वहीं इस मौके पर प्रतिष्ठित व्यवसाई मनोज जायसवाल ने कहा कि छतरपुर में ऐसे पवित्र आयोजन की जरूरत भी है ताकि वातावरण स्वच्छ बन सके। अशोक सिंह ने भी यज्ञ के आयोजन पर बल दिया, वहीं अनिल सिंह ने मौजूदा छतरपुर की सामाजिक स्थिति के मद्देनजर यज्ञ के आयोजन को आवश्यक बताया। अरविन्द गुप्ता ने कहा कि यज्ञ होने से इलाके से नकारात्मकता दूर होगी खुशहाली आएगी। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि आगामी कुछ महीनों बाद शरद ऋतु में यज्ञ का आयोजन कराया जाएगा। बताया गया कि यज्ञ के भव्य आयोजन हेतु अभी बैठकों का दौर चलेगा, स्थानीय सभी आम और खास लोगों की सहमति और सहयोग से यज्ञ का भव्य आयोजन कराया जाएगा। बैठक में मनोज जायसवाल, बैजनाथ सिंह, रामनरेश सिंह, अरविन्द गुप्ता चुनमुन, अशोक सिंह, अनिल सिंह, सुनिल प्रसाद, मन्देया मंदिर के पुजारी पहाड़ी बाबा, अनिल गुप्ता, सुनील प्रसाद, रामप्रसाद शर्मा, पंचम कुमार, ठाकुरबाड़ी मंदिर के पुजारी आशीष पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दूसरी बार गोलीकांड की घटना से दहशत में रहने को विवश हैं चैनपुरवासी



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत चैनपुर बाजार में एक बार फिर से दहशत का माहौल कायम है। अपराधियों ने बीती रात्रि हजारी प्रसादआर्य के पुत्र वेद प्रकाश आर्य को गोली मारकर घायल कर दिया। वेद प्रकाश को पहली गोली सिर छूते हुए निकल गई। दूसरी गोली पैर से होकर निकली और तीसरी गोली सीधे बाजू में जाकर लगी। जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया है। वेद प्रकाश की स्थिति अभी खतरे में बताया जा रहा है। घटना के बाद से चैनपुर में लोग दहशत के साए में रहने को मजबूर हैं। हर तरफ यही आवाज सुनने को मिल रही है कि कभी चैनपुर में चैन हुआ करता था लेकिन एक दो घटनाओं ने चैनपुर के व्यवसायियों को झकझोर कर रख दिया है। लोग दहशत में रह रहे हैं। इसके पहले भी मामूली विवाद को लेकर वेद प्रकाश के दोनों भाई को गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया था। बताया जा रहा है उसी घटना में वेद की गवाही सोमवार को होनी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। घटना में शामिल अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। अपराधी जल्द ही जेल की सलाखों के पीछे नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि पुलिस अगर मुस्तैद रहती तो इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होती।

### राहिल राज बनाये गये चतरा जिला प्रभारी



**मेदिनीनगर।** युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पाटन छतरपुर विधानसभा के स्थानीय नेता इंजीनियर राहिल राज उर्फ प्रकाश राम को युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने संगठन के दृष्टि कोण से चतरा जिला का प्रभारी बनाया है। अब राहिल राज पाटन छतरपुर विधानसभा के साथ साथ चतरा जिला में युवा राजद टीम के साथ मिलकर संगठन को गति प्रदान करेंगे। जिला प्रभारी बनने के बाद राहिल राज ने बताया कि संगठन के जिम्मेवारी को मैं बखूबी से निर्वहन करते हुए चतरा जिला को और मजबूत करूंगा। राजद नेता तेजस्वी यादव, झारखंड प्रभारी राजीव रंजन झा, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव के उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। चतरा जिला प्रभारी बनने पर राजद के पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, युवा अध्यक्ष केदार यादव, विजय रविदास, धनंजय पासवान, रामनाथ चंद्रवंशी, राजेश रौशन,सतेन्द्र यादव, चंदन तिवारी, फैजुल हक रशीद, उपेंद्र मेहता,संतोष यादव, लवलेश यादव, मुस्ताक अहमद, अरुण मेहता, अभय पांडे, मंजीत यादव, भास्कर शर्मा, निरंजन यादव, कुर्बान अंसारी, श्याम सुन्दर यादव निरंजन मेहता, राकेश सिंह समेत लोगो ने राहिल राज को बधाई दी है।

# इंदर सिंह नामधारी लिखित पुस्तक 'एक सिख नेता का दास्तान' का हुआ विमोचन

आत्मकथा बहुत सी चीजों को बयां करती है : प्रो सुभाषचंद्र मिश्रा

जात-पात व धर्म से लंबी लकीरें खींच दें तो मानवता जीत जायेगी : इंदर सिंह नामधारी







खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी द्वारा लिखित एक सीख नेता का दास्तान पुस्तक का लोकार्पण चंद्रा रेसिडेंसी में प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा, पीपी अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, डा आरपी सिन्हा, अजीत सिंह नामधारी, प्रेम भसीन व अन्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा ने कहा कि इंदर सिंह नामधारी बालकाल से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी रहे हैं। वे अपने मूल्यों व सिद्धांतों से कभी कोई समझौता नहीं किया। एक लंबे राजनीतिक पारी का खेल खेलते हुए इन्होंने अपनी आत्मकथा एक सिख नेता का दास्तान पुस्तक में वर्णित किया है। जो बहुत ही हिम्मतवाला काम है। कोई भी व्यक्ति अपने बारे में सार्वजनिक रूप से बयां नहीं कर पाता है, लेकिन कोई बिरले ही ऐसे होते हैं, जिन्होंने अपनी जीवन की पूरी कथा आमजन मानस के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। ऐसे में इंदर सिंह नामधारी साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी आत्मकथा जीवन होती है। इंदर सिंह नामधारी अपने राजनीतिक जीवन में कभी अपने करीबी व्यक्ति को भी नहीं देखा। जिन्होंने अपनी पुस्तक में राजनीतिक पीड़ा को भी वर्णित किया है। वे एकीकृत बिहार से लेकर झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष समेत लोकसभा का सदस्य होने तक का सफर किया है। इन्होंने पुस्तक में अपनी पत्नी के बारे में लिखा है कि मैं तुम्हारा हमसफर तो बना लेकिन हमदर्द नहीं बन पाया। जो किसी परिवार के लिए बहुत बड़ी बात होती है। मिश्रा ने कहा कि नामधारी जी अपनी पुस्तक में पूरी तरह से निष्पक्षता पूर्वक अपनी बातों को रखा है। इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में किसी काम का श्रेय लेने के लिए नेताओं में होड़ मची रहती है। जो आज झारखंड राजनीत में अलग राज्य कराने के लिए लोग श्रेय लेने के लिए होड़ मचाये हुए हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि झारखंड अलग राज्य कैसे बना यह सही बात शैलेंद्र महतो बता सकते हैं। जिन्होंने यह कहा कि झारखंड बनाने का श्रेय यदि किसी को जाता है तो वह है इंदर सिंह नामधारी। उन्होंने कहा कि बिहार से अलग राज्य कराने के लिए वनांचल राज्य का नाम देकर समरेश सिंह और मैं आंदोलन का बिगूल फूंका जिसका परिणाम यह हुआ कि अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में देश के तीन राज्यों को अलग किया जा रहा था। जिसमें वनांचल भी शामिल था लेकिन इस वनांचल नाम पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों ने यह कहते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई कि वृहत झारखंड के रूप में इसे अलग किया जाये। जो वृहत झारखंड अलग करना नामुमकिन था।

तब मैंने बिहार के नेता सुशील कुमार मोदी को यह कहा कि वनांचल हम दोनों नेताओं का दिया हुआ नाम है। इसे हटाकर झारखंड शब्द पर ही मुहर लगा दिया जाये। तब जाकर सुशील मोदी मानें और राज्य झारखंड को बिहार से अलग किया गया। नामधारी ने कहा कि जात-पात व धर्म से एक लंबी लकीर खिंच दें तो मानवता जीत जायेगी। जो मैंने वही किया। उन्होंने अपनी पुस्तक एक सिख नेता का दास्तान पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब पुस्तक की पूरी स्क्रिप्ट तैयार हो गया तो उसे बीणा प्रकाशन में छपाई के लिए भेजा गया। वहां पर मेरे शुभचिंतक ने मुझे पुस्तक का शीर्षक एकला चलो रे के नाम पर आपत्ति जताते हुए सलाह दिया कि इस पुस्तक का नाम एक सिख नेता का दास्तान रखा जाये तो बेहतर होगा। तब मैंने आत्ममंथन कर उस नाम पर अपनी सहमति व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षक परशुराम तिवारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, डा आरपी सिन्हा व अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर जीजीपीएस के प्राचार्य ओपी गुप्ता, डीएवी स्कूल के प्राचार्य डा जीएन खान, बिट्टु सिंह नामधारी, अजीत सिंह नामधारी, मुक्तेश्वर पांडेय, नवल तुलस्यान, विभाकर नारायण पांडेय, विनोद सिंह, अविनाश वर्मा समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# टीएसपीसी का प्रचार प्रसार करने आये तीन उग्रवादी गिरफ्तार

### एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/मनातू।** नक्सली संगठन टीएसपीसी का प्रचार प्रसार करने आये एक उग्रवादी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके निशानदेही पर सहयोगी दो अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को लेस्लीगंज एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 8 जुलाई को चतरा पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद जोनल कमांडर आक्रमण गंझु के नेतृत्व में दस्ता मनातू के नागद गांव में छिपा हुआ था। इस गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। जिसमें जोनल कमांडर आक्रमण गंझु भागने में सफल रहा। पुलिस के सर्च अभियान में आक्रमण गंझु को बाइक पर भगाने वाले उग्रवादी बसंत सिंह को अपने कब्जे में कर लिया। वही उसके निशानदेही पर दो अन्य उग्रवादी सहयोगी सदस्य मिथलेश भुईयां ग्राम नागद मनातू तथा संतोष भुइयां को गिरफ्तार कर लिया। टूटी ने बताया कि पूछताछ में बसंत ने बताया कि आक्रमण गंझु एक बैग दिया है जो मिथिलेश भुइयां के पास है। इस जानकारी के बाद पुलिस मिथिलेश को गिरफ्तार कर लिया जिसके पास से बैग बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों उग्रवादी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस छापामारी अभियान में उग्रवादियों के पास से दो मोबाइल, 2 पॉकेट डायरी, 7 सिम कार्ड, संगठन का पर्चा, 6700 रूपये नगद, दैनिक उपयोग का अन्य सामग्री बरामद किया गया। छापामारी अभियान में मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार, संजय कुमार रजक, जितेंद्र मिश्र, नावा जयपुर थाना प्रभारी विजय कुमार, हृदय कुजूर, अजय कुमार गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, विकास दुबे, परशुराम मेहता, रंजीत कुमार, वीरेंद्र मेहता आदि शामिल थे।

### झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रमंडलीय सम्मेलन आयोजित

# सभी कर्मियों को एक समान वेतन प्रदान करे सरकार : केएन त्रिपाठी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/पाटन।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रमंडलीय सम्मेलन बैजनाथ आश्रम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पुर्व मंत्री केएन त्रिपाठी मौजूद थे। कार्यक्रम में महासंघ के द्वारा छः सुत्री मांग सरकार से किया गया। छः सुत्री मांग में सभी कर्मचारी का स्थायीकरण करने, एल फाइभ एवं एल सिक्स के सैलरी में बढ़ोतरी करने, राज्य कर्मी एवं क्षेत्रिय कर्मी का दैनिक भत्ता एक समान करने, मेडिकल इन्श्यूरेंस फैसलिटी बहाल करने, एचआर मैनुअल के अनुसार दस प्रतिशत सैलरी का बढ़ोतरी करने तथा सभी कर्मी का विभागीय योग्यता के तहत 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर बहाली करने की मांग सरकार से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि सरकार कांटेक्ट पर काम करवाती है, लेकिन इस महंगाई को देखते हुए उचित मजदूरी नहीं दे रही है, जिससे कर्मचारियों में निराशा है। उन्होंने इस संबंध में सरकार से वार्ता करने की बात कही। कार्यक्रम के आयोजन कर्ता पलामु जिला कोषाध्यक्ष हरि शंकर नाथ वर्मा ने विशेष योगदान दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, पलामु जिला अध्यक्ष प्रभात रंजन पाण्डेय, गढ़वा जिला अध्यक्ष मुकेश पासवान, लातेहार जिला अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष पियुष रंजन, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी, लिगल सलाहकार आशुतोष तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संगीता सिंह ने किया।

## देसी पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार



जानकारी देते पंडवा थाना प्रभारी व गिरफ्तार युवक।

पड़वा पलामू। पुलिस ने देशी पिस्तौल के साथ एक युवक व हथियार सप्लायर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक पड़वा थाना क्षेत्र के सिक्का के अमित सिंह व हथियार सप्लायर बासु के संदीप कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह ने दी। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि गश्ति के दौरान पड़वा पुलिस सिक्का सूर्य मंदिर के पास पहुंची थी इसी दौरान पुलिस को देखते ही एक युवक भागने लगा। पुलिस ने दौड़ा कर युवक को पकड़ लिया। युवक के तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें पहले भी सूचना मिली थी कि अमित इलाके में दहशत कायम करने के उद्देश्य से हथियार लेकर चलता था। गिरफ्तार अमित ने पुलिस को बताया कि वह पड़वा थाना क्षेत्र के बासु के संदीप कुमार से 7500 में पिस्तौल खरीदा था। जिसके बाद पुलिस ने हथियार सप्लायर संदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस मौके पर अवर निरीक्षक प्रकाश होरो मौजूद थे।

# विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है लक्ष्य : बीनू सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत अंतर्गत पिंजरही गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में रविवार को राकांपा का पंचायत संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने पंचायत के सभी गांव के कार्यकर्ता व जनता से गांव में विकास कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह सभी को सम्मान देने के साथ ही सभी क्षेत्रों में विकास को गति दे रहे हैं। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए गांवों के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के उद्देश्य से पंचायत संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने पिपरा में कार्यकर्ताओ को जनता के साथ जुड़कर उनकी समस्याओं को विधायक तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिससे आम लोगों का पार्टी से जुड़ाव हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे स्वयं जनता की समस्याओं का समाधान कराएंगे।

### महुआ पेड़ की डाली टूटने से महिला की मौत, 5 घायल



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र स्थित सुआ पंचायत के निराला टोला के पास महुआ का पेड़ की डाली टूटकर गिरने से 6 लोग घायल हो गये। इनमें से दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ईलाज के दौरान सोमारी कुंवर नामक महिला की मौत हो गयी। जबकि पांच घायलों का ईलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार डीलर विनय सिंह रविवार को राशन वितरण कर रहे थे। ग्रामीण राशन लेने डीलर के दुकान गये थे। भीड़ होने के कारण ग्रामीण महुआ पेड़ के नीचे बैठकर अपने बारी का इंतजार कर रहे थे। तभी अचानक पेड़ का डाली टूटकर गिर गयी और छह लोग घायल हो गये। जिसमें सोमारी कुंवर पति बिल्ट सिंह निराला टोला की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हो गई। इस घटना में घायलों में विनधवा टोला के जासो देवी पति जगन्नाथ सिंह, डीपीएस टोला के भोला सिंह, अरुण सिंह, बुकनी देवी पति नवीन सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की खबर सुनकर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह दल बल के साथ एमएमसीएच अस्पताल में घायलों का हाल जानने पहुंचे। वही उप प्रमुख शीतल सिंह निराला के द्वारा सभी घायलों को मोटरसाइकिल व ऑटो से अस्पताल पहुंचाया गया।

### हुसैनाबाद : बच्चों से भरी स्कूल टेंपो ने खड़े ट्रैक्टर में मारी टक्कर, कई बच्चे घायल





**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छतरपुर मुख्य सड़क में अनुमंडल गेट सीमेंट दुकान के सामने रविवार को खड़ी ट्रैक्टर में एक स्कूल में बच्चे को लेकर जा रही टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे टेंपो में सवार स्कूली बच्चे, चालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कचरा गांव निवासी प्रतियुष कुमार सिंह का पांच वर्षीय पुत्र अभिज्ञान कुमार, टेंपो चालक प्रवीण यादव (35 वर्ष), इसका पुत्र प्रभात कुमार (5 वर्ष), कमलेश शर्मा का पुत्र पियूष कुमार,सभी ग्राम कचरा आयूष कुमार (7) वर्ष ग्राम पचमो का नाम शामिल है। घटना के बाद आस पास में खड़े दुकानदारों एवं लोगो के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक सूत्रों के अनुसार अभिज्ञान कुमार की स्थिति गंभीर बनी है। उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सभी बच्चे शहर के शिवशक्ति नगर स्थित समता स्कूल के बच्चे थे। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो डायमंड सीमेंट दुकान अनुमण्डल गेट के सामने एक ट्रॉली लगा हुआ ट्रैक्टर पूर्व से खड़ी थी जिसपर ड्राइवर भी नही था। वही पीछे से कचरा तरफ आ रही टेम्पू लापरवाही पूर्ण तरीके से ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि टेम्पू क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें 5 वर्ष से लेकर 10 वर्ष के बच्चे थे। अभिज्ञान के बाद बाकी सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। घटना की खबर में मिलते ही अस्पताल में सभी अभिभावको की भीड़ लग गयी।

## शबरी माता थी समरसता की प्रतीक : रामचंद्र चंद्रवंशी

भंडार व लालगढ़ के नवनिर्मित मंदिर में माता शबरी की प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार व लालगढ़ गांव में रविवार को नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री राम लक्ष्मण व माता शबरी की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। साथ में पाटन विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज भुइंया व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी मौजूद थे। इस अवसर पर काफी संख्या में शबरी समाज के लोगों ने पूजन कार्यक्रम करते हुए एक ऐतिहासिक दिन के साक्षी बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता शबरी समाज के अजय भुइयां व संचालन नावा बाजार प्रखंड के पूर्व जिला पार्षद अनुज राम, अशोक भुईयां व रामराज भुइंया ने संयुक्त रूप से बारी बारी से किया। मौके पर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान राम की अनन्य भक्त माता शबरी सामाजिक समरसता की प्रतीक थीं। उन्होंने अपने त्याग, सेवा व समर्पण के बदौलत भगवान श्री राम को अपने कुटिया तक आने को मजबूर कर दिया था। चंद्रवंशी ने कहा कि समाज के हर दबे कुचले लोगों को बराबरी पर खड़ा करना हमारा प्रयास है। उन्होंने कहा कि शबरी समाज के मेधावी बच्चों को अपने स्कूल व कॉलेज में निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करेंगे। पाटन छतरपुर विस क्षेत्र की विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि भुइयां समाज हर क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है।

## गुरु पांडेय के पोता के जन्मदिन में लगा जमघट



**चैनपुर पलामू।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) के पोता के जन्मदिन में लगा जमघट पलामू प्रमंडल में काफी चर्चा में है। प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से समारोह में पहुंचे गणमान्य व्यक्तियों का जमघट राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के बढ़ते विश्वास और एकजुटता का संदेश दे रहा था। जन्मोत्सव में मंत्री मिथलेश ठाकुर, स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी विधायक शशीभूषण मेहता, राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की उपस्थिति देखी गई। वहीं प्रमंडल के बड़े व्यवसायी, समाजसेवी और ठेकेदार शामिल थे। जबकि राष्ट्रीय परशुराम सेना से जुड़े विप्र परिवार के साथ काफी तादाद में ब्राह्मण परिवार इस समारोह की शोभा बढा.रहे थे।

# आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन ने टॉपर्स को किया सम्मानित

लगातार कई वर्षों से अनुमंडल स्तर पर टॉपर्स को सम्मानित करते आ रहा है फाउंडेशन, कुल 50 बच्चों को मिला उपहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन जपला द्वारा टाऊन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता अंगद किशोर व संचालन श्रवण कुमार अग्रवाल ने किया। शिक्षाविद सह वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद, संस्था के अध्यक्ष अंगद किशोर, निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, राजेन्द्र सिंह आदि ने मां सरस्वती व आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के मैट्रिक व इंटर के पास आउट 50 टॉपर्स विद्यार्थियों को उपहार व प्रशस्ति पत्र भेंट की गई। उन्हें सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। चन्द्रेश्वर प्रसाद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कई टिप्स दिए। कहा कि यह सम्मान आपको जीवन मे सफल होने में प्रोत्साहित करेगा। आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन का यह पहल सराहनीय है। वहीं शशि कुमार ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के जीवनवृत्त पुस्तिका का विमोचन किया गया। फाउंडेशन के सचिव आलोक कुमार, कमलेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ नादिर अब्बास रिजवी, निरंजन प्रसाद, अविनाश कुमार सिन्हा, राजू कुमार सोनी, रविन्द्र कुमार सिंह, रोहित कुमार, जितेंद्र प्रसाद, अमन कुमार, शाम्भवी परी, वैष्णवी पीहू आदि टॉपर्स व अभिभावक मौजूद थे।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** प्रशांत कुमार, अंकित आर्यन, रौशन कुमार, रंभा कुमारी, डिंपल कुमारी, पप्पू कुमार, धीरेंद्र कुमार, अभय प्रसाद गुप्ता, खुशबू कुमारी, अमृता, साक्षी, अंकज, गौतम कुमार, शिवम पांडे, वंदना, प्रियंका, नेहा, औसफ आलम सिद्दीकी, अवंतिका, अंशु कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, रिंकी, आकाश कुमार यादव, सौरभ यादव, कशिश, आरती, नुशरत परवीन, सुरभि, अनामिका, काजल कुमारी, रत्नप्रिया, मुकेश गुप्ता, मनीष कुमार, पप्पू यादव, बलवंत विश्वकर्मा, पवन, अनुषा, काजल, अभिमन्यु, बबिता, सोनी कुमारी, अमृता कुमारी, रूमी कुमारी, प्रेम कुमार सिंह आदि छात्र-छात्राओं को फाउंडेशन ने सम्मानित किया।

# जन कल्याण ट्रस्ट का पौधरोपण कार्य मील का पत्थर साबित होगा : ऋषभ गर्ग



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में जिला समादेष्टा होमगार्ड कार्यालय में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक सह जिला समादेष्टा ऋषभ गर्ग ,कंपनी कमांडर अनुज झा, कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा, ट्रस्ट की संरक्षक स्वीटी सिंह, ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, सचिव रणजीत रंजन, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, भावी सदस्य संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे, बंटी कुमार गुप्ता, महिला कमेटी के सदस्य रीना देवी, बिंदा देवी, रानी देवी, अनीता देवी, रंजू देवी शामिल थे। मौके पर होमगार्ड कार्यालय परिसर में फलदार और ईमारती पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला समादेष्टा ऋषभ गर्ग ने कहा कि पर्यावरण के असंतुलित होने से पलामू की धरती तप रही है। आज पर्यावरण खतरे में है। आज हमें पेड़ लगाने की जरूरत है। ट्रस्ट का पौधारोपण कार्य मील का पत्थर साबित होगा। कंपनी कमांडर अनिरुद्ध झा ने कहा कि प्रकृति को बचाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। राजेश लकड़ा ने कहा कि हम आज से संकल्पित हैं हर एक व्यक्ति को कम से कम पांच पौधा लगाने की जरूरत है। संरक्षक स्वीटी सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए ट्रस्ट संकल्पित है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। मौके पर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि ट्रस्ट समर्पित भावना से इस बार 5000 पौधा लगाने का कार्य करेगा।

# अवैध माइंस में युवक की मौत ग्रामीणों ने घेरा कतरास थाना

## छह मजदूर कर रहे थे काम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** गिरिडीह जिले के हरलाडीह पीपराटांड से कतरास कोयला का काम करने आए छह मजदूरों में एक की मौत कतरास थाना क्षेत्र के लकडका में शनिवार को हो गई थी। आनन-फानन में मजदूरों को कतरास में लाकर काम कराने वाला दलाल सोमनाथ पंडित द्वारा मृत युवक जालो कोल्हो को बोलेरो वाहन में लोडकर एवं उनको साथियों को यह बोलकर ले गया चलो तुम्हें घर पहुंचा देंगे। लेकिन सोमनाथ पंडित के द्वारा कतरास से मृत युवक एवं साथियों को ले जाने के बाद गिरिडीह पचंबा थाना इलाके के जरीडीह पहाड़ी के नीचे जंगल स्थित पहाड़ी में शव को फेंक दिया गया, एवं उनके चार साथियों को वहीं उतार कर वहां से वापस भाग आए। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद पचम्बा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह भी सदलबल मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### मुआवजा और नियोजन की मांग पर अड़े ग्रामीण



वहीं जब इस घटना की सूचना मृतक के गांव हरलाडीह पिपराटांड़ पहुंची तो वहां से सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों को पोस्टमार्टम ना करा कर सीधे कतरास थाना लेकर पहुंचे एवं थाना के सामने शव को रखकर थाने का घेराव कर दिया। तथा मुआवजे की मांग करने लगे। मृतक जालो कोल्हो के साथ कतरास कोयले के अवैध माइंस में काम करने आए साथियों ने बताया कि वह लोग तीन-चार दिन पहले कतरास सोमनाथ पंडित के कहने पर काम करने आए थे जहां खदान के नीचे जाकर उन्हें कोयला कटिंग करना पड़ता था प्रति बोरा 18 रुपैया का भुगतान मजदूरों को किया जाता था। वहीं मृतक की पत्नी अनीता देवी ने बताया कि उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं अब वह क्या करेगी कैसे गुजर-बसर होगा। थाना का घेराव किए आदिवासी महिला पुरुष को कतरास थाना के एसआई दिलीप कुमार टुडु एवं दीपक कुमार सिंह के द्वारा समझा-बुझाकर उन लोगों को वापस भेजा गया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेजा गया।

## निचीतपुर हाल्ट पर ट्रेन से कट कर युवक ने की आत्महत्या

कतरास। शनिवार को धनबाद गया रेलखंड निचीतपुर हाल्ट पर कतरास लाला टोला निवासी उम्र लगभग 23 वर्ष मुकेश कुमार सिन्हा के द्वारा रेल की पटरी पर सर रखकर आत्महत्या कर ली गई। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक की पहचान कतरास लाला टोला के स्व बसंत लाला के पुत्र मुकेश सिन्हा के रूप में की गई है। मृत युवक ट्यूशन पढ़ाकर अपना गुजर-बसर करता था। घटना की सूचना मिलते ही धनबाद जीआरपी की टीम पंहुची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद साथ में लेकर गई। उसकी मौत के बाद परिजों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## पुटकी : अवैध कोयला लदा हाइवा जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

### डीसी-एसपी के आदेश का भी नहीं है डर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द मोड़ के पास चैकिंग के दौरान एक हाईवा गाड़ी संख्या जेएच10 बीटी 5226 में अवैध कोयला लदा हाइवा को थाना प्रभारी रास बिहारी लाल ने पकड़ कर थाना लाया।मामला दर्ज कर लिया गया हैं हाईवा चालक अवैध कोयला लदे हाईवा के साथ पकड़ा गया।हाईवा चालक बिरजू बाउरी काकेमठ कतरास का बताया जा रहा है। उसने बताया कि मोडीडीह से कोयला लेकर वाहन मालिक मंटू महतो कतरास के जगेसर मोड़(काको मठ के पास) रहने वाला बोला कि तुम कोयला गाड़ी लेकर जाओ पुटकी पार करने के बाद तुमको बताएंगे की कहा जाना है। चालक बिरजू बाउरी ने कहा कि हाईवा में 18 टन कोयला लोड है।बताते चलें कि डीसी, एसएसपी के करें आदेश के बावजूद जिले के कई अनुमंडल थाना क्षेत्र में कोयला तस्करी। जोरो पर हैं वे चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।वही जी इलाको से अवैध कोयला लेकर पुटकी थाना के रास्ते कपूरिया के एक भट्ठा में अवैध कियला को खपाया जारहा है।

वही कोयला का कारोबार जारी हैं और तस्करो का मनोबल सातवे आसमान पर हैं पुलिस को चुनौती दे रहे हैं और जो सामाजिक कार्यकर्ता इसका विरोध कर रहे हैं उनके साथ मारपीट या धमकी दिया जा रहा हैं।वही थाना में मामला दर्ज किया गया।

## स्पीड न्यूज

### बेबी देवी को मंत्री बनने पर दी बधाई



**बेरमो।** दिवंगत जगन्नाथ महतो के पत्नी बेबी देवी को उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बनाए जाने पर 16 वी लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने बधाई दिया है। श्री पांडेय ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार में बेबी देवी अपने कार्य से सबको प्रभावित करेंगी और राज्य में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के विकास को गति देंगी। इस अवसर पर श्रमिक नेता रविंद्र कुमार मिश्राए भाजपा नेता सुरेंद्र गिरी व दिनेश सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पंडित साधन बनर्जी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**कतरास।** कतरास के जाने-माने पंडित मां काली के भक्त एवं आचार्य सिंटू बनर्जी के मामा पंडित साधन बनर्जी का रविवार को निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही उनके लिए संवेदना प्रकट करने वालों की भीड़ उनके आवास पर जुटने लगी, लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया। उनका अंतिम संस्कार मा लिलोरी स्थान मंदिर मुक्तिधाम में किया गया।

### सेल के प्रबंध प्रशिक्षुओं का सेंट्रल इंडक्शन कार्यकम

**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी में आयोजित सेल के विभिन्न संयंत्रों के नवनियुक्त प्रबंध प्रशिक्षु 2023 बैच का सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम का समापन संपन्न हो गया। समारोह में राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो इस्पात संयंत्र के डीआई अतनु भौमिक, बोकारो संयंत्र के ईडी बीके तिवारी, सीआर महापात्रा, सुरेश रंगानी, अमिताभ श्रीवास्तव, जॉयदीप दासगुप्ता, कार्यकारी ईडी भूपिंदर सिंह पोपली, सीजीएम व विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

### सर्पदंश से पीड़ित युवक का हो रहा इलाज

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत बरईकला पंचायत के ओरमो गांव के पढियाटांड़ टोला निवासी स्व कारी नाथ करमाली के 26 वर्षीय पुत्र दिलू करमाली को रात करीब 8 बजे के आसपास जहरीले सांप ने दंश मार दिया। परिजनों तथा बरईकला पंचायत के पंसस ललीता देवी के प्रतिनिधि मनोज करमाली ने तुरंत पेटरवार सरकारी अस्पताल ले गये जहां से प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया गया। दिलू का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है दिलू करमाली फिलहाल खतरा से बाहर है। यह जानकारी बरईकला पंस सदस्य ललीता देवी के प्रतिनिधि मनोज करमाली ने दी है।

### मर्यादित आचरण के दायरे में ही राजनीति शोभनीय : ललन

**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी, मत्स्य प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश संयोजक ललन कुमार निषाद ने विगत दिनों हुई बोकारो में दिशा की बैठक में धनबाद लोकसभा सांसद सह दिशा के बोकारो जिला के अध्यक्ष पीएन सिंह के बारे में कांग्रेस के बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी का विरोध करते हुए इसे अशोभनीय व निंदनीय बताया है। अपनी विधायकी के भी जाने का डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी मयार्दा में रहकर सांसद के बारे में कुछ भी कहना चाहिए था। सांसद श्री उनके स्वर्गीय पिता से भी वरिष्ठ व काफी अनुभवी हैं एवं जनता के बीच में काफी लोकप्रिय हैं। इसपर उनको तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। विदित हो कि सांसद श्री सिंह ने दिशा की उक्त बैठक की अध्यक्षता की थीए जिसके बारे में अनूप ने कहा था कि सांसद को अध्यक्षता करना पहले सीखनी चाहिए।

# डीपीएस चास : वैभवी हेड गर्ल और अनुज बने हेड ब्वाय

## सीनियर छात्रों का बैज अलंकरण कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास में सीनियर छात्रों के लिए आयोजित बैज अलंकरण कार्यक्रम प्रतिस्थापन में सत्र 2023-24 के लिए गठित सीनियर छात्र-परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्यों ने अपनी जवाबदेही को सच्चाई और ईमानदारी के साथ पूरा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोकारो सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार मौजूद रहे। विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने मुख्य अतिथि को पौधा व स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चयनित सीनियर छात्र परिषद में 12वीं के अनुज कुमार हेड ब्वॉय, 12वीं की ही वैभवी गुंजन हेड गर्ल चुनी गईं। 11वीं के दीपतांशु प्रकाश वाइस हेड ब्वॉयए 11वीं की राजेश्वरी सिंह वाइस हेड गर्लए 9वीं के मयंक राज कल्चरल सेक्रेटरी, 11वीं के सौमोदीप चौधरी स्पोर्ट्स सेक्रेटरी और 9वीं की गरिमा मंडल को लिटरेरी सेक्रेटरी चुना गया। इसके अलावा गंगा, यमुना, चेनाब और सतलज हाउस से कैप्टन, वाइस कैप्टन व दो-दो प्रिफेक्ट को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हर विद्यार्थी में नेतृत्व करने यानी लीडर बनने की क्षमता होती है। स्कूल से ही हर क्षेत्र में नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद् के सदस्यों को बधाई दी। कहा कि छात्रों में भावी जीवन की जिम्मेदारियों को समझने, परस्पर सहयोग व समन्वय की भावना विकसित करने का यह व्यावहारिक प्रयोग है। कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने भी निर्वाचित सदस्यों को उनकी नई भूमिकाओं और बड़ी जिम्मेदारियों के लिए चयनित होकर आने पर बधाई दी और सौंपे गये कार्यभार को बखूबी निभाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन छात्र अमित कुमार शर्मा व छात्रा राधिका श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक शुभोजित मिश्रा ने किया।

## प्रभारी सीएमडी ने केंद्रीय अस्पताल ढोरी का किया निरीक्षण

**बेरमो।** सीसीएल प्रभारी सीएमडी बी वोरा रेड्डी ने रविवार को सीसीएल केंद्रीय अस्पताल ढोरी का निरीक्षण किया। सीएमडी ने सीसीएल अस्पताल के महिलाए पुरुष कक्षए दवा वितरण केंद्रए ओपीडी कक्षए शौचालयए कीचनए कार्यालय कक्षए ओटीए आकस्मिक सेवा कक्ष सहित अस्पताल के हर स्थानों पर पहुंच कर बिंदुवार जानकारी ली। इस सीएमडी ने कुछेक कर्मियों को व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। कहा कि सभी के सहयोग से सीसीएल केंद्रीय अस्पताल ढोरी को सुविधा में नंबर वन बनाना है। साथ ही साथ पार्क मे वृक्षारोपण और मरीजो के बीच मिठाई का भी वितरण किया।

## एक नजर में

### शिवभक्तों का जत्था बाबाधाम रवाना



**बेरमो/जारंगडीह।** सावन आरंभ होने के बाद रविवार को जारंगडीह से भोले बाबा को जलाभिषेक के लिए जारंगडीह से 35 श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को जारंगडीह स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से रवाना हुए। बताता चलू कि बाबा धाम जाने से पूर्व ये सभी लोग मंदिर में पुजा अर्चना की उसके बाद बम बम भोले के नारे लगे जिससे पुरा मंदिर परिसर बोला मय हो गया। इस जत्थे की रवानगी के मौके पर स्थानीय युवा समाजसेवी टिंकू पंडितए अतुल कुमारए संतोष कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। जबकि बाबा धाम देवधर जाने वालो के जत्थे मे सौरभ कुमार दुबेए राहुल कुमार सिंहए प्रमुख कुमार संदीप कुमारए बिगु रामए रोहन कुमारए गौतम कुमारए पवित्रा दासए अमरेश कुमारए दीपक बाउरीए दीपक कुमारए संजय मंडलए रवि सिंह राठौरए चंदन कुमारए हेमंत मंडलए राजवीर गुप्ताए चंदन गुप्ताए आनंद विक्रम कुमारए भीमा के अलावे बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी।

### बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस-2 में लैडल ड्रायर का उद्घाटन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी ने स्टील मेल्टिंग शॉप 2 में लैडल ड्रायर का उद्घाटन करते हुए कहा कि मौजदा उपकरणों को दोबारा उपयोग में लाना और आतंरिक ज्ञान का लाभ उठाकर बिना ऑउटसोर्सिंग के वांछित परिणाम प्राप्त करने से बोकारो इस्पात संयंत्र की नवाचार और संसाधनशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता साबित होती है। लैडल कूलर से लैडल ड्रायर प्रणाली के उन्नतिकरण में स्टील मेल्टिंग शॉप- 2 और सामान्य अनुरक्षण ;मैकेनिकलद्ध विभाग का योगदान रहा। इससे उत्पादन की क्षमता में बढ़ोत्तरी के साथ उत्पादन लागत में कटौती होगी। मौके पर विभिन्न विभागों के सीजीएम सहित कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### साइको किलर को पुलिस ने दबोचा

**बेरमो।** साइको किलर अजय रविदास को बीते रात चंद्रपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद चंद्रपुरा प्रखंड समेत आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है ण्अपनी पत्नी की हत्या समेत दो अन्य महिलाओं पर जानलेवा हमला कर पूरे इलाका में दहशत कायम कर रखा था। शुक्रवार की रात्रि साइको किलर अजय रविदास चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के राजा बेड़ा की एक दुकान में सिगरेट खरीदने गया था। सोशल मीडिया पर अजय की फोटो वायरल हुई थीण इसकी मदद से दुकान के समीप खडे. युवको ने उसे देख कर पहचान लिया। युवकों ने उसे धर दबोचा इसके बाद इसकी सुचना चंद्रपुरा थाना प्रभारी को दिया। चंद्रपुरा पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर थाना ले आई पुलिस अधिकारी अजय से पूछताछ कर रही है। अजय रविदास सोमवार की रात्रि चंद्रपुरा में ही अपनी पत्नी बरखा देवी की हत्या कर चुका है। वह बुधवार को गोमिया प्रखंड के स्वांग में चाची पर भी जानलेवा हमला कर फरार हो गया था। सनकी अजय रविदास ने शुक्रवार को चंद्रपुरा पश्चिमी पल्ली निवासी शोभा मिश्रा पर कटार से जानलेवा हमला किया था जिसमें वह बुरी तरह घायल हुई है।

## साइबर अपराधी ने पीओ को लगाया 26.5 हजार का चपत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** आए दिन साइबर क्राइम का मामला बढ़ता जा रहा है पहले तो साइबर लुटेरों के चंगुल में कम पढ़ा लिखा फंसे थे ।लेकिन अब उच्च शिक्षा प्राप्त लोग भी इसके झांसे में आने लगे हैं जिससे साइबर लुटेरों की बल्ले.बल्ले है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कथारा वाशरी के परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार बीते 6 जुलाई को शायद लुटेरों के झांसे में आकर ?24ए687 गंवा दिए। इस संबंध में भुक्तभोगी पियो विजय कुमार ने बताया कि 6 जुलाई की संध्या एसबीआई के पोर्टल यूनो पर एक मैसेज आया जिसमें उनका ओटीपी मांगा गया उन्होंने समझा कि स्टेट बैंक का अधिकृत पोर्टल है लिहाजा उन्होंने तुरंत ओटीपी भेज दिया पुनः दूसरी बार जब ओटीपी मांगा गया तब तक उनके मोबाइल में ?24ए687 से संबंधित मैसेज आ गया था तब वह समझे कि वह साइबर लुटेरों के शिकार हो गए हैं पीओ ने तत्काल एसबीआई के टोल फ्री नंबर पर जानकारी देते हुए तत्काल ऑनलाइन ट्रांजैक्शन सिस्टम को बंद कराया ।पीओ ने बताया कि दूसरे दिन 7 जुलाई को वे संबंधित बैंक प्रबंधक से मिलकर अपनी दुखरा सुनाये।

## दर्जनों युवाओं ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की



खबर मन्त्र संवाददाता

**टुंडी।** रविवार को जदयू टुंडी प्रखंड की बैठक भुरसाबाद (शिव मंदिर प्रांगण में जदयू युवा नेता गोतम कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने जदयू का सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में शामिल हुआ। इस दौरान दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवा साथियों को बधाई दी और टुंडी प्रखंड में जदयू पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा जदयू पार्टी में जुड़ रहे हैं। आने वाले समय में जदयू टुंडी प्रखंड के युवाओं की समस्याओं को लेकर प्रखंड से प्रदेश तक संघर्ष करने का काम करेगी। जदयू पार्टी में शामिल होने वालों में नकुल पंडित, दिनेश कुमार पंडित, इतवारी ठाकुर, जीरा देवी, ताराचंद महतो, सोनू कुमार, भोला साव,रुपेश यादव,गेंदू महतो, मुन्ना कुमार महतो,आदि हैं। इस अवसर पर जदयू पुरनाडीह पंचायत कमिटी का गठन किया गया, जिसमें पंचायत अध्यक्ष- सुदाम ठाकुर, पंचायत सचिव -गेंदू महतो और पंचायत कोषाध्यक्ष -टेकलाल साव को सर्वसम्मति से चुना गया।

## असंगठित मजदूरों ने दी आंदोलन की चेतावनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को असंगठित मजदूर मोर्चा की एक बैठक ईस्ट बसुरिया यूनियन कार्यालय के समक्ष बी सी के यु शाखा अध्यक्ष दुलाल बाउरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि ईस्ट बसुरिया में खेमका कंपनी ने कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है। प्रबंधन को पुर्व समझौता के अनुसार असंगठित मजदूरों को कोयला आवंटित कर रोड सेल ट्रक लोडिंग का कार्य प्रारंभ कर देना चाहिए था। लेकिन अभी तक प्रबंधन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं किया है। प्रबंधन से वार्ता के बाद यदि कोई निष्कर्ष नहीं निकला तो आंदोलन काफी तीखा होगा। बैठक में शाखा सचिव भोला चौहान,सावर्जित कोर, औरदेंदू दत्ता, सुनील रामदास, सुखदेव बाउरी, कमल बाउरी, विशेश्वर भुइयां, कारी कामीन, विमल बाउरी, शकुंतला देवी, राधा बाउरी, बबलू निषाद, नीतू कुमारी,अरविंद कुमार दास, पिंटू निषाद, अजय भुईया, भूरा भुईया, विनोद भुईया, राधा देवी, सुदेशया देवी, शांति देवी, दुखनी देवी, सोनिया देवी, राजू निषाद, कमली देवी, शारदा देवी, चिंता देवी, लखन भुईया, बुधनी देवी, रीना देवी, शंकर महंत, उमेश रजवार, महेश भैया रघुनाथ मल्ला पीपा भुईया, कुलदीप भुईया, शंकर तूरी, कजरी कामिन, सुदामा रजवार, राहुल मल्लाह, माला देवी, कारी देवी आदि शामिल थे।

## कुमारधुबी बाजार में गुरु तेग बहादुर डिस्पेंसरी शुरू

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी बाजार स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा प्रांगण में रविवार को गुरु तेग बहादुर डिस्पेंसरी का शुभारंभ गुरुद्वारा के हजूरी भाई मनप्रीत सिंह ने अरदास कर किया।इस अवसर पर डा. आई एम सिंह ने आस पास के क्षेत्र से आए ग्रामीणों की जांच कर उन्हे स्वास्थ संबंधित आवश्यक और जरूरी सलाह दी। प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष निर्मल सिंह ने बताया कि जिस तरह से सिख समाज हमेशा से सेवा के लिए तत्पर रहता है ठीक उसी सेवा की भावना से आज गुरु तेग बहादुर डिस्पेंसरी का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि काफी दिनों से गुरुद्वारा प्रांगण में डिस्पेंसरी खोलने की चाह थी। लेकिन गुरुद्वारा बिल्डिंग का काम पूरा नहीं होने के कारण थोड़ा विलम्ब हो गया है। कहा कि यह डिस्पेंसरी निः शुल्क है और यह प्रत्येक रविवार को सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक खुलेगी।इस डिस्पेंसरी में अत्यंत गरीब और जरूरतमंद लोगों की जांच के साथ साथ दवा भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर हरदेव सिंह, दलजीत कौर, हरजीत कौर, गुरदीप कौर, सरंजित कौर, सतनाम सिंह, जगीर सिंह, गुरुचरण सिंह, अशोक तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# आम जनता को सुविधा न देकर उजाड़ना गलत : अजय

## अतिक्रमण हटाने की नोटिस के बाद नेताओं का आना शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी द्वारा लगभग एक हजार से अधिक भूमि अतिक्रमणकारी को नोटिस दिए जाने के बाद सिंदरी की राजनीति में जिला स्तरीय नेताओं का पदार्पण शुरू हो गया है। इसी क्रम में सिंदरी पहुँचकर नोटिस प्राप्तकताओं से काँग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने रविवार को मुलाकात की और वस्तुस्थिति को जाना। सिंदरी इंटक कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि काँग्रेस गरीबों को उजाड़ने में नहीं बल्कि गरीबों को बसाने में विश्वास रखती है। उन्होंने धनबाद सांसद पर आरोप लगाते हुए कहा कि सांसद केन्द्र सरकार की मिलीभगत से प्रबंधन द्वारा गरीबों को नोटिस करवाकर चुनाव के समय इसपर विराम लगवाकर सहानुभूति लेना चाहते हैं। काँग्रेस जिला कमेटी सिंदरी की ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर है। उन्होंने कहा कि गरीबों के आशियाने पर बुलडोजर चलाने से पहले प्रबंधन व प्रशासन को हमलोगों के छाती से गुजरना होगा। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि नोटिस वापस लेते हुए विस्थापन नीति स्पष्ट करे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के अड़ियल रवैये के खिलाफ काँग्रेस पार्टी एक छंटाक यूरिया बाहर नहीं जाने देगी और जोरदार आंदोलन के लिए बाध्य होगी। काँग्रेस सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि एफसीआईएल सिंदरी बंद होने के बीस वर्षों बाद भी आम जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराकर प्रबंधन उजाड़ने का काम कर रही है। सिंदरी में स्थापित निजी स्कूलों के व्यवसायीकरण पर प्रबंधन अंकुश लगाए। अवैध कब्जाधारियों को भी नियमावली के तहत आवास मुहैया कराया जाए।

### प्रेस वार्ता में ये लोग थे शामिल

प्रेसवार्ता में काँग्रेस धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, जिला महामंत्री अजय कुमार सिंह, जिला सचिव दिलीप मिश्रा, काँग्रेस सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार, विश्वनाथ प्रसाद सिंह, सोमनाथ दुबे, सेवादल प्रदेश सचिव पूर्णेन्दु सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष राहुल राज, गोपाल तिवारी, कमलेश तिवारी, मनोज घोष, राजबिहारी यादव, मिनिस्टर यादव, अरविंद कुमार, सत्येंद्र सिंह, हरीश गोप, वार्ड 54 अध्यक्ष आनंद कुमार, वार्ड 55 अध्यक्ष सनातन मंडल, कुमार मनीष सहित कई काँग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अतिक्रमण का नोटिस भेजवा कर भाजपाई समाधान का पढ़ा रहे पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी की आठ मुद्दों पर महिला विस्थापित मोर्चा के बैनर तले बिरसा समिति सिंदरी में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। मोर्चा संरक्षक अंबुज मंडल ने कहा कि चुनाव के कारण अतिक्रमण की नोटिस भेजकर समाधान का पाठ भाजपाई पढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन से मुलाकात की गई है। प्रबंधन ने आश्वस्त किया है कि इसपर सहानूभूतिपूर्वक विचार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आठ मुद्दों को लेकर भी प्रबंधन से वार्ता की गई। अनुपयोगी जमीन विस्थापितों को वापस लौटाने, आदिवासियों के देव स्थान जाहेर थान के लिए भूमि आवंटन, विस्थापित परिवार को पुनर्वास, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को संरक्षित व आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा के लिए बिरसा समिति को भूमि आवंटित करने, कम दर में आवंटित भूमि पर व्यवसायीकरण पर रोक लगाने सहित अन्य मुद्दों पर प्रबंधन से वार्ता हुई। इनमें फुटपाथ दुकानदारों से ली गई राशि के आधार पर दुकान आवंटन, राँगामाटी क्षेत्र में सिद्दो कान्हू परिसर आवंटन सहित एफसीआईएल भूमि पर अतिक्रमण के लिए सटीक वैकल्पिक व्यवस्था पर भी वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने इसपर दिल्ली मुख्यालय को पत्र के माध्यम से सूचना देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हमारा पहले बसाओ, तब हटाओ का नारा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से मोर्चा संयोजक आशा हेम्ब्रम, मासस वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद, नुनूलाल टुडू, महालाल हाँसदा सहित अन्य मौजूद रहे।

खबर मन्त्र
रांची.सोमवार .10 जुलाई 2023
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# सत्ता की महत्वकांक्षा

महाराष्ट्र में राकांपा में टूट और राजग के कुनबे का विस्तार करते हुए बागियों का सरकार में शामिल होना राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ नेताओं के सत्ता मोह को भी दशार्ता है। विधायकों का रातों-रात पाला बदलकर दूसरे की सरकार में शामिल होना बताता है कि सत्ता के लिये परिवार व पार्टी के कोई मायने नहीं हैं। लेकिन एक बात तो साफ है कि दल-बदल निरोधक कानून आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाने में नाकामयाब रहा है। बल्कि कहा जा सकता है कि सत्ता के लिये महत्वाकांक्षी राजनेताओं ने कानून के प्रावधान में नये छिद्र तलाशे हैं। बल्कि यूं कहें कि दलबदल का दायरा बड़ा हो गया है। इस बदलाव का संकेत यह भी है कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल सत्ता व अन्य ताकत के स्त्रोतों के जरिये किसी भी दल में तोड़फोड़ करने में सक्षम हो जाता है। राज्य में सरकार बनाने के लिये पहले भाजपा व शिवसेना का मिलकर चुनाव लड़ना और चुनाव के बाद भाजपा से नाता तोड़कर शिवसेना का कांग्रेस, राकांपा आदि दलों के साथ सरकार बनाना, फिर शिवसेना में विद्रोह और भाजपा के साथ बागी शिवसैनिकों का सरकार में शामिल होना बताता है कि कैसे राजनेता किसी दल विशेष के खिलाफ जनता से वोट मांगते हैं और फिर सत्ता सुख के लिये उसी विरोधी राजनीतिक दल के बगलगीर हो जाते हैं। निस्संदेह, ये मतदाताओं के साथ छल ही है। वहीं दूसरी ओर राकांपा में चाचा -भतीजे की महत्वाकांक्षाओं से उपजी फूट में कहीं न कहीं परिवारवादी राजनीति का हश्र भी सामने आया है। देश में कुछ दशकों से परिवारवाद की राजनीति का जो विद्रूप चेहरा सामने आया है, यह उसकी परिणति ही है। बहरहाल,सत्ता सुख के लिये राजनीतिक विद्रूपताओं का चेहरा सबके सामने उजागर हो गया है। अब सत्ता पाना ही राजनेताओं का अंतिम उदेश्य हो गया है।

# शेयर इंडेक्स का संकेत

भारतीय शेयर बाजार ने रिकार्ड वृद्धि दर्ज किया है। बीते सोमवार को पहली बार सेंसेक्स का पैंसठ हजार के पार होना सुखद ही रहा। निफ्टी ने भी नई ऊंचाई तय की। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक नियामक वित्तीय संस्थाओं ने हाल में सकारात्मक प्रतिसाद दिया है। निस्संदेह, भारत की अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से बढ़ रही है। जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ रहा है। दरअसल, हाल के दिनों में महंगाई की दर में कुछ कमी दर्ज की गई, रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ और कच्चे तेल के दाम में कमी से बाजार को संबल मिला। जिसका असर शेयर बाजार पर भी नजर आया। कहीं न कहीं दुनिया में भी मंदी से उबरने के संकेत नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि विदेशी संस्थागत निवेशक घरेलू बाजार में निवेश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों आए आंकड़ों के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था का अधिकांश मापदंडों पर प्रदर्शन उत्साहवर्धक रहा है। जिसका प्रमाण जीएसटी संग्रह में आई तेजी है, जिसमें बारह फीसदी की बढ़ोतरी बतायी जा रही है। वहीं आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में बेहतर होने की उम्मीद है। इसकी एक वजह यह है कि देश के कई भागों में समय से पहले मानसून की आमद हुई है। पहले आशंका जतायी जा रही थी कि अल नीनो प्रभाव व हालिया चक्रवाती तूफान की वजह से मानसून की गति बाधित हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भरपूर मानसून से नई उम्मीदें जगी हैं कि खाद्यान्न उत्पादन उत्साहजनक रहेगा, जिससे निवेशकों में उत्साह पैदा हुआ है। वहीं दूसरी ओर देश में विदेशी पूंजी का प्रवाह बने रहने और घरेलू बाजार में तेजी के चलते रुपये को मजबूती मिली है। जिससे वह डॉलर के मुकाबले कुछ मजबूत हुआ। इन सभी सकारात्मक रुझानों के चलते ही शेयर बाजार झूमता नजर आ रहा है।

# तीर्थ और पर्यटन के अंतर को समझें


'मंदिर में दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों से अपील है कि वे शालीन परिधान पहनकर आएं...' यह इबारत इन दिनों राजस्थान ही नहीं देश के कई मंदिरों में लिखी हुई दिखाई देने लगी है। मंदिरों से ज्यादा यह इबारत सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। और अब वही हो रहा है जो किसी भी विषय के सोशल मीडिया पर साया होने के बाद होता है, चर्चा-परिचर्चा। एक तरफ पक्ष आ खड़ा हुआ है तो एक तरफ विपक्ष। और कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि राजस्थान में यह विषय आगामी कुछ दिनों में चुनावी मुद्दा भी बन जाए।

हाल ही, राजस्थान में उदयपुर के ऐतिहासिक जगदीश मंदिर ने इस इबारत के साथ वायरल की ऊंचाइयों को छुआ है। यह ऊंचाई तब और ऊंची हो गई जब राजस्थान का देवस्थान विभाग इसमें कूद पड़ा और इबारत को हटाने की कार्रवाई की। अब तक यह इबारत धर्म-समाज-श्रद्धालुओं तक सीमित थी, सरकारी विभाग के कूदते ही यह इबारत राजनीतिक गलियारों का हिस्सा बन गई। और चूंकि राजस्थान में कांग्रेस नीत गहलोत सरकार है, तब हिन्दूवादी संगठनों को सरकार पर सवाल उठाने का मौका मिल गया। हालांकि, आम आदमी देवस्थान विभाग पर बेसिक संजीदा सवाल उठा रहा है कि जब भगवान के भोग की व्यवस्था नहीं होती तब तो देवस्थान विभाग के कान में जूं नहीं रेंगती, इस इबारत पर अचानक कैसे स्फूर्ति आ गई।

यह इबारत इस चुनावी साल में राजस्थान में क्या गुल खिलाती है, यह तो वक्त बताएगा, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि इस इबारत को मंदिरों में लिखने की आज जरूरत क्यों आन पड़ी है। इतने सालों में तो ऐसा कुछ नहीं नजर आता था, अब ऐसा क्या हो गया। कहीं न कहीं यह क्षरण होती सनातन संस्कृति की ओर संकेत है, शायद यही कारण है कि संस्कृति संरक्षण की पहल मंदिरों में इस इबारत से शुरू हुई है।

शालीन परिधानों की बात ही करनी है तो शुरूआत घर से होनी चाहिए। हिन्दू समाज का कौन सा घर ऐसा होगा जिसमें पूजाघर न हो। बड़े-बुजुर्ग सुबह-शाम दीया तो करते ही हैं। पूजा अर्चना भी स्नान के बाद ही की जाती है। भले दो मिनट ही सही, सुबह उठकर ईश्वर स्मरण सभी करते हैं। सनातन संस्कृति में बडे-बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित होते समय भी गरिमा का ख्याल रखा जाता है, यह गरिमा सिर्फ आचरण में ही नहीं,





-कौशल मूदड़ा

> ऐसे में मंदिर जाने पर शालीन परिधानों की अपील करने की मजबूरी मन के किसी कोने को कचोटती है। अव्वल तो यह कि आज की पीढ़ी मंदिर में कदम साल में कितनी बार रखती है, और यदि शालीन परिधान नहीं हैं तो इसके मायने यह समझे जाएं कि क्या वे टाइम पास और मौज-शौक की दृष्टि से मंदिर आ रहे हैं। इसकी बानगी हाल ही केदारनाथ धाम में सामने आई और वहां के प्रबंधन को इस पर सख्त रुख अख्तियार करना पड़ा।

अपितु परिधानों में भी झलकती है।

ऐसे में मंदिर जाने पर शालीन परिधानों की अपील करने की मजबूरी मन के किसी कोने को कचोटती है। अव्वल तो यह कि आज की पीढ़ी मंदिर में कदम साल में कितनी बार रखती है, और यदि शालीन परिधान नहीं हैं तो इसके मायने यह समझे जाएं कि क्या वे टाइम पास और मौज-शौक की दृष्टि से मंदिर आ रहे हैं। इसकी बानगी हाल ही केदारनाथ धाम में सामने आई और वहां के प्रबंधन को इस पर सख्त रुख अख्तियार करना पड़ा। कुछ समय पूर्व सम्मेदशिखरजी पर भी विवाद का मूल का कारण 'गरिमा' की पालना को लेकर ही रहा।

सम्मेदशिखरजी के मामले में 'धार्मिक पर्यटन' शब्द को लेकर सवाल उठना शुरू हुआ जिस पर आज भी गंभीरता से विचार करना जरूरी है। पर्यटन एक वृहद शब्द है जिसमें देश से लेकर सात समंदर पार से आने वाले विदेशी की पसंद-नापसंद का ख्याल रखने और उससे कमाई करने का नजरिया शामिल है। यही कारण है जब धर्मस्थल के साथ धार्मिक पर्यटन का नजरिया शामिल हो जाता है तब उसके आसपास कुछ ऐसी गतिविधियां भी स्थापित होने लगती हैं जो उस धार्मिक स्थल की गरिमा के अनुरूप नहीं होतीं।

जिम्मेदारों और सरकारों को यह समझने की अत्यंत आवश्यकता है कि तीरथ और पर्यटन शब्द में भावनाओं से लेकर नजरिये तक में जमीन-आसमान का फर्क है। धर्मस्थल को तीरथ के भाव से विकसित किया जाएगा तो उसमें आस्था स्थल की पवित्रता, मयार्दा, गरिमा सर्वोपरि ही रहेगी। लेकिन, यदि वहां पर्यटन का भाव है तब पवित्रता, मयार्दा, गरिमा प्राथमिकता में नहीं नजर आती।

पर्यटकों को तो हम जानते ही हैं, सिर्फ मंदिर ही नहीं, वे तो सार्वजनिक रूप से रेलवे, बस स्टैंड, एयरपोर्ट पर भी खुलेआम लिप किस कर लेते हैं। कुछ समय पहले यह मुद्दा भी उठा था कि सार्वजनिक स्थलों पर यह भी बोर्ड लगाए जाने चाहिए कि आप जिस देश में हैं वहां की संस्कृति के अनुरूप व्यवहार करें। लेकिन, हमारे बॉलीवुड की मेहरबानी है कि पर्दे पर खुलेआम जो दिखाया जाता है, उस पर्दे पर चेतावनी बोर्ड कौन लगाए। यह हास्यास्पद नहीं है कि सिगरेट और शराब पीते हुए दृश्य दिखाते हैं, और नीचे सिर्फ एक लाइन लगाकर इतिश्री कर ली जाती है - सिगरेट-शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मेवाड़ की एक कहावत यहां उद्धृत करना उचित लगा रहा है, 'खुद खावे काकड़ी, लोगां ने दे आकड़ी'।

खैर, उदयपुर में भी जिस जगदीश मंदिर को लेकर विवाद खड़ा हुआ है, उसके मूल में तीरथ के बजाय पर्यटन है। वहां पर आसपास या शहर के लोगों के परिधानों से ज्यादा समस्या नहीं है, दरअसल वहां देसी-विदेशी पर्यटकों की रेलमपेल रहती है। ज्यादातर उन्हीं के परिधान मंदिरों की गरिमा के अनुरूप नहीं होते। सकारात्मक पहलू यह है कि मंदिर पुजारियों ने उन्हें रोकने के बजाय वहां पर भारतीय परिधान उपलब्ध कराने का निर्णय किया है और सुरक्षित चेंजिंग रूम की व्यवस्था की भी बात कही है, ताकि मंदिर में प्रवेश गरिमापूर्ण परिधान के साथ हो।

देवस्थान विभाग द्वारा जगदीश मंदिर से इस तरह की अपील के पोस्टर फाड़ने के बाद सवाल यह भी उठा है कि यह कार्रवाई की ही क्यों गई, जबकि सरकारों की जिम्मेदारी तो किसी भी आस्था स्थल की पवित्रता, मयार्दा और गरिमा के संरक्षण की है। जिस तरह पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने ताजमहल में बोर्ड लगा रखा है कि वहां जूते-चप्पल पहनकर नहीं जाया जा सकता, उसी अनुरूप मंदिर में यदि कोई इस तरह का आग्रह करता है तो क्यों अनुचित है?

सभी मत-पंथों की बात करें तो हर आस्था स्थल के अपने-अपने नियम हैं जिन्हें बताया भी जाता है और लोग पालन भी करते हैं, वह भी श्रद्धा से। गुरुद्वारे में बिना सिर ढंके कोई प्रवेश नहीं करता, भले ही वह पुरुष हो और भले ही वह अन्य मतावलम्बी ही क्यों

## खास बात

### एनसीईआरटी ने किताबों ने प्रसन्न किया

**हृदयनारायण दीक्षित**

**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने पहली व दूसरी कक्षा की पुस्तकें जारी की हैं। ये राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में तैयार की गई हैं। प्रसन्नता की बात है कि इनमें तैत्तरीय उपनिषद में वर्णित पंचकोष का उल्लेख किया गया है। तैत्तरीय उपनिषद में आनंद का समुचित विवेचन है। कहते हैं, 'चेतन से आकाश पैदा हुआ। आकाश से वायु वायु से अग्नि और अग्नि से जल का उद्भव हुआ। जल से पृथ्वी। पृथ्वी से औषधियां वनस्पतियां प्रकट हुईं।

वनस्पतियों औषधियों से अन्न और अन्न से पुरुष पैदा हुआ। यह पुरुष अन्नमय है। (तैत्तिरीय उपनिषद 2.1) यहां सृष्टि के विकासवादी सिद्धांत के संकेत है। आगे कहते हैं, 'अन्न से प्रजा उत्पन्न हुई। अन्न से जीवित रहती है और अन्न में लीन होती है। अन्न सभी प्राणियों का ज्येष्ठ है। अन्नमय शरीर के भीतर प्राणमय शरीर है।' प्राण के बारे में कहते हैं, 'प्राण ही आयु है - प्राणोहि भूतानां आयु। फिर प्राणमय शरीर के भीतर मनोमय कोष है।' मनोमय से यह प्राणमय शरीर पूर्ण है। वह प्राणमय शरीर में सर्वत्र व्याप्त है। इसके भीतर विज्ञानमय कोष है। फिर विज्ञान के गुण बताते हैं, 'विज्ञान कर्म क्षेत्र का विस्तारक है। सभी देवता ज्येष्ठ ब्रह्म की तरह विज्ञान की उपासना करते हैं।

विज्ञान ब्रह्म है। विज्ञानमय कोष के भीतर आनंदमय कोष है। प्रिय उस आनंद का सिर है। मोद दक्षिण भाग है। प्रमोद उत्तर भाग है। आनंद आत्मा है। आनंदमय कोष सुन्दर उपलब्धि है। आनंद सृष्टि का मूल तत्व है। वह सृष्टि का नियंता है। शंकराचार्य ने तैत्तिरीय उपनिषद के भाष्य में लिखा है, 'आनंद विद्या और कर्म का फल है। विद्या और कर्म भी प्रिय और आनंद के लिए ही हैं। प्रिय पदार्थ की प्राप्ति से होने वाला आनंद मोद कहलाता है। वही हर्ष प्रकट करने पर प्रमोद कहा जाता है। फिर विज्ञानमय पुरुष का वर्णन है। यह मनोमय शरीर से भी सूक्ष्म है। विज्ञानमय जीवात्मा समस्त शरीर में व्याप्त है।' गीता (13.3.22) में कहते हैं कि, 'जीवात्मा रूप क्षेत्रज्ञ शरीर रुपी क्षेत्र में सर्वत्र व्याप्त है।'

(लेखक पूर्व राज्यपाल यूपी)

# अपने आपकी समालोचना

## धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**जो कुछ हो,** होने दो। तुम्हारे बारे में जो कहा जाए, उसे कहने दो। तुम्हें ये सब बातें मृगतृष्णा के जल के समान असार लगनी चाहिए। यदि तुमने संसार का सच्चा त्याग किया है तो इन बातों से तुम्हें कैसे कष्ट पहुँच सकता है ? अपने आपकी समालोचना में कुछ भी कसर मत रखना तभी वास्तविक उन्नति होगी।प्रत्येक क्षण और अवसर का लाभ उठाओ। मार्ग लंबा है। समय वेग से निकला जा रहा है। अपने सम्पूर्ण आत्मबल के साथ कार्य में लग जाओ, लक्ष्य तक पहुँचोगे ।किसी बात के लिए भी अपने के क्षुब्ध न करो। मनुष्य में नहीं, ईश्वर में विश्वास करो। वह तुम्हें रास्ता दिखाएगा और सन्मार्ग सुझाएगा। मार्गदर्शन के लिए अपनी ही ओर देखो

साक्षात्कार सम्पन्न पुरुष न तो दूसरों को दोष लगाता है और न अपने को अधिक शक्तिमान वस्तुओं से आच्छादित होने के कारण स्थितियों की अवहेलना करता है। अहंकार से उतना ही सावधान रहो जितना एक पागल कुत्ते से। जैसे तुम विष या विषधर सर्प को नहीं छूते, उसी प्रकार सिद्धियों से अलग रहो और उन लोगों से भी जो इनका प्रतिवाद करते हैं। अपने मन और हृदय की संपूर्ण क्रियाओं को ईश्वर की ओर संचारित करो।

दूसरों का विश्वास तुम्हें अधिकाधिक असहाय और दुःखी बनाएगा। मार्गदर्शन के लिए अपनी ही ओर देखो, दूसरों की ओर नहीं ।तुम्हारी सत्यता तुम्हें दृढ़ बनाएगी। तुम्हारी दृढ़ता तुम्हें लक्ष्य तक ले जाएगी।

प्रस्तुतिः दयाल प्रसाद

**काफी** अकेला हूं !
या
अकेला काफी हूं...!

नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**- अनुपम खेर अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

गिरिडीह विधानसभा से माननीय विधायक कुमार सुदिव्य जी के पिताजी के निधन की दुःखद खबर मिली।परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**- हेमंत सोरेन**





लगातार दो साल से देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज।
पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना ने देशवासियों को भरोसा दिया है कि सरकार हर मुसीबत में उनके साथ खड़ी है।

**-अन्नपूर्णा देवी सांसद**

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### तार्किक सोच

**जब** न्यायालय में आपराधिक मामलों के निपटारे में बहुत समय लग जाता है, उसके बहुत सारे नुकसान होते हैं जैसे जिस योजना में पूंजी को निवेश किया जाना था, उसे निवेश नहीं किया जा सकता। इससे लोगों में आपराधिक प्रवृत्ति में भी वृद्धि हो जाती है। इन सबका भारत के आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ता है। इस कोण से भी सोचा जाना चाहिए।

**-कौशल, रांची**

### आपदाओं का कहर

**बाढ़** से लेकर भूस्खलन तक, मानसून से संबंधित आपदाएं हर साल एक आम घटना बन गई हैं। बेतरतीब वनों की कटाई, अवैध निर्माण, लापरवाह खनन और उत्खनन, भारी वर्षा के साथ भूस्खलन की आवृत्ति में वृद्धि हुई है। मानव-प्रेरित कारक प्राकृतिक आपदाओं के प्रमुख कारणों में से एक हैं। अब ऐसी आपदायें बढ़ती ही जा रही है।

**-आकाश कुमार, जमशेदपुर**

# अभाविप: भारतीयता को समर्पित छात्र आंदोलन का 75वां वर्ष

**आशुतोष सिंह**

भारतीयता के उदात्त विचार को समर्पित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की ऐतिहासिक संगठनात्मक यात्रा 09 जुलाई को अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। यह यात्रा 1949 में देश की स्वतंत्रता के उपरांत राष्ट्र पुनर्निर्माण तथा समर्थ व सबल युवा पीढ़ी गढ़ने का श्रेष्ठ लक्ष्य लिए आरंभ हुई थी। किसी भी संगठन के लिए 75वें वर्ष तक पहुंचना गौरवशाली, महत्वपूर्ण तथा उत्सव का अवसर होता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक यात्रा में यह अवसर ऐसे समय आया है जब देश की स्वतंत्रता का अमृतकाल चल रहा है। देश की विकास यात्रा के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की यात्रा राष्ट्र समर्पित सक्षम युवा पीढ़ी के निर्माण की रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्वरूप अपने 75वें वर्ष में विस्तृत तथा बहुआयामी हो गया है। पिछले सत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कुल सदस्यता 45 लाख से अधिक रही है तथा देशभर में 21 हजार से अधिक स्थानों पर अभाविप की इकाइयां व संपर्क स्थान हैं। यह केवल एक आंकड़ा मात्र नहीं है बल्कि यह विद्यार्थी परिषद के अखिल भारतीय स्वरूप को स्पष्टतया सामने लाने के साथ वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े छात्र संगठन होने की बात को सिद्ध करता है। विगत 74 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र के विविध विषयों पर कार्यरत अभाविप की सकारात्मक शक्ति ने भारतीय शैक्षणिक परिसरों से राजनीति, सिनेमा, मीडिया, व्यापार,शिक्षा, प्रशासन आदि क्षेत्रों को प्रभावशाली युवा नेतृत्व

## संगठन

दिया है। इन विविध क्षेत्रों में आज कई ऐसी नामचीन हस्तियां हैं जो अपने विद्यार्थी जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सक्रिय रूप से संबद्ध रही हैं।

देश में आपातकाल जैसे बड़े संकट के विरुद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका व योगदान के साथ-साथ लघु स्तर से लेकर वृहद स्तरीय ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में देश के युवा वर्ग ने सकारात्मक परिवर्तन निमित्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रहे व वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर अभाविप के संकल्प निमित्त लिखते हैं- 'भारत हमारी मां है, हम पुत्र की भांति सभी देशवासियों की सेवा करेंगे, इस संकल्प के साथ विद्यार्थी परिषद की स्थापना हुई थी। ... विद्यार्थी परिषद का कार्यक्षेत्र भले ही शैक्षिक परिसर अर्थात कैंपस है, परंतु विचार का क्षेत्र शिक्षा से आगे बढ़कर देशहित के हर मुद्दे के साथ भी संबद्ध है।'

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की यात्रा भारतीय मूल्यों से अनुप्राणित राष्ट्रप्रेमी युवाओं की समर्थ पीढ़ी के निर्माण की यात्रा रही है। कोरोना महामारी के दौरान जब देश पर संकट था तब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में अनेक युवाओं ने लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। यह हाल का उदाहरण है। ऐसे कितने ही अवसर रहे हैं जब देश में अभाविप के नेतृत्व में युवाओं का समूह विभिन्न समस्याओं के समाधान के निमित्त सबसे पहले आगे आया। वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हितधारक के रूप में अपनी भूमिका निर्वहन कर रही है, जिससे देश के शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आ सके। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विभिन्न शाखाएं पर्यावरण, सेवा,खेल आदि क्षेत्रों में भी कार्यरत हैं तथा युवाओं को इन विषयों से संबद्ध कर समाज में सार्थक परिवर्तन लाने का कार्य कर रही हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सतत नवीन विषयों तथा क्षेत्रों से अपनी यात्रा को संबद्ध किया है। इस कारण 75वें वर्ष में पहुंची।

# आइसीडब्लूएआई: देश का सर्वोच्च वित्तीय शिक्षा देने वाला संस्थान



**अजयदीप बाधवा**

**कॉस्ट अकाउंटेंसी,** एक परिचय भारत सरकार के विशेष अधिनियम के तहत बने दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया भारत में कॉस्ट और मैनेजमेंट अकाउंटिंग की शिक्षा और इसके प्रोफेशन की देखभाल करता है। इस इंस्टीट्यूट का मुख्यालय कोलकाता में और एक महत्वपूर्ण कार्यालय दिल्ली में है। इसके अलावा इस इंस्टीट्यूट के मुंबई और चेन्नई में क्षेत्रीय कार्यालय और भारत के विभिन्न शहरों में चैप्टर हैं। कॉस्ट अकाउंटेंट्स का मुख्य कार्य किसी भी वस्तु को बनाने और / या सेवा को प्रदान करने में लगने वाली लागत का अध्ययन करने और उसका विश्लेषण कर के निमार्ता या आपूर्तिकर्ता को यह बताना है कि किस स्थान पर वह अनावश्यक व्यय कर रहा है और उस अनावश्यक व्यय को किस तरह से रोका जाए। कॉस्ट अकाउंटेंट्स, जिन्हे कॉस्ट एवम मेनेजमेंट अकाउंटेंट्स भी कहा जाता है, ऐसा कर के न सिर्फ कंपनियों का लाभ बढ़ाते हैं बल्कि लागत को कम कर के उत्पादों या सेवाओं का मूल्य भी कम करने में सहायता करते हैं। साथ ही उत्पादन में लगने वाले देश के बहुमूल्य संसाधनों की बरबादी को भी रोकने में सहायक सिद्ध होते हैं। आज अगर भारत सरकार ₹आत्मनिर्भर भारत₹ और ₹मेक इन इंडिया₹ के सपने को पूरा करना चाहती है तो इसमें कॉस्ट

## संस्थान




अकाउंटेंट्स सबसे ज्यादा मदद कर सकते हैं; क्योंकि वे ही उत्पादन लागत को कम करवा कर उनके मूल्यों में कमी करवा सकते हैं ताकि भारत का हर व्यक्ति की क्रय क्षमता के अंदर वह उत्पाद या सेवा आ जाए और भारतीय ज्यादा से ज्यादा उनका उपयोग कर पाएं और विदेशी उत्पादों पर हमारी निर्भरता कम हो। कॉस्ट अकाउंटेंसी का कोर्स करने के लिए विद्यार्थियों को इस इंस्टीट्यूट में दाखिला लेना पड़ता है। कॉस्ट अकाउंटेंसी का कोर्स मुख्य रूप से दो भागों में विभक्त है, इंटरमीडिएट और फाइनल। पर अगर दाखिला लेने वाला विद्यार्थी ग्रेजुएट नहीं है तो उसे एक फाउंडेशन की परीक्षा भी देनी पड़ती है, जिसे हम एडमिशन एग्जाम भी कह सकते हैं। कॉस्ट अकाउटेंसी के कोर्स में विद्यार्थियों को मुख्यता लेखा लागत, वित लेखांकन, आय कर, जीएसटी, प्रबंधन, मैनेजमेंट एकाउंटेंसी आदि विषय पड़ने पड़ते हैं। साथ ही उसे कोर्स के दौरान कंप्यूटर प्रशिक्षण और किसी कॉस्ट अकाउंटेंट या कंपनी आदि में कम से कम डेढ़ वर्ष का कार्य प्रशिक्षण भी लेना पड़ता है। इस पूरे कोर्स को करने में तीन वर्ष लगते हैं और कुल लागत अधिकतम 75000 रुपए तक की ही आती है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कॉस्ट अकाउंटेंट बन जाते हैं जिसकी कंपनियों में बेहद ज्यादा मांग है। नौकरी के अलावा कॉस्ट अकाउंटेंट कॉस्ट ऑडिट, आय कर, जीएसटी, बैंकिंग, बीमा, निवेश आदि के क्षेत्र में अपना व्यवसाय भी कर सकते हैं। (कॉस्ट अकाउंटेंट, वितीय सलाहकार)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### प्रदीप रजक से मिले खीरू महतो



गिद्दी । राज्यसभा सांसद खीरू महतो युवा जदयू के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक के अस्वस्थ होने की सूचना पर उनके रेलीगढ़ा आवास पर पहुंचकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सांसद का पुष्प गुच्छ देकर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। साथ ही सांसद खीरू महतो द्वारा भी प्रदीप रजक को पुष्प गुच्छ देकर हालचाल जानते हुए स्वास्थ्य की जानकारी हमेशा देने की बात कही। उनके आवास पर सांसद खीरू महतो एक घंटा रुके। सांसद के द्वारा उसके बाद कार्यकताओं के साथ सांगठनिक स्थिति पर चर्चा भी की। राज्यसभा सांसद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में एकता बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं को विधानसभा स्तर पर जोरशोर से लग जाने के लिए निर्देश दिया और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पंचायत और बूथ स्तर पर तैयारी करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर संजय राम, देनेश्वर महतो, दिनेश महतो,महेंद्र तुरी,श्रवण कुमार, अमित राम,सुबीर झा, छोटू कुमार, नरेश,शशि,बजरंग, मासस नेता धनेश्वर तुरी मौजूद थे।

### मंच ने गरीबों को कराया भोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया। डब्लू सिंह बताया कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है जो निरंतर जारी रहेगा। श्री सिंह ऐसे नेक और सामाजिक कार्यो में सबों को तन मन धन से सहयोग करने की अपील की।

### दुकानदार को पप्पू सिंह ने की मदद



भुरकुंडा (रामगढ़)। मेनरोड भुरकुंडा स्थित झोपड़ीनुमा दुकान को सीसीएल सुरक्षा विभाग द्वारा तोड़े जाने के बाद दोनो दुकानदारों में काफी मायूषी छाई गई है। सूचना के बाद रविवार को दोनों से मिलने समाजसेवी पप्पू सिंह मेनरोड भुरकुंडा स्थित उनके ठेले की दुकान पर पहुंचे। जहां पप्पू सिंह ने पीड़ित मथुरा केसरी और कृष्णा राम से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। साथ ही दोनो का आर्थिक सहयोग की राशि देते हुए आगे भी हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब भी जरूरत पड़े बेहिचक मुझे जानकारी दें आगे भी हर संभव सहयोग राशि दूंगा।

### गरीबों की सेवा बड़ा धर्म : दिवाकर



रजरप्पा। चितरपुर पूर्वी पंचायत स्थित नायक टोला में दिवंगत चैतू नायक के श्राद्धकर्म में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के सौजन्य से उनके परिवार को सहयोग राशि दिया गया। राशि वितरण आजसू प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक एवं कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्वी मुखिया भानुप्रकाश महतो ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्ष ने कहा कि गरीबों की सेवा ही नारायण सेवा है। गरीबों और असहायों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। इंसानियत के नाते हर किसी को समाज के निचले तबके की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। मौके पर सत्येंद्र नायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### लपंगा में खुला ग्राहक सेवा केंद्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। लपंगा पंचायत के पाली रोड में ग्राहक सेवा केंद्र का रविवार को शुभारंभ हुआ। केंद्र का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंदीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया। मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा की ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से स्थानीय ग्रामीणों को विभिन्न सुविधा का लाभ लेने के लिए दूर दराज नही जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के लिए यह ग्राहक सेवा केंद्र काफी लाभदायक सिद्ध होगा। श्री चौधरी ने कहा कि केंद्र पर बैंक से संबंधित कार्य की भी सुविधा पूरी सुविधा मिलेगी। मौके पर केंद्र के संचालक अरविंद कुमार ने कहा की इस केंद्र में निर्धारित सरकारी दर पर ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। ग्राहकों की संतुष्टि ही इस केंद्र की पहचान होगी। मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष बिंदेश बेदिया, पूर्व मुखिया जगदीश बेदिया, आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, पंसस प्रतिनिधि गोलू कुमार, उपमुखिया संजय बेदिया, मोती महतो, प्रकाश बेदिया, लखन महतो, बालेश्वर बेदिया, अब्दुल अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

आस्था या अंधविश्वास

### श्रद्धालुओं ने शिव को पिलाया दूध



रामगढ़। रविवार को शिवालयों में भगवान शंकर द्वरा जल ओर दूध ग्रहण करने की खबर फैली। जिसके बाद शिव मंदिरों में भगवान शंकर, माता पार्वती व नंदी को जल और दूध पिलाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खबर के फैलते ही राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार स्थित शिवालय में भगवान शंकर, माता पार्वती एवं नंदी को श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से जल और दूध पिलाया। वहीं, इस नजारे को देखकर श्रद्धालु खुश और उत्साहित दिखे। श्रद्धालुओं ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद ऐसा समय आता है जब भगवान शंकर जल और दूध ग्रहण करते हैं।

# हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष बने अजमेरा

## कहा- खेल के प्रति सभी को करेंगे जागरूक

खबर मन्त्र हजारीबाग



हजारीबाग। हजारीबाग ओलंपिक संघ की बैठक रविवार को डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित पुराने जिला परिषद कार्यालय के समक्ष हुई, जिसमें हजारीबाग ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों के द्वारा शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को फूलों का गुलदस्ता एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिसके बाद उपस्थित लोगों ने ओलंपिक संघ को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रुप से 15 दिनों के अंदर में झारखंड ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल में सफल हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। अजमेरा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं खेल के प्रति हर वक्त और हर समय सजग रहता हूं। स्थानीय खिलाड़ियों को शहर में खेलने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण तथा स्थल को दिलाना मेरा सबसे पहला कर्तव्य होगा। साथ ही कहा कि हजारीबाग ओलंपिक संघ को पूरे राज्य भर में एक पहचान दिलाना है। साथ ही कहा कि विश्व ओलंपिक दिवस को हजारीबाग में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा जिसमें राज्य भर के तमाम खिलाड़ी अपने शहर उपस्थित होंगे। साथ ही कहा की खेल के प्रति सभी को जागरूक करना मेरा लक्ष्य होगा। संघ के वरीय उपाध्यक्ष भैया मुरारी सिन्हा ने कहा कि आप जैसे व्यक्ति ओलंपिक संघ से जुड़े, ये हमारा सौभाग्य है। ओलंपिक संघ के सचिव सीएस दास ने कहा कि अजमेरा के नेतृत्व में ओलंपिक संघ पूरे राज्य में एक अलग पहचान बना सकेगी। मौके पर कोषाध्यक्ष अजीत कुमार साहू, सह सचिव हेमंत कुमार, मनोज कुमार,मनन विश्वकर्मा, बहादुर राम, राहुल सहित कई उपस्थित थे।

# ग्रामीण अपनी समस्याएं बतायें निदान करायेंगे : जायसवाल

## सदर विधायक ने जमुआरी में लगायी चौपाल

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। सदर विधायक मनीष जायसवाल रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग के कुसुम्भा पंचायत स्थित ग्राम जमुआरी पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और समस्या निराकरण की दिशा में सकारात्मक पहल करने का उन्हें भरोसा जताया। विधायक मनीष जायसवाल का पारंपारिक तरीके से स्वागत किया गया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने एक स्वर में गांव की मूलभूत समस्या से उन्हें अवगत कराते हुए पेयजल, सड़क, पुलिया और बिजली की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के पश्चात जवाब देते हुए कहा कि आप अपनी समस्याएं इंगित कराएं समाधान हम कराएंगे। ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी समस्याएं गंभीर है और इसके निराकरण की दिशा में हम जल्दी सकारात्मक पहल करेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कुसुम्भा पंचायत के पूर्व मुखिया गणेश तुरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश यादव, राजू यादव, मुकेश यादव, महेंद्र यादव, निरंजन यादव, जयपाल हंस, पत्रस नाग, हेंरी हंस, फादर नवीन, अभिषेक यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

**लाखे के निर्माणाधीन काली मंदिर किया निरीक्षण :** सदर प्रखंड क्षेत्र के लाखे अवस्थित छठ घाट मैदान परिसर में मुफ्फसिल थाना भवन के सामने नवनिर्माणाधीन काली मंदिर प्रांगण में रविवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल पंहुचे। यहां पंहुचने पर विधायक मनीष जायसवाल का स्थानीय मंदिर निर्माण समिति ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। नवनिर्मित मंदिर में मां काली की आदमकद प्रतिमा का निर्माण स्थानीय मूर्तिकार बंटी प्रजापति द्वारा किया जा चुका है। नवनिमार्णाधीन मंदिर का निरीक्षण करने के पश्चात विधायक ने आसपास के लाखे न्यू कॉलोनी के कच्चे पथों का भी स्थानीय लोगों से जायजा लिया। स्थानीय मुहल्ला के विकास को लेकर भी विधायक मनीष जायसवाल ने स्थानीय लोगों से सकारात्मक चर्चा- परिचर्चा किया ।

मौके पर विशेषरूप से सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, मंदिर निर्माण समिति से जुड़े दिलचंद गुप्ता, राजकुमार साव, मोहन रजक, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राजद युवा के प्रदेश सचिव बने संजय



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी निवासी संजय यादव को झारखंड प्रदेश युवा राजद का प्रदेश महासचिव मनोनित किया गया है। युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने संजय यादव को प्रदेश महासचिव का मनोनयन पत्र देते हुए आशा व्यक्त किया है कि ये पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे। इधर मनोनयन के बाद झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव संजय यादव ने कहा कि संगठन ने मुझे जिस विश्वास के साथ इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन की मजबूती के लिए काम करूंगा। श्री यादव ने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर संगठन में ज्यादा से ज्यादा नए लोगों जोड़ेंगे। संजय यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, संजय सिंह यादव, सुभाष यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, झारखंड युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार के प्रति आभार प्रकट किया है।

# सुधीर राणा भाजपा में शामिल

## एक साथ हो सकता है लोकसभा व विधानसभा चुनाव, बूथों पर सक्रिय रहें कार्यकर्ता : दीपक

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। बरही पटना रोड निवासी कांग्रेस एवं वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला के सक्रिय कार्यकर्ता सुधीर राणा ने सोमवार को भाजपा के एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल होकर भाजपा का दामन थामा। बता दे कि पूर्व विधायक मनोज कुमार की अगुवाई में सुधीर राणा ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। सुधीर राणा के भाजपा में शामिल होने पर उनके समर्थन में कई लोगो को और भी भाजपा में शामिल होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। जिसे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दीपक प्रकाश, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक यादव, उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से फूल माला से स्वागत करते हुए भगवा गमछा ओढ़ाकर भाजपा का सदस्यता ग्रहण कराया।

भाजपा बरही विधानसभा स्तरीय संगठन पदाधिकारियों का एक दिवसीय बैठक स्टेशन रोड स्थित होटल ए.के. पैलेस में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दीपक प्रकाश उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी, योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर उपस्थित रहें। दीपक प्रकाश ने कहा कि 2024 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव सम्भवतः एक साथ होगी। इसे देखते हुए सभी कार्यकताओं को अपने बूथों पर सक्रिय रहने का निर्देश दिया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का सर्वांगीण विकास हो रहा है। भौगोलिक या प्रशासनिक रूप से देश विकास की राह पर अग्रसर है। कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं सेवा भाव से धरातल पर उतारने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रमेश ठाकुर, शैलेन्द्र सिन्हा, विवेकानंद सिंह, दामोदर सिंह, विकास सिंह, अनिल मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतारियार, अर्जुन साव, मीडिया प्रभारी रौशन कुमार, गणेश यादव, अम्बिका सिंह, मुकुंद साव, डोमन पाण्डेय, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, बंधन यादव, मुकेश सिन्हा, बाबूलाल मेहता, द्वारिका राणा, राजेन्द्र चंद्रवंशी, पंकज वर्णवाल, मनोज साव, महामंत्री सहित बरही विधानसभा के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विधानसभा की आश्वासन समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक



रामगढ़। झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति ने रविवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा, विधायक वैद्यनाथ राम एवं अंबा प्रसाद ने समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान सभापति एवं सदस्यों द्वारा आश्वासन समिति के समक्ष रामगढ़ जिले से संबंधित मामलों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान उनके द्वारा राजस्व व भूमि निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग एवं रामगढ़ जिले में प्रदूषण नियंत्रण संबंधित मामलों पर विधानसभा में दिए गए आश्वासन के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभापति एवं सदस्यों द्वारा रामगढ़ जिले में चल रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर जिले के अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद ने उनके क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य मामलों को बैठक में समिति के समक्ष रखा । जिस पर सभापति व सदस्य द्वारा संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# 11 विभागों को मिला एनकास सर्टिफिकेशन

खबर मन्त्र संवाददाता




रामगढ़। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत सदर अस्पताल रामगढ़ को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनकास) कार्यक्रम अंतर्गत क्वालिटी सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है। अस्पताल के लेबर रूम एवं मैटरनिटी ओटी को एनकास के साथ साथ लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत भी क्वालिटी सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है। सदर अस्पताल रामगढ़ के 11 विभागों जिनमें ओपीडी, लैब, एनआरसी, फार्मेसी, मेटरनिटी वार्ड, रेडियोलॉजी, स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट, ब्लड बैंक, मोर्चरी व जनरल एडमिन आदि को क्वालिटी सर्टिफिकेशन में 86% अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं, लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत सदर अस्पताल रामगढ़ के लेबर रूम को 92% एवं मैटरनिटी ओटी को 90% अंक प्राप्त हुए हैं। इसके लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम एवं सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी है। उपायुक्त ने कहा है कि जिला प्रशासन रामगढ़ का यह प्रयास है कि सदर अस्पताल के माध्यम से जिले वासियों को सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मिले एवं आकस्मिक परिस्थितियों में अस्पताल जिले वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरे।

**उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग व जिला वासियों को दी बधाई**

**क्या है एनकास सर्टिफिकेशन :** अस्पतालों के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनकास) का हर साल असेसमेंट किया जाता है। इसमें अलग-अलग प्वाइंट्स पर जांच की जाती है। पिछले साल की तुलना में संकेतकों में शामिल सुविधाओं में क्या सुधार किया गया है और कितना विस्तार किया गया है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण कार्यप्रणाली को भी देखा जाता है। मरीजों और परिजनों से भी फीडबैक लिया गया है। अपशिष्ट प्रबंधन, मरीजों की समस्याओं के निराकरण को शामिल किया है।

## एक नजर में

### खदान में डूबी बच्ची का नहीं मिला शव



चरही। बीते दिन चरही थाना क्षेत्र के 42 नंबर खदान में स्नान करने के क्रम में बच्ची संजना कुमारी की पैर फिसल गया था।जिस कारण गहरी पानी में डूब गई।और उसकी मौत हो गई।कुछ ग्रामीणों ने बच्ची को गहरे पानी से बाहर निकालने के लिए जाल का प्रयोग किया गया था।लेकिन बच्ची को बाहर निकालने में लोग असफल रहे।जिसको लेकर रविवार को ग्रामीण महिला-पुरुष एक जुट होकर सुबह 9.30 बजे से 12 बजे तक चरही-घाटो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक महेंद्र प्रसाद सिंह दलबल के साथ जाम स्थल पहुंचे।ग्रामीणों को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया।लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे।ग्रामीण की मांग थी कि गहरे पानी से बच्ची को तत्काल निकाला जाए।तभी जाम को हटाया जाएगा।श्री सिंह ने इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे और उपायुक्त नैंसी सहाय को दिया गया।दोनों अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एनडीआरएफ के अधिकारियों से संपर्क किया।टीम के सदस्यों को पहुंचते ही ग्रामीण जाम को हटा लिया।

### 400 लीटर स्प्रिट और खाली बोतल जब्त



चौपारण। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि चौपारण थाना अन्तर्गत ग्राम नेवरी करमा के जंगल में अवैध रुप से नकली अंग्रेजी शराब बनाने के लिए खाली बोतल, ढक्कन, रेपर एवं स्प्रीट को जंगल में बने करकट के घर में छुपा कर रखा गया है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त टीम में पुलिस निरीक्षक बरही अंचल जगलाल मुंडा, थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर चौपारण के साथ चौपारण थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल तथा वन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। गठित टीम द्वारा उक्त स्थल पर जाकर छापामारी की। छापामारी में जंगल में बने करकट के घर से भारी मात्रा में अवैध रूप से रखा स्प्रीट, खाली बोतल, ढक्कन तथा खाली कार्टुन बरामद किया गया।

### अग्रवाल महिला मंडल का सावन मेला



हजारीबाग। अग्रसेन भवन में अग्रवाल महिला मंडल का सावन मेला 10:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक हुआ। अध्यक्ष शशि अग्रवाल, उपाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, सचिव शोभा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल वह सभी पदाधिकारियों के द्वारा यह सफल सावन मेला आयोजन हो रहा है। इस मेले में सभी को आमंत्रित किया गया है ।तरह-तरह के स्टॉल सावन मेले में लगे हैं , चाहे वो कपड़ों का हो ज्वेलरी का हो, खाने पीने का हो, बच्चों का खेल का हो , चाहे सेल्फी प्वाइंट हो , सावन का महीना है तो राखी भी कुछ हटकर के यहां मिल रही है। खाने-पीने का भी सभी लुफ्त उठा रहे हैं। पूरी अग्रवाल महिला मंडल ने सभी को विशेष धन्यवाद दिया यहां आने के लिए ।सभी आए हुए लोग इसका आनंद उठा रहे हैं। लोगों में काफी उत्साह और उमंग है। हर साल यह मेला लगता है लेकिन इस बार कुछ विशेष है , रांची से भी लोग आए हुए हैं और यहां अपना स्टॉल लगाए हैं उन्होंने भी अग्रवाल महिला मंडल को धन्यवाद दिया कि उन्होंने इनको मंच दिया।

### प्रगतिशील मगही समाज की बैठक संपन्न

इचाक। प्रगतिशील मगही समाज की बैठक संपन्न । बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रघुनंदन प्रसाद मेहता ने किया और मंच संचालन शिव शंकर प्रसाद ने किया ।बैठक में इचाक प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया और साथ ही साथ संगठन का विस्तार भी किया गया प्रखंड सचिव अयोध्या प्रसाद मेहता को बनाया गया संगठन सचिव मिथिलेश कुमार वित्त सचिव भुलेश्वर मेहता 1 पंच शाखा सचिव प्रकाश मेहता ऑफिस सेक्रेट्री नेमीचंद मेहता को बनाया गया ।केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्राउटिस्ट सर्व समाज के तत्वधान में भारतवर्ष के 44 जन गोष्ठी आधारित समाज के लोग धरना में भाग लेंगे । राज्य का बंटवारा राजनीतिक षड्यंत्र के तहत किया गया है इसके विरोध में धरना दिया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए युवा सचिव मनोज मेहता ने कहा कि कृषि को उद्योग का दर्जा दिलाने के लिए आगामी 25 सितंबर 2023 को जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसके लिए इचाक प्रखंड के लोगों से आह्वान किया कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में धरना में भाग लेकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का काम करें ।

### ओकनी में युवती का मिला शव

हजारीबाग। लोहसिग्नाथाना अंतर्गत ओकनी निवासी काली प्रसाद केशरी की बेटी डॉली कुमारी का शव चानो स्थित कुआं से मिला। कुछ लोगों के द्वारा घरवालों को सूचना दी गई। बॉडी को पोस्टमार्टम हेतु सेख भिखारी हॉस्पिटल लाया गया है जहां पोस्टमार्टम कर परिजनों को बॉडी सौंपी दी जाएगी। कुछ लोगों ने यह भी बताया था उसकी शादी भी तकरीबन कई साल पहले हुई थी कुछ घरेलू मसालों के कारण नई हर में ही रह रही थी।

### जालौंद में खुंखड़ी खाने से तीन बीमार

इचाक। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़की जलौन्ध के तीन लोग खुंखड़ी खाने से बीमार हुए। घटना का सूचना पाते ही ग्रामीण अनीश कुमार सिंह ने आनन फानन में तीनो की स्थिति देखकर सदर अस्पताल हजारीबाग में भर्ती करवाया ।तीनो का नाम रेखा देवी पति बबलू राम उम्र 42 साल, विकाश कुमार उम्र 25 साल और अमन कुमार उम्र 18 साल है। अमन कुमार से पूछे जाने पर बताया कि पिछले कई सालों से जिस जगह से खाने के लिए खुंखड़ी ले आता था, इस बार भी खाने वाला खुखड़ी वही जगह से लाया लेकिन खुखड़ी खाने के बाद बीमार पड़ गए। खाने के कुछ ही देर बाद में उल्टी होने लगी और चक्कर आने लगा। तबीयत खराब होने की स्थिति को देखकर अनीश कुमार सिंह ने सदर अस्पताल में एडमिट करवाया ।स्लाइन दिया जा रहा है ।तीनों की स्थिति अभी सामान्य बनी हुई है।

### खुले पड़े कुएं को बीडीओ ने भरवाया

बरही। संभावित दुर्घटना को देखते हुए धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद स्थानीय प्रशासन एवं एनएचएआई को को करियातपुर बाजार में स्थित खुले कुवां के सम्बंध में आगाह किया था।कि भविष्य में उक्त कुवां के कारण किसी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।इस बाबत स्थानीय प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए करियातपुर एनएच-2 से सटा 20 मीटर की दूरी पर एक खुला कुआं को बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने तत्काल पहल करते हुए उक्त कुएं को डंफर गाड़ी द्वारा मिट्टी से भरवाने का कार्य किया। बतातें चले कि पिछले कुछ दिनों पूर्व पदमा के एक सड़क किनारे इसी प्रकार स्थित कुआं में एक बुलेट एवं एक कार गिर जाने से छः लोगो को अपनी जान गवानी पड़ी थी।

### द होप अस्पताल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

कुजू। रांची रोड स्थित द होप हॉस्पिटल के तत्वावधान में करमा पंचायत भवन परिसर में रविवार को निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ शरद जैन, डॉ सौम्या जैन, डॉ अंजू कुमारी, डॉ सतीश शर्मा, डॉ पंकज, डॉ सपन कुमार एवं डॉक्टर रंजन कुमार शामिल हुए। चिकित्सकों द्वारा शिविर में आए करीब 400 मरीजों का जांच कर निःशुल्क दवा और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। मौके पर हॉस्पिटल के प्रबंधक ने बताया कि शिविर का उद्देश्य रामगढ़ एवं आस पास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

### गुमला शहर में फिर तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित, वित्त मंत्री के निर्देश का भी नहीं हुआ असर

# जिला बीस सूत्री सदस्य रमेश कुमार ने कहा- उग्र आंदोलन से ही होगा समाधान

### आये दिन गुमला शहर में जलापूर्ति रहती है बाधित, कई समस्याएं बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला में जलापूर्ति बंद होने के कई बहाने है। कभी मोटर में खराबी, कभी पाईपलाइन के क्षतिग्रस्त होने, तो कभी इंटक वेल में बालू भर जाने के कारण आए दिन जलापूर्ति बाधित हो रही है। पिछले दो-तीन दिनों से गुमला शहर में फिर से पेयजलापूर्ति बाधित हो गई है। इसके पीछे बिजली की कटौती को कारण बताया गया है। पेयजल आपूर्ति करने वाले संवेदक कुमार संदीप ने बताया कि दो-तीन दिन से रात के समय बिजली की कटौती कर दी जा रही है, जो सुबह में बहाल की जाती है। जिस कारण पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है और सप्लाई बाधित हो गई है। नियमित बिजली मिलने पर ही जलापूर्ति संभव हो सकेगी। मालूम हो कि गत तीन जुलाई को वित्त मंत्री सह जिला 20 सूत्री के अध्यक्ष डॉक्टर रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में तमाम अधिकारियों की मौजूदगी में 20 सूत्री की बैठक हुई थी। जिसमें पेयजल और बिजली का मुद्दा छाया हुआ था। बिजली की स्थिति सुधारने के अलावे पेयजलापूर्ति नियमित रूप से बहाल हो सके इसके लिए मोटर की खरीदारी का भी निर्णय हुआ था। किंतु पुनः बिजली और पानी की चरमराई व्यवस्था मंत्री और अधिकारियों के निर्देश को मुंह चिढ़ाने के लिए काफी है। इधर 20 सूत्री के सदस्य रमेश कुमार चीनी ने इसपर नाराजगी प्रकट की है। कहा है कि जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी भी जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। अब सब्र का इम्तिहान न लें। अन्यथा उग्र आंदोलन की बदौलत ही जनता अपनी जरूरतों की पूर्ति करवाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली और पीएचईडी विभाग को किसी का डर नहीं है। बताया जाता है कि पीएचईडी के अभियंता की पहुंच उपर तक है। इसलिए वे उपायुक्त की भी नहीं सुनते और न ही कोई प्रशासनिक बैठक में शामिल होते है। अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम जनता भुगत रही है। कांग्रेस की महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा का कहना है कि विभागीय खामियों को दूर करना विभाग का काम है। जनता को सुविधा मिलनी चाहिए। पानी और बिजली पर जनता आश्रित रहती है। यदि मामूली सुविधाएं भी प्रशासन उन्हें नहीं दिला पा रही है, तो बंद कमरे में बैठकर गुमला के विकास की परिकल्पना करना गलत है। इससे स्पष्ट होता है कि विकास के नाम पर सिर्फ लूट की योजना बनाने में प्रशासन मस्त है।

## भक्तों के लिए शिव कृपा पाने का सर्वोत्तम महीना सावन : बलराम साहू

### पिछले 20 वर्षों से कांवर यात्रा का किया जा रहा आयोजन



पूजा अर्चना करते डीसी, एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** महाकाल क्लब के तत्वधान में रविवार को विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। महाकाल क्लब चंद्रशेखर आजाद चौक, तेतरतर के संरक्षक बलराम कुमार के नेतृत्व में विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, संरक्षक सह पूर्व डिप्टी चेयरमैन बलराम कुमार ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर कांवर यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर डीसी और एसपी ने कहा की भगवान शिव सभी भक्तो की मनोकामना पूर्ण करे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**गुमला।** रोटरी क्लब ऑफ गुमला एवं इनरव्हील क्लब ऑफ गुमला के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन रोटरी भवन पालकोट रोड गुमला में किया गया। रक्तदान शिविर में 10 यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया। इनरव्हील की सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर ने कहा कि गुमला ब्लड बैंक में ब्लड की कोई कमी नहीं है। स्वेच्छा से रोटरी एवं इनरव्हील सरीखे संस्थाएं इस कार्यक्रम में अपना योगदान कर रही हैं। यह एक सराहनीय प्रयास है। डॉक्टर के सिंह ने कहा रक्तदान अत्यंत पुण्य का कार्य है और जो लोग स्वस्थ हैं उन्हें स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए।

## जिला पेंशनर समाज की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल पेंशनर समाज के पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक समाज के जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले के पेंशनरों के समक्ष आये दिन आने वाली कठिनाइयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। तेजपाल राम द्वारा पेंशनरों को सुझाव दिया गया कि यदि किसी पेंशनभोगी अथवा पारिवारिक पेंशनधारी की मृत्यु हो जाती है तो ऐसी परिस्थिति में मृतक के परिजन तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ आवेदन संबंधित बैंक शाखा को दे दें।

## भाजपाइयों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



जनसंपर्क अभियान चलाते भाजपाई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** भारतीय जनता पार्टी, संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकताओं ने बूथ अध्यक्ष वासुदेव उराँव की नेतृत्व में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 81 एवं 82, ग्राम भैसमुंदो में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यकताओं ने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए समर्थन की अपील की। इस अवसर पर जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, घर घर नल जल योजना, सबो को निशुल्क कोविड-19 टीकाकरण, परिवार के हर लोगों का बैंकों में खाता, किसान सम्मान निधि योजना, निशुल्क अन्न, खाद्यान्न, चावल गेहूं उपलब्ध कराना, महिला सम्मान निधि के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर एवं चूल्हा उपलब्ध कराना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। आज के इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, कांति देवी, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह ,करमचंद महतो, अभय महतो, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी, पुष्पा देवी, बाली देवी, लीलावती देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## मजदूरों को उनका हक दिलाना इंटक का लक्ष्य : अमित साहु

**गुमला।** इंटक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमित कुमार साहु ने कहा है कि मजदूरों को उनका अधिकार दिलाना है इंटक का लक्ष्य है। इंटक जिले के मजदूरों के हित में कार्य करने को तैयार हैं। मजदूर संगठित हो और अपनी समस्या से अवगत करायें उसके समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। श्री साहु रविवार को स्थानीय परिसदन में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमूचू के द्वारा उन्हें पद से हटा दिया गया था। जिससे जिला अध्यक्ष काफी आहत हुए थे उन्होंने अपनी बात से राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराया। शुक्रवार को धनबाद में राज्य स्तरीय इंटक की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ददई दुबे के द्वारा पुनः अमित कुमार साहू को इंटक का गुमला जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। हाईकमान के द्वारा जो पुनः मुझपर भरोसा जताया गया है मैं उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। फिर से जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर श्री साहु का स्वागत किया।

## स्वास्थ्य जांच शिविर लगातार 56वें सप्ताह आयोजित



स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 56वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है जरूरतमंदों का सेवा करना ही ईश्वर के सेवा करने के बराबर है,और साथ ही यह भी कहा कि अपने सामर्थ के अनुसार जरूरतमंदों की सेवा करके देखें आपको अपने मन को काफी संतुष्टि की अनुभूति महसूस होगी। इस मौके पर शशि भूषण सिंह, गोपाल सिंह, प्रदीप साहू, अमित बंका आदि मौजूद थे।

## न्यू पठारी झारखंड ट्रक एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** न्यू पठारी झारखंड ट्रक एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं चंदवा के सभी ट्रक मालिक से एक महत्वपूर्ण बैठक होटल तनीशक में हुई।बैठक में यह निर्णय लिया गया की जो भी गाड़ियां गुरदरी, सेरेंगदाग, भैंसबथान एवं जालिम माइंस में चलती है वे सभी ऑनर एकमत से यही निर्णय लिया है कि पिछले जो भी एसोसिएशन था इन 15 सालों में कभी भी चुनाव नहीं करवा कर अपने मनमाने तरीके से एसोसिएशन को चला रहे थे और अभी भी मनमाने तरीके से कंपनी के इशारे में काम कर रहे हैं। जिससे कि ट्रकों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। चंदवा के सभी ट्रक मालिक की मंशा है की चुनाव जल्द से जल्द हो जिससे कि सकारात्मक माहौल बन सके और गाड़ी का परिचालन स्वस्थ रुप से हो। बैठक में मुख्य रूप से संदीप कुमार, मुख्तार अंसारी, विनोद सिंह, संतोष साहू, पप्पू कनोडिया, संदेश कुमार, किशोर कनोडिया, मनोज कुमार गुप्ता, दीपक दुबे, चंद्रभूषण केसरी, अफताब अंसारी, शिवनाथ यादव, अजय कुमार आदि मौजूद थे ।


**AFFIDAVIT**

Amar Nath Gupta S/o Gopal Prasad Gupta, aged about 46 years, Resident of village & P.O. Toto, P.S. Gumla, district gumla, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows- 1. That Srishti Gupta is my daughter who is a student of DAV public school, Gumla in class-10 A bearing Roll No. 51 2. That in the school register my daughter's name has written as SRISHTI KUMARI, but her actual name is SRISHTI GUPTA which is true and correct and written in her Adhar Card No.- 8912 8461 2246, her birth certificate also. 3. That in the Admission Register of DAV Public School, Gumla my daughter's should be corrected as SRISHTI GUPTA in place of SRISHTI KUMARI, so I am swearing this affidavit.

**Verification**

I, Amar Nath Gupta, do hereby verify that the above statments are true and correct within my knowledge, information and belief.


## पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन का सदस्य गिरफ्तार

**गुमला।** जरियागढ़ पुलिस से मिली सूचना के अनुसार कामडारा पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सदस्य को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इस संबंध में बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि जरियागढ़ पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया था। उसी के सूचना पर गुमला एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन कर कामडारा थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। गठित टीम ने कामडारा थाना क्षेत्र के रामतोल्या गांव में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान रामतोल्या स्कूल के पीछे पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सदस्य हबील तोपनो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने एक हथियार व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। हबील तोपनो पीएलएफआई संगठन को मजबूत करने व उसकी गतिविधि बढ़ाने का काम करता था। छापामारी अभियान में पुअनि कौशलेंद्र कुमार, पुअनि हेमराज कुमार, पुअनि सूरज कुमार यादव आदि शामिल थे।

## एनसीसी कैडेटों ने चलाया जागरूकता अभियान

### लोगों के बीच दो सौ पीस कपड़े के थैले का किया वितरण



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल एनसीसी कैडेट व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पर्यावरण संरक्षण एवं नो प्लास्टिक कैंपेन के तहत रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेटों ने शहर में जागरूकता अभियान चलाया एवं कपड़े के थैलों का वितरण किया। इस अभियान के लिए 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार, डीपीआरओ गुमला सह नगर प्रशासक श्री संजय कुमार एवं डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कैडेट्स को बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस अभियान से जूनियर विंग तथा जूनियर डिवीजन कैडेट भी अपनी ज़िम्मेदारियों को समझेंगे। पर्यावरण के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझेंगे एवं बच्चों द्वारा किए गए पर्यावरण सुरक्षा के आग्रह को बड़े भी नजरअंदाज नहीं कर पाएंगे। यह कैंपेन पटेल चौक स्थित पार्क के पास प्रारंभ हुआ। सहायक एनसीसी अधिकारी अभिजीत झा ने कहा कि प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण को दूषित कर रहा है अपितु कचरे के ढेर में प्लास्टिक में लपेटे भोजन को खाने वाले जीवों की मौत का सबब भी बन रहा है। सार्जेंट ताशा झा की अगुवाई में कैडेट अतुलिका राज, मानसी कुमारी, तन्नू किंडो, सृष्टि प्रिया, नुपुर कुमारी, आरुष संस्कार जैसवाल, किसलय मिश्रा, राहुल नाग, आर्यन सिंह, लक्ष्य सोधानी, वैभव लकड़ा, विक्की कुमार यादव, सुमित कुमार यादव, सूरज उराँव, अक्षत कुमार, सचिन कुमार गोप, शौर्य केसरी, आजाद राज, रोहन गोप, हर्षित तिर्की, आदित्य गुप्ता, लाल कनक वर्धन नाथ सहदेव, लक्ष्मी कुमारी ने लोगों से पॉलीथिन बैग की जगह कपड़े के थैले का उपयोग करने का आग्रह किया। इस दौरान 200 से ज्यादा कपड़े के थैलों का वितरण किया गया।

## सद्भावना मंच प्रतियोगिता से युवाओं में जागरूकता लाना है : बीडीओ

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के सेन्हा वन डिपू के समीप प्रखंड स्तर पर जिला प्रशासन के सौजन्य से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ वन डिपू मूहल्ला एवं अमन चौक सेन्हा के बीच खेला गया। दोनो टीम ने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए 1-0 से अमन चौक के टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

## चैंबर की आमसभा संपन्न

**गुमला।** सिसई रोड स्थित पोद्दार धर्मशाला में रविवार को चेंबर ऑफ कामर्स की आम सभा हाइ वोल्टेज ड्रामा के साथ संपन्न हुआ। आम सभा के दौरान छह अगस्त को चेंबर चुनाव का घोषणा की गई। जिसमें मुख्य चुनाव पदाधिकारी दिनेश अग्रवाल बने। वहीं सहयोगी चुनाव पदाधिकारी का नाम जल्द जारी किया जायेगा। इसके अलावा चेंबर का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व चेंबर के पूर्व अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी व वर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के द्वारा बैठक के दौरान काफी बकझक हुई।

## एक नजर में

### गुमशुदा पत्नी को लेकर पति ने कराया सनहा दर्ज

**भंडरा।** अजीज अनसारी उम्र करीब 45 वर्ष पिता स्व सलामत अंसारी ग्राम बड़ा अंबेरा थाना भंडरा जिला लोहरदगा के द्वारा भंडरा थाना में अपनी पत्नी रबीना खातून उम्र करीब 43 वर्ष के गुमशुदगी के सम्बन्ध में लिखित आवेदन देकर अपने पत्नी का खोज निकालने की मांग किया है। आवेदन के अनुसार 06/07/2023 को लोहरदगा रांची जाने वाला 1 बजे वाला ट्रेन से अपने बहन सबीना खातून से मिलने के लिए घर से निकले जो रांची स्टेशन उतरने के बाद टेंपू से जाकर सीरम टोली उतर गई। अपने बहन के पास नहीं गई और ना ही अपने घर आई। उससे कोई संपर्क नहीं हो रहा है। इस संबंध मे गुमशुदगी का सनहा दर्ज कर अग्रतर कारवाई की मांग किया है।

### कुंए में डूबने से हुई बच्चे की मौत

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के मरवागानी निवासी अनुज महतो के 6 वर्षीय पुत्र संतोष महतो की कुएं में डूबने से मौत हो गई। जानकारी देते हुए मृतक के पिता अनुज महतो ने बताया कि वे घर में काम कर रहे थे तभी एक ग्रामीण आकर बताया कि उनका बेटा कुएं के पास खेल रहा था और कुएं में गिर गया। जिसके बाद मैं दौड़ते हुए कुएं के पास गया और कुएं में छलांग लगाकर संतोष को बाहर निकाला। जिसे तत्काल सदर अस्पताल गुमला लाया गया। वहीं अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के केराखाड़ मोड़ में बाइक सवार केराखाड़ निवासी 22 वर्षीय जीवन किस्फोटा व 18 वर्षीय जुनस मुंडा अनियंत्रित होते हुए गिरकर घायल हो गये। इस घटना में जीवन का दाहिना पैर टूट गया जबकि जुनस का बाया हाथ टूट गया है और शरीर के अन्य हिस्सों पर दोनों को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायल को उठाकर नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार करते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वह रात्रि लगभग 10:00 बजे दोनों घायल को लेकर परिजन गुमला सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों की देखरेख में दोनों घायल का इलाज जारी है।

### नवजात शिशु का शव बरामद

**गुमला।** शहरी क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित पुगु नदी घाट से पुलिस ने रविवार को दिन के करीब 10:30 बजे एक नवजात शिशु का शव बरामद किया है। पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन अब तक नवजात का शव किसका है और किसके द्वारा इसे फेंका गया है इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। इधर मामले की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध जन घटनास्थल पहुंचे। जहां लोग तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं।

### बच्ची को सांप ने काटा

**गुमला।** सांप के काटने से उर्मी गांव निवासी बुधराम उरांव के 6 वर्षीय पुत्री पीहु कुमारी को जख्मी हो गई। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन ने जानकारी देते हुए बताया कि घर के बगल में नीम के पेड़ के पास पीहू खेल रही थी। तभी एक सांप ने डस लिया। जिसके बाद रोते हुए घर पहुंची और सांप काटने की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में बच्ची का इलाज जारी है।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**गुमला।** शहरी के सिसई रोड स्थित भट्ठी तालाब में डूबने से गौस नगर निवासी मोहम्मद वाहिद का 12 वर्षीय पुत्र मोहम्मद जाइद की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जाइद भट्टी तलाब में पैर हाथ धो रहा था तभी अचानक स्लिप करते हुए वह पानी के अंदर चला गया। जिसके बाद कुछ लोगों के द्वारा तत्काल उसे निकालकर सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं इस घटना के उपरांत परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

### बाइक सवार युवक घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के डानटोली गांव में ट्रैक्टर ने बाईक को पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें बाईक सवार 18 वर्षीय नितेश साहू को घायल हो गया। घटना के उपरांत घायल युवक को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। जहां युवक का उपचार डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है। घटना में युवक के सर सहित पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना की जानकारी देते हुए घायल ने बताया कि किसी काम को लेकर टैंसेरा की ओर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने धक्का मारते हुए घटनास्थल से फरार हो गया।

### घायल युवक गंभीर, रिम्स रांची रेफर

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के टांगर शिकवार के समीप ट्रैक्टर व बाइक के बीच हुई सीधी भिड़ंत में बाइक सवार आदर गुट्टी निवासी 28 वर्षीय रघुनाथ पहान घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच घायल को उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और ट्रैक्टर और बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई। स्वास्थ्य केंद्र में घायल का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर स्थिति में गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस के द्वारा घायल की पहचान करने में जुटी थी। गुमला सदर अस्पताल में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करते हुए युवक को आईसीयू में भर्ती कर दिया। डॉक्टर ने बताया युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है परिजन के आने के उपरांत रांची रिम्स रेफर किया जाएगा। देर रात्रि 10 बजे परिजन पहुंचने के उपरांत युवक की पहचान आदर गुट्टी निवासी 28 वर्षीय रघुनाथ पहान के रूप में हुई। वहीं देर रात्रि लगभग 10:30 बजे डॉक्टर ने घायल युवक को रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### बारिश होने से किसानों में प्रसन्नता

**जारी।** लगातार बारिश होने से किसान खेतों में पसीना बहा रहे हैं। बारिश होने से किसानों के चेहरे में प्रशन्नता का भाव नजर आ रहा है। बारिश के साथ ही किसान खेत सुधारने में लगे है तो कोई हाल जोते नजर आ रहा है तो कोई खाद डालते हुए। किसान बारिश के बाद ही साल भर के लिए फसल उगातें हैं। क्योंकि क्षेत्र में वर्षा होने के बाद ही खेती होती है। जारी प्रखंड में सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण किसान एक फसलीय खेती करते हैं। प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत में किसान बड़े पैमाने पर मिर्चा की खेती करते हैं। मिर्चा की खेती से किसान अधिक मुनाफा कमाते है।

### डॉ अनिल 16 को गुमला में

**गुमला।** मस्तिष्क रोग, रीढ़ की हड्डी व नश रोग विशेषज्ञ डा. अनिल कुमार 16 जुलाई को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### विकास भारती को मिला प्रशस्ति पत्र

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती को आईसीएआर अटारी पटना जोन 4 के छठवें जोनल स्तरीय वर्कशॉप में आईसीएआर नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ उधम सिंह गौतम के द्वारा आर्या प्रोजेक्ट के अंतर्गत हो रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह जोनल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रामकृष्ण मिशन कृषि विज्ञान केंद्र रांची में किया गया था। डॉ संजय कुमार वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र ग्रामीण युवाओं के स्वरोजगार हेतु सूअर पालन, बकरी पालन लाह उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन पर युवाओं को प्रशिक्षित कर रहा है। आज जिले में लगभग 150 युवा सुकर पालन से जुड़कर लाखों रुपए की आमदनी कर रहे हैं।

## दो दुकानों के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज स्थित कलाली चौक पर इन दिनों दुकानों में लगातार चोरी की घटना घट रही है। इस घटना से दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है। बीते रात्रि कलाली चौक में धर्मदेव यादव के किराना दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा दुकान का ताला तोड़कर गला में रखे रुपए की चोरी कर फरार हो गया। वही पोखन प्रजापति के पान गुमटी के ताला तोड़कर गले में रखें कुछ पैसे की चोरी की है। बताते चलें कि 4 दिन पहले कलाली चौक के समीप चार दुकानों में चोरी हुई थी। लोगों का कहना है कि शराब पीकर लोग चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। पितीज के विभिन्न दुकानों में शराब की बिक्री धड़ल्ले से होती है। वही शराब पीकर चोरी की योजना बना कर चोरी को अंजाम देते हैं।

## झामुमो ने की प्रखंड कमेटी की बैठक

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत डंडाडीह पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह के अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा प्रखंड के सभी पंचायतों में 15 दिनों तक सदस्यता अभियान के साथ पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन कर लेने का निर्णय लिया गया। पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी गठन को लेकर प्रभारी नियुक्त किया गया और सभी पंचायतों में अलग-अलग तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें 12 जुलाई को डंडाडीह पंचायत, 15 को जयनगर पश्चिमी, 19 को गोहाल, 22 को जयनगर पूर्वी एवं 23 जुलाई को बेको पंचायत का गठन किया जाएगा।

# आरएसएस के कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट के विरोध में मझिआंव बाजार रहा बंद, प्रशासन अलर्ट



बंद पड़ीं मझिआंव बाजार की दुकानें।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव में एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा आरएसएस के जिला धर्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी एवं एकल विद्यालय के प्रखंड अध्यक्ष ऋषि पांडेय के साथ शनिवार को जानलेवा हमला एवं मारपीट करने के विरोध में रविवार को मझिआंव के सभी व्यवसाइयों ने स्वेच्क्षा से अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। इस दौरान अति आवश्यकता की दुकानें (दवा, सब्जी, फल) को छोड़कर बाकी सभी दुकाने बंद देखी गई। जबकि लंबी व मध्यम दूरी के छोटे बड़े सभी वाहनों का परिचालन पूर्व की भांति रहा। दुकानें बंद होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान आरएसएस के कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बैठक कर बाकी बचे सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इसी बीच भाजपा नेता डॉ. ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने मझिआंव आकर व्यवसाइयों के बंद का समर्थन किया और कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाय वह कम है। उन्होंने कहा कि हमलोग सभी धर्मों का आदर करते हैं। लेकिन जो लोग हमारी इस भावना का अनादर करते हैं और इसे हमारी कमजोरी समझते हैं, यह उनकी भूल है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने मझिआंव आकर व्यवसाइयों से वार्तालाप की और आरएसएस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने वाले सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। बीडीओ नितेश भास्कर भी शांति व्यवस्था को लेकर पूरे शहर में भ्रमण करते रहे। इस दौरान पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार एवं थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे। इस संबंध में व्यवसायिक संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए नीरज कमलापुरी में कहा कि विवेक सोनी और ऋषि पांडेय के साथ हुई मारपीट घटना को व्यवसायिक संघ इस कड़ी निंदा करते हुए अपने स्वेच्छा से बाजार बंद रखे हैं। सोमवार को दुकान खोलने की संभावना है लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती है तो व्यावसायिक संघ उग्र आंदोलन भी कर सकता है। आरएसएस के जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ललित पांडेय ने कहा कहा कि लोग आक्रोशित तो हैं और होना भी लाजमी है। क्योंकि विवेक सोनी समाज के लिए चिंतन करने वाला व्यक्ति है और उनके साथ बेदर्दी पूर्वक मारपीट किया गया है। मौके पर व्यवसाई संघ के अध्यक्ष नीरज कमलापुरी, आरएसएस के जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ललित कुमार पांडेय, किसान मोर्चा के पलामू प्रमंडल प्रभारी पुष्प रंजन मेहता, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, समाजसेवी मारुत नंदन सोनी आदि लोग मौजूद थे।

## आरएसएस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार




गिरफ्तार आरोपी।

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुरुवा में शनिवार को आरएसएस के जिला धर्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी एवं एकल विद्यालय संच के प्रखंड प्रमुख ऋषि पांडेय के साथ विशेष समुदाय के लोगों द्वारा मारपीट की गई थी। जिसमें शामिल दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि विवेक सोनी के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में आठ जुलाई को थाना कांड संख्या 79/ 23 के तहत धारा 341/ 323/ 307/ 147/ 148/ 504/ 379 भादवी अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त मझिआंव थाना क्षेत्र के बहेराकला ग्राम निवासी माबूद शेख उर्फ अगलगवान का पुत्र समीर खान तथा तलसबरिया ग्राम निवासी शेख नसरुद्दीन के पुत्र शेख इरषाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बाकी और आरोपियों की तलाशी जारी है। बताते चलें कि शनिवार को बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव स्थित एकल विद्यालय की बैठक में शामिल होकर वापस अपने घर मझिआंव लौटने के दौरान घुरूवा में विशेष समुदाय के लोगों ने आरएसएस के जिला ार्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी एवं एकल विद्यालय संच के प्रखंड प्रमुख ऋषि पांडेय के साथ घेर कर मारपीट किया था।

एक नजर में

## कलयुगी पुत्र ने पिता को रॉड से मार कर की हत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** कलयुगी पुत्र ने परिवारिक विवाद में अपने ही पिता को रॉड से मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह निवासी मुनी लाल भुइयाँ जो अपना घरेलू विवाद में अपने पुत्र को डांट फटकार के दौरान मार रहा था, इसी दौरान मुनी लाल के लगभग 60 वर्षीय पिता काली भुइयाँ अपने पोता को बचाने गया था, जहां गुस्साए उस बेटे ने अपने ही पिता के ऊपर गुस्सा निकालते हुवे रॉड से मार दिया। जहां घटना स्थल पर ही पिता काली भुइयाँ की मौत हो गई। ततपश्चात मुनी लाल भुइयाँ फरार हो गया। इसकी सूचना मिलते ही रविवार सुबह स्थनीय पुलिस ने तेलियाडीह घटना स्थल पहुंचा जहां शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। एवं घटना की जांच पड़ताल कर हत्यारे के खिलाप मुकदमा दर्ज किया गया एवं पुलिस द्वारा कार्रवाई को लेकर मृतक के बेटा मुनिलाल भुइयाँ एवं पोता संकर भारती को धर पकड़ में जुट गई।

## मानव व्यापार रोकथाम को ले नुक्कड़ नाटक का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** मानव व्यापार महिला हिंसा पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के जरिए मानव व्यापार जैसे कुकृत्य एवं सामाजिक बुराईयों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने को लेकर जन विकास केंद्र चतरा के तत्वावधान में आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिये टंडवा क्षेत्र के पदमपुर, सरादु, गाडिलोंग सहित अन्य पंचायतों में महिला पुरूष व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस नुक्कड़ नाटक में ग्रामीण क्षेत्र के विशेषकर महिलाओं ने अपनी-अपनी भागीदारी कर कार्यक्रम को काफी सराहा। इसके अलावा महिलाओं ने मानव व्यापार के पूर्ण उन्मूलन एवं इससे संबंधित घटनाओं के रोकथाम के लिए पूर्ण सहयोग एवं सजगता का वादा किया। इस नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के सुपरवाइजर सिद्धार्थ मुंडा, संजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दीपक कुमार पांडेय, पूजा कुमारी, प्रदीप कुमार, मो अमजद अली सहित टंडवा पुलिस ने अहम भूमिका निभाया।

# तत्कालीन लिपिक कुंवर रविदास को भेजा जेल

## दो खतियान के 118 प्लाट के दस्तावेज के साथ हुआ था छेड़-छाड़




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित अभिलेखागार में दस्तावेज के साथ छेड़ छाड़ एवं जालसाजी कर 68 एकड़ 29 डिसमिल एवं 95 डिसमिल खतियानी जमीन के दस्तावेज के साथ छेड़ छाड़ मामले में तत्कालीन प्रभारी अभिलेखागार कोडरमा रेनू बाला के द्वारा दर्ज प्राथमिकी संख्या 55/2018 के मुख्य आरोपी रहे तत्कालीन लिपिक कुंवर रविदास को कोडरमा पुलिस ने रामगढ़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें की कोडरमा के अभिलेखागार में कार्यरत प्रधान सहायक कुंवर रविदास के कार्यकाल में खतियानी दस्तावेज के साथ छेड़ छाड़ किया गया था। मौजा रघुनियाडीह खाता नं-130 के खतियानी रैयत महादेव महतो पिता ननकू महतो एवं विश्वनाथ महतो पिता हरलाल महतो वगैरा के नाम से दर्ज था, जिसका प्लाट न. 225, 241 सहित 116 प्लाट पर के दस्तावेज के साथ छेड़ छाड़ किया गया एवं खाता नं-131 के महादेव महतो पिता ननकू महतो वगैरा एवं विश्वनाथ महतो पिता हरलाल महतो वगैरा का प्लट नं 1005 व 1061 रकवा 95 डी पर शांति पूर्ण दखलकार होते हुए वर्ष 2014-15 तक लगान रसीद निर्गत था जिसका अभिप्रमाणित प्रति खतियान का 07.11.2003 का प्राप्त किया गया था। इस पुरे मामले पर रैयत डोमचांच निवासी चन्द्रकुमार मेहता ने जानकारी देते हुए बताया की जिला अभिलेखागार कोडरमा से वर्ष 2005 में ज्ञात होता है कि खतियान में जयनगर निवासी नईम अंसारी, पिता अब्बास अंसारी, याकुब अंसारी पिता ईद मुहम्मद, इदरीश अंसारी पिता लड्डू मियां, क्यूम अंसारी पिता लतीफ अंसारी, अब्बास मियां पिता अली अंसारी, सुभानी मियां पिता अली मिया, लछु मियां उर्फ सुलेमान मियां पिता लड्डू मियां भू-अभिलेखागार कर्मियों की सांठ-गांठ से खतियान अपने घर पर लाकर अपना नाम जोड़कर जिला अभिलेखागार में रख दिया तथा उक्त भूमि पर दखल करने का प्रयास किया। तब तत्कालीन जिला अभिलेखागार पदाधिकारी सुरेश मिश्रा के पास गये, तब वे दूषित खतियान की प्रमाणित प्रति जो नईम अंसारी वगैरह ने लिया था, जब्त कर लिया और प्रमाणित प्रति को रद्द कर दिया गया और आश्वासन दिया गया कि 2003 का प्रमाणित प्रति व मूल खतियान सही है वही रिकार्ड में रहेगा, एवं जिला अभिलेखागार का खतियान प्रक्रियानुसार सही कर देगें। इसके पश्चात् वर्ष 2015 तक किसी प्रकार का व्यवधान नहीं किया गया। अचानक वर्ष 2016 के अगस्त माह में नईम अंसारी, याकुब अंसारी, क्यूम अंसारी वगैरह जमीन पर जोत-कोड करने का प्रयास किया तथा कुछ भू-भाग खाता सं-1061 की जमीन पर बाजबरन मकान निर्माण करने लगा, दूषित खतियान के आधार पर तब इसकी शिकायत 24 अगस्त 2016 को उपायुक्त से किया गया तत्पश्चात जांच में सही पाया गया कि खतियान में छेड़-छाड किया गया, तब तत्कालीन प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार कोडरमा रेनू बाला के द्वारा खाता नं-130 व 131 का सभी कार्य पर रोक लगाया गया और फिर कोडरमा थाना में काण्ड सं0-55/18 दर्ज किया गया था।

## वज्रपात पीड़ित कूलो के घर पहुंचीं डॉ नीरा, दिया मदद का भरोसा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड अन्तर्गत मीरगंज पंचायत के झरगांव में खेल रहे दो बच्चों कुलेश्वर भुइयां के पुत्र बालवीर कुमार एवं उसकी नतनी ऋतु कुमारी की बज्रपात से मृत्यु हो गई थी एवं कटैया में खेत में काम कर रहे दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। दोनों के घर पंहुचकर विधायक डॉ. नीरा यादव ने शोक संतप्त पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए आगे हरसंभव मदद का भरोसा दिया। पीड़ित परिवार ने विधायक को बताया कि हमें पोस्टमार्टम के वक्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मुनिलाल दो हजार लिया तब शव को मेरे सुपुर्द किया एवं घायलों को जैसे तैसे अस्पताल से छुट्टी भी कर दिया। अभी घायल महिला ठीक से खाना भी नहीं खा पा रही है। जिसे विधायक ने तुरंत सिविल सर्जन को फोन पर बात किया और उस मुनिलाल स्वास्थ्य कर्मी पर कार्यवाई करने और पीड़ित परिवार को दिया रुपए को वापस करने का निर्देश दिया।

वहीं विधायक ने कोडरमा उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को फोन पर पीड़ित परिजन के लिए सारे सरकारी मदद जैसे कि चिकित्सा सुविधा एवं प्राकृतिक आपदा राशि आदि उन्हे अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं कटैया निवासी मिथलेश सिंह की पत्नी कैंसर रोग से विगत दिनों से पीड़ित होने की सूचना पर उनके घर पहुंच कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। ग्राम ढाब में सड़क दुर्घटना से विगत दिनों राजू यादव की हुई मौत के उपरांत शोक संतप्त परिजनों से मिली एवं सिंहपुर पंचायत के पहाड़ सिंह खैरा में भी एक पीड़ित परिवार से विधायक मिली।

## एसपी को आवेदन देकर एक सप्ताह में कार्रवाई की मांग

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र स्थित डंडाडीह पावर हॉउस के समीप आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दामोदर यादव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में जयनगर थाना में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ चर्चा की गयी। वहीं जिलाध्यक्ष दामोदर यादव ने आरोप लगाया कि जयनगर थाना पूरी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त है। इस थाना में आवेदन देने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं किया जाता है, इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है। कहा कि जब कोई पीड़ित थाना में आवेदन देने जाता है तो उसे गाली-गलौज कर भगा दिया जाता है। वहीं समाजसेवी राजकुमार पासवान को भी जाति सूचक शब्द से भी संबोधित किया गया था। इसको लेकर स्थानीय विधायक अमित यादव ने विधानसभा में भी आवाज उठायी थी, मगर इस पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दामोदर यादव ने इसे लेकर एसपी कुमार गौरव को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि अगर एक सप्ताह के अंदर इस पर सुनवाई नहीं होती है तो आम आदमी पार्टी द्वारा जयनगर में प्रतिवाद मार्च निकाला जायेगा। उसके बाद भी अगर सुनवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। बैठक में लक्ष्मण चौधरी, पुरुषोत्तम यादव, राजकुमार पासवान सहित कई लोग मौजूद थे

## ऑटो के धक्के से वृद्ध घायल



घायल दीनानाथ चंद्रवंशी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** रविवार साप्ताहिक हाट के दिन एक ऑटो चालक ने नशे की हालत में भवनाथपुर हाई स्कूल गेट के समीप एक वृद्ध व्यक्ति को धक्का मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल श्री बंशीधर नगर के नरही निवासी 55 वर्षीय दीनानाथ चंद्रवंशी बताया जा रहा है। ग्रामीण आलोक सिन्हा, बाला यादव, दिवाकर उपाध्याय, गुलाब यादव ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में घायल को इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से गढ़वा रेफर किया गया। ऑटो व ऑटो चालक भवनाथपुर निवासी मुन्ना पासवान को पुलिस ने अपने कस्टरडी में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ऑटो चालक घटना के पूर्व एक होटल संचालक से किसी बात को लेकर काफी बहसा बहसी के बाद तेज रफ्तार में ऑटो लेकर दुकान से बाजार की ओर निकला था। इसी दौरान हाई स्कूल के गेट के समीप सड़क किनारे चल रहे दीनानाथ चन्द्रवंशी को धक्का मार दिया।

# मंत्री आवास घेरने पहुंचे सहायक अध्यापकों को निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर में बैठाया, आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जेटेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति जिला इकाई गढ़वा के तत्वावधान में रविवार को मंत्री आवास घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास का घेराव करने पहुंचे सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) को पुलिस प्रशासन ने मंत्री का आवास घेराव नहीं करने दिया। उन्हें बैठने के लिए मंत्री आवास के समीप निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर में जगह उपलब्ध कराया गया। उस स्थान की स्थिति काफी बदतर थी। इस हरकत से पलामू प्रमंडल सहित राज्य के तमाम सहायक अध्यापकों में काफी आक्रोश है। आक्रोशित सहायक अध्यापकों ने कहा कि जब तानाशाह रघुवर सरकार को हम उखाड़ फेंक सकते हैं तो हेमंत सरकार को भी नेस्तनाबूत कर सकते हैं। इसका जवाब समय पर जरूर दिया जाएगा। रविवार को काफी संख्या में सहायक अध्यापक अपनी एक सूत्री मांग वेतनमान के लिए टाउन हॉल के मैदान से जुलूस निकालकर गढ़वा के कल्याणपुर स्थित मंत्री श्री ठाकुर के आवास पहुंचे। इस दौरान लोग हेमंत सरकार अपनी वादा पूरा करो, शिक्षकों को वेतनमान देना होगा, हेमंत सरकार होश में आओ, मुख्यमंत्री जी न्याय करो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर न्याय करो, मंत्री होश में आओ आदि नारे लगा रहे थे। पुलिस प्रशासन ने उन्हें मंत्री आवास के समीप जाने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस एवं सहायक अध्यापकों में नोंक-झोंक भी हुई।

तत्पश्चात सभी आंदोलनकारी नारा लगाते हुए मंत्री आवास तक गये उसके बाद रैली धरनास्थल पर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। गढ़वा जिलाध्यक्ष रविशंकर ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन पलामू एवं लातेहार जिला अध्यक्षों तथा गढ़वा के फिरोज अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। सभा के पश्चात शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम को मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जेटेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि जब रघुवर दास की सरकार को हम लोग उखाड़ फेंक सकते हैं, तो हेमंत सरकार सरकार को भी हम लोग नेस्तनाबूद कर सकते हैं। उन्होंने मंत्री श्री ठाकुर को आज आवास में नहीं रहने पर भी खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसका जवाब दिया जाएगा। सरकार अविलंब टेट सफल सहायक अध्यापकों को वेतनमान दे। सरकार की दोगली नीति से अब हम लोग डरने वाले नहीं हैं। अंबिका चौधरी ने कहा कि विधायक आवास घेराव का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। फिर भी विधायक का आवास में मौजूद नहीं होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर जिलाध्यक्ष रविशंकर ठाकुर, बृजमोहन मेहता, अमित रंजन, अरविंद कुमार लातेहार, सुनील यादव, धर्मेंद्र कुमार पाल, विपुल दुबे, फिरोज अंसारी आदि ने कहा कि टेट सफल सहायक अध्यापकों को सीधा समायोजन कर वेतनमान देने में कहीं भी किंतु परंतु नहीं है। क्योंकि महाधिवक्ता की राय है कि टेट पास सफल शिक्षकों को सरकार चाहे तो सीधे वेतनमान दे सकती है। सिर्फ अभी तक हम लोगों के साथ धोखेबाजी करते आई है। अगर सरकार अविलंब वेतनमान की घोषणा नहीं करती है तो आने वाले समय में सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेंगे। अब हम सभी लोग अपने हक, अधिकार लेने के लिए सरकार से दो-दो हाथ करने को तैयार रहें और मोराबादी पार्ट दो, नवंबर में स्थापना दिवस पर फिर इस हेमंत सरकार को दिखाएंगे। विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम ने कहा कि आपकी सभी मांगे जायज है। मैं आपकी बातों से मंत्री को अवगत कराउंगा। आपके इस आंदोलन में मैं आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हूं। मौके पर काफी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे।



समाहरणालय परिसर में धरना देते सहायक अध्यापक।

## थाना प्रभारी ने बाजार परिसर के अतिक्रमण को हटवाया



अतिक्रमण हटवाते थाना प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपायाय ने रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन सड़क जाम होने की समस्या को देखते हुए बाजार परिसर में खड़ी अटो, फुटपाथी दुकान व ठेला से किये गए अतिक्रमण को बल पूर्वक हटाया। बताते चले कि भवनाथपुर-खरौंाी मोड़ से लेकर कर्पूरी चौक होते तालाब तक लोगों के द्वारा फुटपाथ दुकान ठेला व अटो लगाने से सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। जिससे आम लोंगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। आये दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। थाना प्रभारी ने सभी अटो व दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए बाजार को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश दिया है। मौके पर थाना के एसआई सहदेव साव, एएसआई अभिमन्यु सिंह व पुलिस बल शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### अविलंब लागू किया जाये पत्रकार सुरक्षा कानून : झाविस



**चंदवा।** झारखंड विकास समिति ने रविवार को चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में प्रेस वार्ता कर सरकार से तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। समिति के लोगों ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों पर हमला कर लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं व पत्रकारों का समाचार संकलन करना जोखिम भरा काम हो गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर पत्रकारों को फर्जी मुकदमे में फंसाने का भी प्रयास किया जा रहा है, स्थिति को देखते हुए सरकार तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कर मीडिया कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करे। मांग करने वालों में समिति के रवि डे, सत्येंद्र यादव, मनोज कुमार, शंकर बैठा, रामवृक्ष प्रजापति, अर्जुन ठाकुर, विश्वास देव समेत कई अन्य लोग शामिल हैं।

### घर के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ मुरपा मोड़ से शनिवार की देर रात घर के बाहर लगा एक अपाची बाईक चोरी हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चंदन कुमार पिता बबुनी भुइयां ग्राम कोनी थाना इटखोरी जिला चतरा निवासी जो वर्तमान में मुरपा मोड़ में किराए के मकान में रहता है। शनिवार की देर रात युवक का अपाची बाइक जेएच 13 एच 1003 डेरा के बाहर खड़ा था। जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। इस संबंध में युवक ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। वहीं आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ/बारियातू।** बारियातु थाना क्षेत्र के खुटीटोला मे एक बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे बाइक में सवार तीन लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में लखन तुरी 18 वर्ष पिता स्व चैता तुरी, राजू तुरी 19 वर्ष पिता बूटा तुरी, संदीप तुरी 23 वर्ष शंकर तुरी भाटचतरा बारियातु निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार तीनो अपने घर भाटचतरा से बारियातु बाजार आ रहे थे। इसी दौरान खुटीटोला के पास बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़े। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेन्द्र कुमार की देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गम्भीर रूप से घायल लखन तुरी को बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया।

### 2024 में चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय बने सांसद : अमित पांडेय



**लातेहार।** इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के पंचवटी पलाजा होटल में स्थानीय उम्मीदवार को सांसद बनाने को लेकर एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अमित कुमार पांडेय लातेहार द्वारा किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लोकसभा में किसी भी दल से स्थानीय उम्मीदवार दे। जो अपना मत लोकसभा चुनाव में कर सके। बहुत ही हास्यास्पद बात है की 554 लोकसभा सांसद में आज तक चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय उम्मीदवार की जीत नही दर्ज कर पाया है। इसको लेकर संकल्प अभियान चलाना है। साथ ही कमिटी के माध्यम राष्ट्रीय पार्टी को भी हस्ताक्षर अभियान के द्वारा जानकारी दी जाएगी ताकि चतरा लोकसभा में स्थानीय उम्मीदवार को हीं चुनाव लड़ाए। अगली बैठक प्रखंड स्तर पर किया जाएगा और जनता की राय के अनुसार अभियान तेज किया जाएगा। मौके पर संदीप कुमार, बिजेश सिन्हा, इटखोरी, अजय कुमार यादव चतरा, अनिल कुमार सिंह कान्हाचट्टी, रंजीत सिंह, मालिक बाबू मयूरहंड, विकास कुमार, सौरव कुमार लातेहार के अलावा अन्य प्रखंड से लोग शामिल थे।

### हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य का हो रहा समुचित विकास : अफजल अंसारी



सदस्यता अभियान चलाते जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष।

**बरवाडीह।** झामुमो के जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ सहदेव के दिशा–निर्देश पर रविवार को जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी और प्रखण्ड सचिव बाबू राम सिंह ने बरवाडीह प्रखंड के केड़ पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान में अफजल अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपलब्धियों से केड़ पंचायत की जनता को अवगत कराया। इस दौरान कई महिला–पुरुषों ने झामुमो के सदस्यता अभियान के तहत जुड़े और पार्टी के दिशा–निर्देश पर चलने के साथ अन्य लोगों को भी जोड़ने की बात कही। वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष ने पार्टी का स्लिप काटकर सभी नए कार्यकताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद प्रखण्ड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अनिता देवी को अध्यक्ष, बाबूलाल भुइयां को सचिव, जीतन भुइया और आलोक सिंह को उपाध्यक्ष के अलावा सदस्य के रूप में अगनू सिंह, आरती देवी और संखनाथ सिंह सहित अन्य लोगों को कमेटी में शामिल किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड सचिव बाबू राम सिंह ने की। इस मौके पर वरिष्ट नेता रिजवान अंसारी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मनिका थाना क्षेत्र में दो उग्रवादियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## उग्रवादियों के पास से हथियार व मोबाइल हुए बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कांफ्रेंस करते पुलिस अधिकारी व पकड़े गये उग्रवादी।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में पुलिस को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के दो सदस्य को एक देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुआ है। वहीं पुलिस ने पकड़े गये उग्रवादियों की पहचान मनिका थाना क्षेत्र के भदईबथान टोला का रहने वाला उपेंद्र यादव उर्फ नवीन जी व पांकी थाना क्षेत्र के रहने वाला अनिल यादव के रूप मे किया है। वहीं दिन रविवार को मनिका थाना परिसर मे डीएसपी दिलु लोहरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारो को बताया की मनिका थाना के पु0अ0नि0 प्रदीप राय को संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सुचना मिला की पननवा ग्राम व कोईलागाड़ा के बीच बड़काटांड मे सड़क किनारे झाड़ीयों मे चार पांच की संख्या अपराधी किस्म के कुछ लोग बैठे हुए हैं, जो किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसी सूचना के आधार पर थाना प्रभारी राणा भानुप्रताप सिंह के निर्देश पर उक्त जगह पर छापामारी के लिए एसआई प्रदीप राय एवं पुलिस बल के अन्य जवानों को भेजा गया। सुचना के अनुसार चिन्हित जगह पर मनिका थाना पुलिस रात करीब 9:20 मिनट पर पहुंची जहां पुलिस को देखते सभी लोग भागने लगे भागने के दौरान दो लोग पकड़े गये। पुलिस ने उपेंद्र यादव उर्फ नवीन जी की कमर से 7:65 एमएम का लोडेड देसी पिस्टल व 7:65 केएफ लिखा एक जिंदा गोली,एक मैग्जीन जिसमे 7:65 केएफ लिखा जिंदा गोली बरामद किया गया। वहीं तीन मोबाइल भी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस के द्वारा सख्ती बरतने पर दोनो ने बताया की मनिका थाना क्षेत्र मे कामेश्वर प्रसाद यादव नामक ठेकेदार द्वारा बनाया जा रहा पुल निर्माण मे लगे मशीन मे आग लगाने व काम मे लगे मुंशी व मजदुरो को मारपीट करने की घटना को अंजाम देने के लिए ईकठ्ठा हुए थे। दोनो ने पुलिस को बताया की 19 जुन को वे पुल निर्माण स्थल पर जाकर टीएसपीसी का पर्चा देकर लेवी न दिये जाने तक काम शुरू नही करने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा पुल का काम करवाया जा रहा था। इसी लिए वे सभी पुल निर्माण स्थल पर जाकर घटना को अंजाम देने के लिए जमा हुए थे परंतु वे घटना को अंजाम देने से पुर्व ही पुलिस के हत्थे चढ़ गये। वहीं पकड़े गये दोनो टीएसपीसी के उग्रवादियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। मौके पर थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह, एसआई प्रदीप कुमार राय, एसआई राजकुमार तिग्गा, चौकीदार प्रदीप पासवान, समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## अभिजीत प्लांट के करोड़ो की स्क्रैप चोरी घोटाले की जांच करे इडी : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रतुल शाहदेव।

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट करके ईडी से स्क्रैप चोरी के दर्ज मामलों को टेकओवर कर जांच शुरू करने का आग्रह किया। प्रतुल ने आरोप लगाया कि करोड़ो के इस घोटाले के पैसे के बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग की सूचना है। प्रतुल ने एक बार फिर से कहा की एक संगठित सफेदपोशों का गिरोह अधिकारियों की मिलीभगत से अभी भी लगातार चोरी को अंजाम दे रहा है। प्रतुल ने अपने ट्वीट में ईडी के निदेशक को टैग करते हुए उनसे चंदवा और बालूमाथ थानों में स्क्रैप चोरी के दर्ज दर्जनों एफआईआर को टेकओवर करके जांच शुरू करने का आग्रह किया। प्रतुल ने लोहा चोरी को संरक्षण देने वाले संगठित गिरोह के सदस्यों के कॉल, व्हाट्सएप कॉल और कॉल रिकॉर्ड, मोबाईल लोकेशन जांच करने की भी मांग की। कहा गहन जांच होने से बहुत बड़े-बड़े चौकाने वाले नाम सामने आएंगे। प्रतुल ने अपने ट्वीट में झारखंड के पुलिस महानिदेशक को टैग करते हुए कहा की पहले भी उनका ध्यान अभिजीत प्लांट में चल रहे महाचोरी की ओर आकृष्ट किया था। लेकिन चोरी थमी नहीं है। हाईवे के रास्ते धड़ल्ले से माल कबाड़ी की दुकानों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रतुल ने डीजीपी को बताया की बीच में खानापूर्ति होने के लिए कुछ गिरफ्तारी और कुछ बरामदगी हो जाती है। लेकिन अभिजीत से स्क्रैप की चोरी अभी भी जारी है।

## डेढ़ टंगवा घाटी में लोहा पाइप लदा ट्रक पलटा, चालक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



पलटा हुआ ट्रक ।

**चंदवा।** चंदवा-चांपी-लोहरदगा पथ पर चंदवा-लोहरदगा सीमाने पर स्थित डेढ़ टंगवा घाटी में शनिवार की देर रात्रि लोहरदगा की ओर से चंदवा की ओर आ रही लोहा पाइप लोड ट्रक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए व ट्रक में सवार चालक-उपचालक ट्रक के केबिन के अंदर ही दब गए। मार्ग से गुजर रहे लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस घटना स्थल पहुंची, घटना की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल मेडिकल टीम व एम्बुलेंस को घटना बुलाया गया, मेडिकल टीम के द्वारा ट्रक में दबे खलासी को जरूरी दवाएं देने के बाद गैस कटर ट्रक को काटकर उप चालक को बाहर निकाला गया। वही ट्रक में दबे चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। मृतक की पहचान कृष्ण कुमार यादव पिता सीताराम यादव अयोध्या उतर प्रदेश के रूप में हुई है। वहीं घायल उपचालक को ट्रक से कड़ी मसक्कत से निकालने के बाद इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस की मदद से लोहरदगा भेज दिया गया। इधर चंदवा पुलिस मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## न्यू पठारी झारखंड ट्रक एसोसिएशन की हुई बैठक



बैठक में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** रविवार को न्यू पठारी झारखंड ट्रक एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं चंदवा के सभी सम्मानित ट्रक मालिको की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल तनिष्क में हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया की जो भी गाड़ियां गुरदरी, सेरंदाग, भैंसबथान एवं जालिम माइंस में चलती है वे सभी ऑनर एकमत से यही निर्णय लिया है कि पिछले जो भी एसोसिएशन था इन 15 सालों में कभी भी चुनाव नहीं करवा कर अपने मनमाने तरीके से एसोसिएशन को चला रहे थे और अभी भी मनमाने तरीके से कंपनी के इशारे में काम कर रहे हैं जिससे कि ट्रकों का परिचालन प्रभावित हो रहा है, चंदवा के सभी ट्रक मालिक की मंशा है की चुनाव जल्द से जल्द हो जिससे कि सकारात्मक माहौल बन सके और गाड़ी का परिचालन स्वस्थ रुप से हो। एसोसिएशन ने सभी चंदवा के ट्रक मालिकों को धन्यवाद दिया। मौके पर संदीप कुमार, मुख्तार अंसारी, विनोद सिंह, संतोष साहू, पप्पू कनोडिया, संदेश कुमार, किशोर कनोडिया, मनोज कुमार गुप्ता, दीपक दुबे, चंद्रभूषण केसरी, अफताब अंसारी, शिवनाथ यादव, महताब अंसारी, शोएब अख्तर, एस चौधरी, अजय कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन का सरकार आठ गुना दे मुआवजा : सुरेंद्र पासवान



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित पंचफेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर के प्रांगण में दिन रविवार दिन को एनएच 39 में बनने वाला फोरलेन सड़क से प्रभावित रैयतो की बैठक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह स्थानीय नेता सुरेंद्र पासवान की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। उक्त बैठक में मनिका प्रखंड से गुजरने वाला फोरलेन सड़क से प्रभावित रैयतो ने सरकार द्वारा दी जा रही जमीन के मुआवजा पर कड़ा ऐतराज जताया। प्रभावित रैयतो ने कहा की उनकी भुमी को सरकार फोरलेन बनाने के लिए कौड़ी के दाम दे रही है। मुआवजा की राशि भी उतनी दी जा रही है की वे घर के रहेंगे ना घाट के।प्रभावित भुमी के रैयतो की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय व कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान ने कहा की लातेहार जिला चुंकी मेसो क्षेत्र के अंतर्गत आता है ।यहां के लोग अधिकत्तर एसी एसटी जाति के गरीब लोग रहते है। अपनी जमीन पर खेती कर अपना जीविकोपार्जन चलाते है।फोरलेन बनाने मे उनकी भुमी का अधिग्रहण किया जा रहा है।सरकार इसके बदले मुआवजा तो दे रही है। पर उतनी नही दे रही जिससे वे पुनः कही जमीन खरीद कर अपना जीविकोपार्जन कर सके। ऐसे मे उनकी सरकार से मांग है की फोरलेन बनाने के दौरान जितनी भूमि सरकार अधिग्रहण कर रही है सरकारी दर के आठ गुणा ज्यादा सरकार प्रभावित लोगो को मुआवजा की राशि दे। यदि अधिग्रहण किया जा रहा जमीन का सरकार उचित मुआवजा नही देती है तो मनिका प्रखंड के रैयत चरणबद्ध संवैधानिक तरीको से आंदोलन करने को बाध्य हो जायेंगे।फोरलेन से प्रभावित भुमी के रैयतो की अगली बैठक लोहिया भवन मे आगामी सोलह जुलाई को रखा गया है।जहां पर आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जायेगी। मौके पर फोरलेन से प्रभावित भुमी के रैयत हरिहर प्रसाद यादव,जितेंद्र प्रसाद यादव,सीताराम यादव,केश्वर पासवान,नरेश यादव,अजय कुमार गुप्ता,मुनेश्वर यादव,आनंद प्रजापति,सेठा यादव,विशाल ,राजन पासवान,गणेश सिंह,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### आठ माह से अंधेरे में डूबा है हुटाप पंचायत का खुटकटी गांव



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत खुटकटी गांव बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण विगत 8 माह से अंधेरे में डूबा हुआ है। ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद से विद्यार्थियों की पढ़ाई, कृषि कार्य समेत कई जरूरी कार्य प्रभावित है, लेकिन समस्या की ओर न ही जनप्रतिनिधियों व नही ही बिजली विभाग की ओर से कोई ध्यान दिया जा रहा है। जिस कारण ग्रमीणों को 8 माह से ढिबरी युग मे जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं विभाग की कार्यशैली के प्रति ग्रामीणों में खासा रोष देखने को मिल रहा है। विभिन्न गांवों के दौरे पर निकले प्रखण्ड उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा को अपनी समस्या सुनाते हुए ग्रामीण धनेश्वर उरांव, जोधन मुंडा, रविन्द्र उरांव, झलकू उरांव, भीखू उरांव, बसिया देवी, रंगिया देवी, शांति, रूपेण, सीता देवी व अन्य ने बताया कि गांव में दो दर्जन से अधिक परिवार निवास करते हैं, जिन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब बरसात का मौसम आ गया है, रात के अंधेरे में सांप, बिच्छू के काटने का खतरा रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद प्रखंड उप प्रमुख मिश्रा ने तुरंत ही विभाग के अधिकारियों से बात कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। उप प्रमुख मिश्रा ने आश्वस्त किया कि जल्द ही विभाग के अधिकारियों से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगवाने का प्रयास किया जाएगा।

## मनिका प्रखंड के रांकीकला से कांग्रेस का यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो कार्यक्रम का हुई शुरुआत

## चतरा लोकसभा से इस बार कांग्रेस का ही जीत होगी : आफताब आलम

खबर मन्त्र संवाददाता




कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के रांकीकला पंचायत से दिन रविवार को कॉन्ग्रेस प्रदेश महासचिव आफताब आलम के नेतृत्व में लातेहार जिला स्थित 115 पंचायत भ्रमण सह यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो कार्यक्रम का शुरूवात किया गया और रांकिकला कला के ग्राम रांकिकला एवं कूई में कार्यक्रम सम्पन हुआ। वहीं आफताब आलम का कहना था कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए पंचायत को मजबूत किया जा रहा है सभी पंचायत में कम से कम पांच पांच लोगों के ऊपर जिम्मेदारी देकर बूथ स्तर पर कार्यकताओं को खड़ा किया जा रहा है और संसद सुनील सिंह एवं मोदी की नाकामियों को बताया जा रहा है। आलम का कहना था कि 2014 से सिर्फ जुठ का प्रचार हो रहा है। महिलाओं, किसानों,आदिवासियों, दलित, पिछड़ों को सिर्फ लॉलीपॉप मिला है,देश की सारी प्रॉपर्टी बेची जा रही है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी जुठ से निजात मिलेगा सभी का हक मिलेगा। वहीं मनिका प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने कहा कि लातेहार जिला के मनिका प्रखंड में युवा कांग्रेस का सबसे मजबूत संगठन रहेगा एवं लोकसभा चुनाव में इसका फायदा होगा। मौके पर रिंकू राम, विजेंद्र यादव, अर्जुन राम, राजदेव राम, जगजीवन राम, विकाश कुमार ठाकुर, सुनील राम, पिंटू राम, शिवनाथ भुइयां, पवन राम, राकेश यादव, रंजीत यादव,सौरव यादव, गौतम, तुलसी यादव, चंदन समेत कई लोग उपस्थित थे।

## ट्रस्ट ने अपने कर्मचारियो के बीच किया ड्रेस का वितरण



मौके पर मौजूद लोग।

**लातेहार।** सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी की रविवार को लातेहार जिला कार्यालय में संस्थापक अमल दास की अध्यक्षा में बैठक संपन्न हुआ। उपस्थित सभी प्रखण्ड प्रभारी एवं पंचायत एसोसिएट को अमल दास ने बताया की संस्था महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिससे महिलाए आत्मनिर्भर भी हो रही है। ट्रस्ट के माध्यम से अगरवत्ती, सिलाई, पापड़, मोमबत्ती, सिलाई कढ़ाई आदि प्रशिक्षण गांव मे जाकर दिया जाता है जिसे महिलाएं आपने आप आत्म निर्भर बन सके। आज लातेहार के टीम को संस्था की ओर से ड्रेस के तौर पर साड़ी दिया गया एवं बालूमाथ के कस्तुरबा आवासीय विद्यालय को एक पंखा भी दिया गया। मौके पर लोहरदगा जिला प्रभारी दीपेंद्र कुमार, राजवर्धन सिंह, शोभा देवी, किरण देबी, सुनिता देबी के अलावे जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं सभी पंचायत एसोसिएट मौजूद थे।

## शिक्षा हर छात्र का बुनियादी अधिकार है : रत्नेश त्यागी

खबर मन्त्र संवाददाता




पौधरोपण करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 साल पूरा होने पर और इंटरनेशनल स्टूडेंट डे के उपलक्ष में विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा फलदार और छायादार पौधा लगाया गया। वही पलामू से आए विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी ने कहा कि इंटरनेशनल स्टूडेंट्स डे विद्यार्थियों के बीच बहुसंस्कृतिवाद, विविधता और सपोर्ट का उत्सव है। छात्र जीवन हर किसी की जिंदगी का एक अहम हिस्सा होता है। जहां हम जिंदगी के हर पहलू को सीखते है। हर साल 17 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय छात्र दिवस मनाया जाता है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक छात्र की शिक्षा तक पहुंच हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर छात्र का बुनियादी अधिकार है। वही नगर मंत्री सागर कुमार वर्मा ने कहा कि सपना वह नहीं है जो आप नींद में देखते हैं, बल्कि वह चीज है जो आपको नींद नहीं आने देती। कार्यक्रम में कार्यालय मंत्री धनंजय कुमार, अश्विनी कुमार प्रधान, हंसपाल कुमार, गणेश कुमार, हिमांशु गुप्ता, राजा कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गुरु-शिष्य संबंधों की अनगिनत गाथाओं से भरा पड़ा है भारतीय इतिहास : कुणाल

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चंदवा में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंदवा की ओर से गायत्री शक्तिपीठ में गुरू पूजन सह गुरू दक्षिणा उत्सव का आयोजित किया गया। सर्व प्रथम भगवा ध्वजारोहण व गुरु दक्षिणा अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बौद्धिक देते हुए प्रांत के शारीरिक प्रमुख कुणाल जी ने कहा कि भारतीय इतिहास गुरू-शिष्य संबंधों की अनगिनत गाथाओं से भरा पड़ा है। इन सजीव गुरूओं के साथ एक गुरू ऐसा भी है जो शाश्वत सत्य, बलिदान और सदा विजयी भाव के प्रतीक के रूप में आज भी मातृभूमि प्रेमियों के हृदय में विराजमान है। वो गुरु कोई देहधारी व्यक्ति नहीं बल्कि परम पवित्र भगवा ध्वज है। जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरु के स्थान पर आरूढ़ किया है। संघ में यह कार्यक्रम प्रारंभिक काल से करने की परंपरा रही है। पलामू विभाग कुटूंब प्रबोधन प्रमुख राजेश चंद्र पाण्डेय ने कहा कि संघ में गुरू दक्षिणा उत्सव का खास महत्व है। क्योंकि यही वह उत्सव होता है। जिसमें सही मायने में जीवन की दिशा तय करने वाले गुरू के प्रति आभार प्रकट किया जाता है। मन में सच्ची लगन एवं श्रद्धा हो तो गुरू को कहीं भी पाया जा सकता है। एकलव्य ने मिट्टी की प्रतिमा में ही गुरू को ढूंढा और महान धनुर्धर बना।हेडगेवार जी का भी मानना था कि हम किसी व्यक्ति के विषय में यह विश्वास के साथ नहीं कह सकते कि वह सदैव अपने मार्ग पर अटल रहेगा। इसीलिए उन्होंने व्यक्ति पूजा के स्थान पर भगवा ध्वज को गुरु के स्थान पर विराजित किया। तब से लेकर आज तक भगवा ध्वज को गुरु मानकर स्वयंसेवक गुरू दक्षिणा अर्पित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन रमेश प्रसाद ने किया। इस मौके पर कौशल लाल, निर्मल शर्मा, ईश्वर अग्रवाल, नरेश प्रसाद, कृष्ण कुमार पांडेय, श्यामकरण साहू, भगवान दास, अनिल कुमार, मोहनीश कुमार समेत कई स्वयंसेवक मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## अवैध महुआ शराब चुलाई के निर्माण के विरुद्ध चला छापेमारी

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को उत्पात विभाग व थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में डाकबंगला पिकेट एवं राजावर पिकेट के सहयोग से राजावर क्षेत्र में फुलवरिया, हदहदवा, रेहुआ के जंगल में एलआरपी करते हुए अवैध महुआ चुलाई शराब के निर्माण के विरुद्ध छापेमारी की गई। जिसमें कुल दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया एवं 35 ड्राम को नष्ट किया गया तथा 9 ड्राम में करीब 8 क्विंटल एवं 24 ड्राम में 22 क्विंटल दोनों से करीब 30 क्विंटल जावा महुआ एवं करीब 100 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब तथा शराब बनाने का उपकरण नष्ट किया गया। वहीं शराब भट्ठी संचालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा अभियोग दर्ज करने को कहा गया है। मौके पर रामजीत मुंडा, जितेंद्र उरांव साथ ही साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## बीएसएफ जवान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**जयनगर (कोडरमा)।** बीएसएफ जवान को ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ माला पहना कर भव्य स्वागत किया। बताते चलें कि गडगीध निवासी बासुदेव साव के पुत्र संजय साव का चयन बीएसएफ में हुई थी, जहां से उसे प्रशिक्षण के लिए पुणे भेजा गया था और छह माह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद पहली बार गांव आने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। जवान संजय ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया और कहा कि मेरी पहले से ही इच्छा थी कि मैं देश का सेवा करूं। मौके पर लखपत यादव, सरफुद्दीन अंसारी, विनोद यादव, हरिओम साव, रोहित साव, मनोज साव, हीरालाल साव, ज्योति देवी, सावित्री देवी, रीना देवी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## चक्रधरपुर व चाईबासा सीट पर कांग्रेसियों ने ठोंका दावा

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर में कांग्रेस पार्टी की प्रखंड कमेटी और नगर कमेटी की कार्यसमिति की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा उपस्थित रहे। प्रखंड और नगर कमेटी के कार्यसमिति की बैठक में संगठन को मजबूत करने, संगठन द्वारा आनेवाले समय पार्टी के विचारधारा और विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने, आम जनता की समस्याओं का समाधान और आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति सहित अन्य विषयों पर चर्चा-परिचर्चा की।

## तीन नामजद समेत 10 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**दुमका।** पुलिस की चंगुल से गिट्टी लोड हाइवा को छुड़ाकर ले जाने के मामले में पागल बाबा बस के मालिक बालानंद झा, राजू झा एवं दिलीप ठाकुर को नामजद आरोपी बनाते हुए 8 से 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ रविवार को दिग्घी ओपी थाना में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस भादवि की धारा 353,225 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेश पर ओपी थाना प्रभारी गंगाधर सिंह ने की है।

## कुत्सित मानसिकता को दशार्ता पेशाब कांडः डॉ विनोद

**दुमका।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में घटित पेशाब कांड की घटना ने एक बार फिर से पूरी मानवता को शर्मसार किया है। ऐसी घटनाओं से जहाँ सामाजिक संबंध बिगड़ते है, विश्वास टूटते है व मन खंडित होते है वही जाति, धर्म के नाम मन में नफरतों का सैलाब भी उमड़ता है। ऐसी कुत्सित आचरणों से मन भावनाएं आहत होकर जहाँ बदला लेने की प्रवृत्तियों से गुजरने लगती है वही मन विचलित व्यवहारों को अंजाम देने को उग्र होने लगता है। ऐसे असंतोष व विषम वातावरण में सबका विकास , सामाजिक समरसता आदि की बातें एक दिखावा- सा लगता है। एक मिथ्या तर्क लगता है।

# स्कूल में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण, पुलिस हिरासत में 14 लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में धर्मांतरण का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ताजा मामला तिलैया थाना क्षेत्र के करमा पश्चिम गली स्थित जेम्स इंग्लिश स्कूल का है।

ईसाई चंगाई सभा के नाम पर धर्मांतरण! प्रार्थना के लिए जुटी महिलाओं का ग्रामीणों ने किया विरोध, थाना में दिया आवेदन शनिवार को स्कूल में अलग-अलग जगहों से आए लोग प्रार्थना सभा में इकट्ठा हुए थे और प्रभु यीशु की प्रार्थना की जा रही थी। इसी बीच ग्रामीणों को इसकी भनक लगी और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देख प्रार्थना सभा में शामिल लोग भागने लगे। प्रार्थना सभा में शामिल होने आए लोगों में ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं। इस मामले में पुलिस ने फिलहाल 14 लोगों को हिरासत में लिया हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अनिल यादव ने बताया कि प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण किए जाने का प्रयास किया जा रहा था और बड़ी संख्या में अलग-अलग जगह के लोग शामिल भी हुए थे। वहीं दूसरी तरफ कोडरमा एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि फिलहाल 11 पुरुष और 3 महिलाओं को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी लोग प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए आए थे और वहां प्रार्थना सभा आयोजित की गई थी। लेकिन अभी तक धर्मांतरण किए जाने की पुष्टि नहीं हो पाई है। बता दें कि इससे पहले भी कोडरमा के सतगावां में धर्मांतरण का मामला सामने आया था। जहां भोले-भाले ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इलाज के नाम पर चंगाई सभा करके, इलाज और आर्थिक मदद कर लोगों का धर्मांतरण कराया गया था। इस बार प्रार्थना सभा की जा रही थी वहां पहले भी इस तरह के धर्मांतरण कराए जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी और कई लोगों धर्मांतरण कराने वालों को हिरासत में लिया था और उसे हिदायत देकर आइंदा ऐसा नहीं करने की शर्त पर छोड़ा गया था।

## हत्याकांड में संलिप्त एक नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार



प्रेसवार्ता कर जानकारी एसडीपीओ व गिरफ्तार आरोपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** जमीन विवाद में हुए हत्या के मामले में शिकारीपाड़ा पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर उद्भेदन करते हुए रविवार को तीन हत्यारोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग समेत रानेश्वर थाना क्षेत्र के कठहलिया गांव के रहने वाले रसिक मुर्मू एवं प्रेम मुर्मू है। यहां बता दें कि बीते 2 जुलाई को शिकारीपाड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र के केंद्पहाड़ी फुटबॉल मैदान के बगल से हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से झाड़ियों में छुपाई गई मुंशी सोरेन नामक व्यक्ति का शव को बरामद किया था। शव की पहचान रानीश्वर थाना क्षेत्र के कठहलिया गांव के रूप में हुई थी। मृतक मुंशी सोरेन की पत्नी सरोज मुनि मुर्मू के बयान पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने थाना कांड संख्या 66/2023 के तहत भादवि की धारा 302, 201, 34 के तहत अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन दमें जुट गई थी। एसपी के निदेर्शानुसार एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। इस बावत एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता कर हत्याकांड का उद्भेदन किया। एसडीपीओ ने बताया कि कांड के प्राथमिकी अभियुक्त एक नाबालिग लड़के को निरुद्ध किया गया और उसकी स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उक्त कांड के अन्य प्राथमिक अभियुक्त प्रेम मुर्मू एवं रसिक मुर्मू को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही।

## बंद घर के आठ ताला तोड़ नकदी समेत दस लाख की चोरी

**दुमका।** एक साल के बाद शहर का नयापाड़ा फिर चोरों के निशाने पर आ गया है। चोरों ने शुक्रवार की रात प्रदीप भालोटिया के बंद घर में लगे आठ ताला को तोड़कर 1.60 लाख नकदी समेत करीब दस लाख के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार को रिश्तेदारों से चोरी की जानकारी मिलने के बाद बेटे कृष्णा भालोटिया ने नगर थाना में मामला दर्ज कराया। रविवार को पुलिस की टीम ने जाकर स्थल की जांच की। हालांकि जिस घर में चोरी हुई,वहां आसपास घरों में लगे अधिकांश सीसीटीवी बंद मिले, लेकिन एक में दो महिला व दो पुरुषों का चेहरा कैद हो गया। धनबाद में रहने वाले कृष्णा ने बताया कि माता पिता समेत घर के पांच सदस्य पांच जुलाई को तीर्थ यात्रा पर दक्षिण भारत चले गए। घर में आठ ताला लगे हुए थे। शनिवार की सुबह रिश्तेदारों ने घर का मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ देखकर सूचित किया। दिन में धनबाद से आकर जांच की। वह घर में नहीं रहता था, इसलिए चोरी गए सामान की जानकारी पुलिस को बता पाना संभव नहीं था। उसने फोन पर मां को चोरी की जानकारी दी।

## छात्र सम्मेलन का आयोजन, भव्य शोभा यात्रा


शोभा यात्रा में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई कांडी के तत्वावधान में संगठन के 75वें स्थापना दिवस अर्थात् राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर राजकीयत प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी के प्रांगण में एकदिवसीय छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं द्वारा वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी से पूर्व अभाविप के जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी, नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह, नगर अयक्ष उदय कुमार पासवान, कलेज अयक्ष लक्की कुमार एवं नगर छात्रा प्रमुख सोनाक्षी कुमारी ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद व विद्या की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित व पुष्पर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का 75 वर्ष पूर्ण हुआ है, विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से लेकर आज तक अपने कार्यकलाप एवं सृजनात्मक दृष्टि से बढ़कर समाज में एक अलग पहचान बनाई है। विद्यार्थी परिषद आज भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक नई पहचान छात्र संगठन के रूप में स्थापित किया है। नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद चिकन आंदोलन, कश्मीर से ाारा 370 हटाना, चलो कारगिल की ओर जैसे बहुत आंदोलन किया है एवं इसका परिणाम भी सकारात्मक देखने को मिला है।

# शर्मा रंजनी ने मुख्यमंत्री के नाम मंत्री मिथलेश को सौंपा मांग पत्र

### प्रदेश आउटसोर्सिंग कर्मियों की समस्या निदान की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य सह ग्राम विकास समिति झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री के नाम पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को रांची स्थित आवास पर मांग पत्र सौंपा। साथ में झारखंड प्रदेश अमीन संघ के प्रदेश प्रतिनिधि कुंदन कुमार ठाकुर एवं अन्य आउटसोर्सिंग कर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नाम पुनः मंत्री श्री ठाकुर को मांगपत्र सौंपकर प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मुक्त कराते हुए सरकार द्वारा मानदेय देने एवं समान्य काम के बदले समान्य वेतन के साथ सरकारी प्रवधानों के अनुसार सरकारी लाभ उपलब्ध कराने की मांग की है। सौंपे गये मांग पत्र में प्रदेश मुख्यालय स्थित मोरहाबादी मैदान में गत 16 अक्टूबर 2022 को बैठकर प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों जैसे अमीन, वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सफाई कर्मी एवं अन्य आउटसोर्सिंग कर्मियों ने श्रीमती शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मांग पत्र सौंपकर उक्त मांग की थी। मांग पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के आउटसोर्सिंग कर्मियों को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा अनेक प्रकार से परेशान किया जाता रहा है। समय से पारिश्रमिक का भुगतान भी नहीं किया जाता है। संबंधित विभाग से जो कर्मियों को मजदूरी भुगतान करने के लिए प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को राशि उपलब्ध करायी जाती है। उसमें भी कंपनी द्वारा राशि की कटौती कर विभाग द्वारा निर्धारित मजदूरी से कम भुगतान किया जाता है। इसके साथ-साथ कंपनी द्वारा योग्य कर्मियों का चयन नहीं करते हुए अयोग्य व्यक्ति के मेल में आकर उनका चयन करते हुए संबंधित विभाग को कार्य करने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। जो योग्य, कुशल एवं दक्ष व्यक्ति अनुभवी कर्मियों के साथ भारी अन्याय किया जा रहा है। इसी तरह से प्रदेश के आउटसोर्सिंग कर्मियों के साथ मनमानी करते हुए उन्हें कई तरह से तंग किया जाता है। उक्त सभी बिन्दुओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए आउटसोर्सिंग कर्मियों को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मुक्त करते हुए सरकार द्वारा मानदेय देना एवं समान्य कार्य के बदले समान्य वेतन के साथ सरकारी प्रवधानों के अनुसार सरकारी सभी लाभ उपलब्ध करना प्रदेश के आउटसोर्सिंग कर्मियों के जनहित में आवश्यक है। समर्पित मांग पत्र के आलोक में मंत्री श्री ठाकुर ने नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया।


मांग पत्र सौंपती रंजनी शर्मा

## बिहार में कर्ज देने और जुए वाले 100 से अधिक ऐप होंगे बैन

**पटना।** बिहार में मोबाइल ऐप के माध्यम से लोन देने और जुआ खिलाने के नाम पर लोगों को ठगने और उनसे जबरन वसूली करने वाले ऐप प्रतिबंधित किए जाएंगे। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई यानी इओयू ने ऐसे 100 से अधिक ऐप को चिन्हित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ऐसे ऐप को चिन्हित कर उन पर प्रतिबंध लगाने के लिए आर्थिक अपराध इकाई ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से अनुशंसा की है। आर्थिक अपराध इकाई को बिहार के कई जिलों से जुआ खिलाने और गेम खिलाने के साथ ही कर्ज देने वाले ऐप के बारे में बड़े पैमाने पर शिकायतें मिली है। राजधानी पटना के अलावा औरंगाबाद, जमुई जैसे जिलों में ऐसे ऐप और इनसे जुड़े लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उधार देकर काफी अधिक ब्याज पर राशि की वसूली करते रहे हैं।

# जनहित में उपयोग कार्य को लेकर डीसी सख्त, अग्रधन की राशि जमा करने का निर्देश

### काम में रुचि नहीं लेने वाले इन ठेकेदारों को अंतिम चेतावनी, होंगे ब्लैक लिस्टेड

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** काम में रूचि नहीं लेने वाले ठेकेदारों (संवेदकों) को अंतिम चेतावनी दी गई है। सभी को तीन दिन के अंदर अग्रधन की राशि जमा करने का आदेश दिया गया है। उन्हें ब्लैक लिस्टेड भी किया जायेगा। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश के बाद कार्यकारिणी एजेंसी एनआरईपी ने अंतिम चेतावनी जारी की है। जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता ने काम में रुचि नहीं लेने वाले संवेदकों को अंतिम चेतावनी दी है। रुचि नहीं लेने वाले ठेकेदार की निविदा को रद्द करते हुए उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान ने बताया कि समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में 6 जुलाई, 2023 को उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से क्रियान्वित और आवंटित योजनाओं की समीक्षा की थी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि काफी दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक विषयांकित कार्य के लिए अग्रधन की राशि जमा नहीं की गई है। इसके कारण एकरारनामा संपन्न नहीं हो पाया है। इस पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि उपरोक्त कार्य जनहित में उपयोगी है। समय पर पूर्ण किया जाना आवश्यक है। अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि 3 दिनों के अंदर अग्रधन की राशि जमा करें। अन्यथा उनके अग्रधन की राशि जब्त करते हुए दूसरे योग्य न्यूनतम निविदादाता को कार्य आवंटित कर दिया जाएगा। इस संबंध में उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इसके आलोक में कार्य कर रहे सभी संवेदक को पत्र के माध्यम से तलब करते अंतिम चेतावनी दी गई है। इसके पश्चात भी हुए लापरवाही देखी जाती है तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**इन ठेकेदारों को दी गई अंतिम मौकाः** एस एस आर डी कंस्ट्रक्शन किरिगडा, बुंडू, केरेडारी हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत-बेंती, ग्राम- बेंती विजय प्रजापति के घर से बुधन भुईयां के घर तक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

रोज ट्रेडस, दुरूवा, लातेहार प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत-बहेरा, ग्राम- राजधार में सोमा उरांव के घर से सुखदेव उरांव के घर तक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

मेसर्स आर०डी कंस्ट्रक्शन किरीगडा हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत बहेरा, ग्राम-बहेरा, मस्जित से जैनुल अंसारी के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

मेसर्स आर०डी कंस्ट्रक्शन किरीगडा हजारीबाग प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत-बेंती, ग्राम- बेंती, राजेश प्रजापति के घर से कारू भुईयां के घर तक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

मेसर्स आर०डी कंस्ट्रक्शन किरीगडा हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत झ्र सराढु, ग्राम-कुडलौंगा में पानी टंकी से पारगड़ा मुकेश यादव के घर तक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

मेसर्स आर०डी कंस्ट्रक्शन किरीगडा हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत- बेती, ग्राम- बेंती, भोला गंझु के घर रोहन गंझु के घर तक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

एस०एस० नेहा ईटरप्राईजेज शिवपुरी ओकनी सदर हजारीबाग, प्रखण्ड-सिमरिया पंचायत-पुण्डरा, ग्राम- पुण्डरा, पुण्डरा देवी मण्डप से बद्री महतो के घर तक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

भुपेन्द्र कुमार मिश्रा कल्याणपुर प्रतापपुर चतरा, प्रतापपुर पंचायत - घोरीघाट, ग्राम-जाल्हातेत, मथुरापुर मेन रोड से दिलिप पाठक के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

विवेक यादव सरादू टण्डवा चतरा, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत - सराढ, ग्राम- कुण्डी में चैता साव के घर से शमशान घाट तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

ईन्द्रजीत कुमार रोमी पदमा हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा पंचायत बड़गांव ग्राम-बड़गांव में रूपु बांध खेल मैदान से केरी स्कुल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

मॉ नगर भगवती कंस्ट्रक्शन बड़गांव टण्डवा चतरा, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत-डहु, ग्राम-सिदपा में भुनेश्वर उरांव के घर से लेकर गज्जु उरांव के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

राजेश कुमार साव गांगपुर गिद्धौर चतरा, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत-बड़गांव, ग्राम- बड़गांव, नवादा पथ से कैत गाछ से नायक टोला शिव लोहार टोला होते हुए नधुन ठाकुर के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

भुपेन्द्र कुमार मिश्रा कल्याणपुर प्रतापपुर चतरा, प्रखण्ड - प्रतापपुर पंचायत-घोरीघाट, ग्राम-जाल्हातेत, ग्राम टोला बारेबान्द हरीचरण भारती के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।

एक नजर में

## उपायुक्त का सतगावां दौरा, फटलहिया जंगल में मनाया गया रक्षा बंधन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती राजावर पंचायत के फटलहिया जंगल में रक्षा बंधन मनाया गया। जिसके तहत उपायुक्त आदित्य रंजन के द्वारा जंगल में पेड़ में रक्षा धागा बांधकर जंगल को बचाने के लिए लोगों को कृत संकल्पित होने का संदेश दिया। गांव के बच्चियों के द्वारा स्वागत गान सुनाया गया, साथ ही ढोल व मानर से उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा की करचौता जंगल की तरह फटलहिया जंगल को भी हरा भरा व सदाबहार बनाना है। उपायुक्त ने लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं फटलहिया ग्राम को स्वालंबन बनाने के लिए एवं बेहतर बनाने के लिए योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही बिचौलियों से सावधान रहने की बात कही एवं ग्रामीणों से प्रत्येक दिन रात्रि चौपाल लगाने एवं छोटे छोटे रोजगार के विषय में चर्चा करने के लिए कहा। वहीं उपायुक्त ने फटलहिया ग्राम निवासी समाली राय के बागान का निरीक्षण किया एवं गांव में एक बेहतर तालाब बनाने को लेकर स्थल निरीक्षण किया।

## मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों का संयुक्त कन्वेंशन संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** केंद्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी जनविरोधी व राष्ट्रविरोधी विनाशकारी सरकारी नीतियों के खिलाफ तथा वैकल्पिक नीतियों के लिए ट्रेड यूनियनों सीटू, एटक, एक्टू और इंटक का संयुक्त जिला स्तरीय कन्वेंशन रविवार को साहू भवन झुमरीतिलैया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश प्रजापति, विजय पासवान, अनिल यादव, बिनोद पासवान की संयुक्त अध्यक्ष मंडल किया। कन्वेंशन का उदघाटन एक्टू के राज्य महासचिव शुभेन्दु सेन ने करते हुए कहा कि आज जनता के साथ साथ हमारे देश की स्थिति काफी चिंताजनक एवं गंभीर है। जिसके लिए केन्द्र की भाजपानीत मोदी सरकार की नीतियां जिम्मेदार है। एटक के राज्य महासचिव अशोक कुमार यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार न केवल मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी है, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी है।

## पेज एक का शेष

### 19 साल के बाद बंधुआ...

**राजाडेरा गांव का है तस्कर**

बच्ची के पिता ने बताया कि रनिया थाना क्षेत्र के डाहू गांव के राजाडेरा के अगुस्तीन सुरीन नाम के शख्स ने काम दिलाने के बहाने उसकी बेटी को दिल्ली ले गया था। तब से लेकर आज तक बेटी से कोई बातचीत नहीं हो सकी थी। इसके कारण बच्ची को ढूंढ नहीं पा रहे थे। रेसक्यू टीम में महिला थाना प्रभारी दुलारमनी टुडू, बाल संरक्षण पदाधिकारी शिवाजी प्रसाद, तपकरा थाना के रमजानुल हक शामिल थे।

### जीएसटी चोरी पर..

नोटिफिकेशन जारी करने के बाद अब इडी कुल 26 सरकारी संस्थाओं के साथ जानकारियों को शेयर करेगी, जिनकी संख्या पहले 10 थी। इसमें सीबीआइ, आरबीआइ, आइआरडीएआइ और एफआइयू का नाम है।

### समय से पहले राम मंदिर ...

पहली चैत्र राम नवमी पर सूर्य की किरण भगवान के ललाट पर पड़ेगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। राम लला के सामने 300 से 400 लोग आकर एक साथ दर्शन कर सकते है। उन्होंने बताया, "गाउंड फ्लोर में फर्श, लाइट और बारीकियों का काम होना बाकी है। ज्यादातर काम पूरा कर लिया गया है। भगवान की मूर्ति का काम तय समय से पूरा कर लिया जायेगा।

**आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा मंडप :** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर में पांच मंडप है। मंडप राम मंदिर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। मुख्य मंडप से हमेशा भगवान की पताका फहरायेगी। ग्राउंड फ्लोर का ढांचा बनकर तैयार हो चुका है। मंदिर के गर्भगृह की दीवार और छत बन चुकी है। फर्श और बाहर का काम बाकी है। मंदिर के ग्राउंड फ्लोर में 166 खंभों पर मूर्तियों को उकेरने का काम चल रहा है। इसके साथ ही मंदिर के गर्भ गृह में लगे 6 खंभे श्वेत संगमरमर के हैं, जबकि बाहरी खंभे पिंक सैंडस्टोन से बनाये गये हैं।

**ग्राउंड फ्लोर दिसंबर में तैयार हो जायेगा :** ट्रस्ट के सदस्य ने बताया कि राममंदिर के ग्राउंड फ्लोर का काम पूरी तरह दिसंबर में तैयार हो जायेगा। दिसंबर 2024 तक राम मंदिर का ढांचा पूरी तरह बनकर तैयार हो जायेगा। शेष नक्काशी का काम साल 2025 में पूरा हो जायेगा। साल 2024 में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पहली चैत्र रामनवमी के दिन भगवान का जन्म उत्सव मनाया जायेगा। राम मंदिर में विराजमान रामलला के ऊपर भगवान राम के जन्म के समय ठीक 12:00 बजे रामनवमी के दिन सूर्य की किरण कुछ देर के लिए रामलला की मूर्ति पर पड़ेगी। इससे जन्म के समय रामलला का दर्शन बहुत ही दिव्य और भव्य होगा। भगवान श्री राम ने सूर्य वंश में जन्म लिया है। उनके जन्म के बाद सूर्य इस धरा धाम पर श्री राम लला का स्वागत करेंगे। खगोल शास्त्र के लोग इसको लेकर काम कर रहे हैं। भगवान श्री राम के जन्म के समय बहुत तेज धूप होती है। इसके साथ ठंडक भी होती है। मंद ,शीतल हवाएं सरयू के जल को स्पर्श करते हुए भगवान के पास पहुंचती है।

### भारी बारिश से ..

सीएम केजरिवाल ने अफसरों की छुट्टियां कैंसिल कर दी है और ग्राउंड में जाकर काम करने को कहा है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बाढ़ से स्थिति काफी खराब हो चुकी है। अमरनाथ यात्रा स्थगित होने के बाद 6,000 अमरनाथ यात्री रामबन में फंसे हुए हैं।

**दक्षिण में भी बारिश जारीः** इधर, दक्षिण भारतीय राज्य केरल और कर्नाटक के कई इलाकों में भी लगातार बारिश हो रही है। केरल के चार जिलों- कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड में येलो अलर्ट जारी किया है।

### महिला समिति लेज को टक्कर देने ...

इसके लिए कोडरमा जिला के एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर आगेर्नाइजेशन) का चयन डोमचांच वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आलू चिप्स का प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जायेगी। इसमें एफपीओ से जुड़े 505 किसानों को उनके कृषि उपज की बिचौलिया मुक्त करते हुए ई-नैम योजना से सीधी बिक्री की जायेगी। इस प्रोसेसिंग यूनिट से संबंधित कृषि उपज आलू से अधिक से अधिक आइटम तैयार करने का प्रस्ताव है।

**दिया जायेगा आलू का सोना बीज :** बाजार समिति के सचिव अभिषेक आनंद ने बताया कि इससे जुड़े किसानों को आलू की उन्नत किस्म की बीज सोना भी उपलब्ध कराया जाएग। अक्टूबर माह में किसानों को सोना किस्म का ी बीज उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक आलू का उत्पादन कराया जा सके। इसके साथ ही चालू सीजन में कोडरमा बाजार समिति के प्रोसेसिंग यूनिट से आलू चिप्स का उत्पादन शुरू हो जाएगा। शुरू में सोना किस्म की आलू दूसरे राज्यों से मगाया जाएगा। चिप्स यूनिट में चिप्स के अलावे फ्रेंच फ्राई और वाइल्ड एंड ड्राई चिप्स तैयार किया जाएगा। चिप्स यूनिट की स्थापना के लिए डीसी आदित्य रंजन द्वारा डीएमएफटी फंड से 90 फीसदी राशि उपलब्ध कराया जा रहा है। शेष 10 फीसदी राशि एफपीओ से जुड़ी महिला किसान लगायेंगी।

**कोट**

कोडरमा जिले में चयनित एफपीओ डोमचांच वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोडरमा बाजार समिति में आलू चिप्स का प्रोसेसिंग यूनिट शुरू किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें डीएमएफटी फंड से 90 फीसदी पैसे दिये जायेंगे। एफपीओ से जुड़े 505 किसानों को उनके कृषि उपज को बिचौलिया मुक्त करते हुए ई-नैम योजना से सीधी बिक्री की जायेगी, ताकि राज्य के किसानों की आय चार गुणी तक की जा सके - आदित्य रंजन, डीसी, कोडरमा।

# ज्ञान-विज्ञान से प्रशिक्षण-प्रसार की प्रतिबद्धता




## पत्रकारिता का मंत्र तो मैने खबरमंत्र से ही सीखा



**मनोज शर्मा**

पत्रकारिता की पढाई के बाद 2012 तक मैं सिर्फ मैगजीन और पत्रिकाओं के लिये रिपोटिंग करता था और स्टोरी लिखता था। या यूं कहें ये मेरे सीखने का दौर था। तथी 2013 में मुझे खबर मंत्र में डेस्क पर काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। मेरे एक वरिष्ठ ने एकाएक फोन करके कहा कि क्या कर रहे हो? कल मोराबादी में आकर मुझे मिलो। मैं बताये पर पहुंचा तो उन्होंने कहा कि खबरमंत्र नाम से एक दैनिक समाचारपत्र का शुभारंभ होने जा रहा है तुम उसमें डेस्क पर कोई काम संभालो। तब तक मैने किसी बड़े अखबार में काम नहीं किया था सिर्फ पत्रकिाओं में स्टोरी लिखने भर का मेरा अनुभव था। एकाएक मिले इस प्रस्ताव से मैं स्वयं पर ही सशंकित था, पर इसे कुछ सीखने और आजीविका का अवसर जान मैने हां कह दी और मोराबादी के वृंदा आरकेड में रोज जाने लगा। तब खबर मंत्र का नया भव्य कार्यालय चिरौंदी में तेजी से बन रहा था, और खबर मंत्र की टीम मोराबादी स्थित वृंदा आरकेड भवन में ही अखबार की तैयारी और अभ्यास में जुटी हुई थी।

कुछ ही दिनों के बाद अखबार के वरिष्ठ जनों के सानिध्य में मैने बहुत कुछ सीखा। एक समारोह में चिरौंदी में बने नये भवन में हम सबों ने प्रवेश किया। मुख्य भवन के पीछे एक ऊंचे से बिल्डिंग में प्रिटिंग प्रेस मशीन लगाया गया जिसे देख कर हम सबों का आत्मविश्वास बढता था। एक दशक पहले खबर मंत्र के चिरौंदी स्थित उस भवन में जितने सुख सुविधाओं का इंतजाम था वह किसी बड़े दैनिक अखबार से ज्यादा था। अभय भैया ने अपनी ओर से किसी भी सुख सुविधा के इंतजाम में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। डेस्क पर लेटेस्ट कंप्युटर , इंटरनेट, ब्रेकफास्ट और रिफ्रेशमेंट की सुविधा, एक अच्छा पारिवारिक माहौल और सभी वरिष्ठ जनों में अखबार को ऊंचाई पर ले जाने का समर्पण। खबर मन्त्र के कैंटिन की खिचड़ी और सत्तु भरी रोटी का हम सब को इंतजार ही रहता था।

### पत्रकारिता की कठिन चुनौती के बीच खबर मन्त्र ने पूरे किये सफल प्रकाशन के एक दशक



मेरे लिये यह बिल्कुल ही नया और सुखद अनुभव था। बबलू भैया हम नये पत्रकारों के लिये लगातार दो सप्ताह तक कार्यशाला आयोजित करते रहे थे। इस दरम्यान हमने जो अखबारी मंत्र सीखा उसी की बदौलत हम सबने अपनी थोड़ी बहुत पहचान पाई है।तब डेस्क और फिल्ड में कार्यरत हत जितने भी लोग थे सबों के बीच एक पारिवारिक रिश्ता सा था। सबसे बड़ी बात थी कि प्रांरभ के दो सप्ताह तक सबों को अपनी इच्छा से काम करने दिया गया और तब उसका आकलन कर उनकी दक्षता के अनुसार काम सौंपा गया। यही कारण है कि खबर मंत्र प्रारंभ में ही एक सफल समाचार पत्र के रूप में जाना गया।

मेरी लेखनी देख कर मुझे प्रतिदिन फीचर पेज के लिये सामग्री लिखने और एकत्र करने की जिम्मेदारी दी गयी थी और मुझे आज तक इस बात की खुशी है कि, मैंने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी पूरा किया। मेरे फीचर पेज से जुड़ने के पीछे भी एक रोचक वाकया था। अभ्यास के दरम्यान मैंने तब अपने खेल के शीर्ष पर चल रहे कैप्टन कूल धोनी पर स्टोरी लिखी थी जिसे संपादक मंडली ने देखा और पूछा कि ये किसने लिखा है? तब बबलू भैया लेकर मुझे उन सबों के पास गये और बताया कि ये मनोज जी ने लिखा है। उस लेख के लिये मुझे सराहा गया और कहा गया कि आप की भाषा और शैली फीचर के लिये बिल्कुल अनुकूल है कल से आप फीचर पेज संभालें।

तब खबर मंत्र के डेस्क का माहौल एक परिवार की तरह था। मेरे कई मित्र बने जिनसे समय के साथ और घनिष्ठता बढती गयी। शाम में डेस्क पर सबों में कमाल की सहयोग की भावना होती थी। आज झारखंड के चर्चित खेल पत्रकार सुशील सिंह मंटू तब खेल पत्रकारिता में हर वक्त डूबे रहते थे उनकीदिन रात की चिंता यही होती थी कि कोई छोटी सी भी राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय खबर छूटने न पाये । मुरली भैया को काम करते हुये देख कर मैने जाना कि एजुकेशन और कैरियर के पृष्ठ को बनाने में कितना परिश्रम है, शंभू भैया से जाना कि अपनीसोच या निष्कर्षों को खबरों से अलग रखना है।

तब खबरमंत्र में काम करते हुये हमें यह अहसास हुआ कि मैं तो बहुत कम चीजें जानता था। अपने उन कुछ महिनों के कार्यकाल में मैने मुरली भैया, शंभू भैया, बबलू भैया, अपने अन्य सहकर्मियों से बहुत कुछ सीखा। लेखनी से लेकर पृष्ठ सज्जा, खबरों को परोसने का तरीका, किन गलतियों से बचना है, क्या करना है, प्रिंट मीडिया के शब्दावली से परिचय हुआ। पत्रकारिता के ये सारे अनुभव मेरे लिये आज अध्यापन से लेकर संपादन में हर क्षण काम आते हैं, एक बार पीछे मुड़ कर देखने पर मन यही कहता है कि ये सारे मंत्र तो मैने खबर मंत्र से ही सीखे हैं। खबर मन्त्र के दस साल पूरे होने पर मेरी ओर से खबर मन्त्र टीम को बधाई और शुभकामना। एक सर्माथ्यवान मन्त्र बने खबर मन्त्र।

## प्राचार्य के विचार

### युवाओं के शैक्षणिक विकास को समर्पित खबर मन्त्रः डॉ अशोक



एक शिक्षक विशेषकर, शिक्षा जगत में जिसे राष्ट्र के सकारात्मक निर्माण का मुख्य आधार माना जाता है। डॉ अशोक कुमार एक विशेषज्ञ शिक्षक है और वे पिछले दशक से खबर मंत्र ने यह सुनिश्चित किया है कि वे ऐसे लोगों को पहचानें जो समाज में लगातार योगदान देते हैं।और ऐसे ही एक शख्स हैं डीएवी आलोक के प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार. इस संक्षिप्त साक्षात्कार में, उन्होंने हमसे अपनी राय साझा की और अपने विचारों से हमें अवगत कराया।

प्रश्न - आप डीएवी आलोक से किस साल में जुड़े ?

मैं यहां सन 2000 में प्रिंसिपल बना। पिछले 23 वर्ष से मैं यहां जुड़ा हुआ हूं।

प्रश्न - इतने सालों का अनुभव होना कोई छोटी बात नहीं होती है! आप यह बताएं क्योंकि आपने दोनों पहलू देखे हैं , कोरोणा से पहले और उसके बाद छात्रों में कोई बदलाव देखने को मिला है?

हां, बिल्कुल और यह बदलाव काफी बड़ा और परेशान करने वाला है। छात्रों ने एक छात्र के रूप में और एक व्यक्ति के रूप में अपनी नैतिकता, अपने नैतिक मूल्यों को खो दिया है। उन्हें अब कक्षाओं में भाग लेने या सीखने के पहलू में कोई दिलचस्पी नहीं है। यह सब खत्म हो गया है.

प्रश्न - क्या उनके नतीजों पर भी असर पड़ा है? क्योंकि ऑनलाइन मोड में नकल करना और उत्तरों की नकल करना आसान था, लेकिन अब चूंकि वे शिक्षकों की निगरानी में हैं, तो क्या कोई अंतर है?

जैसा कि मैंने आपको पहले बताया था, उन्होंने कोविड के दौरान अपनी नैतिकता, अपनी ईमानदारी खो दी है, वे अब पढ़ाई करने और अपने दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत का उपयोग करके परीक्षा पास करने से निराश हो गए हैं।

प्रश्न - छात्रों में कौन सी नई विकसित विशेषता आपको सबसे अधिक परेशान करती है?

जब पढ़ाई की बात आती है तो उन्हें ' स्पून - फीडिंग' की आदत हो गई है। वे अब अतिरिक्त प्रयास और कड़ी मेहनत नहीं करना चाहते हैं जो एक गंभीर समस्या है। अगर ऐसी आदतें जारी रहीं तो हमारे देश का विकास खतरे में पड़ जाएगा।

प्रश्न - हमारे देश को बदलने और विकसित करने के लिए, हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति पेश की है। इस पर आपके क्या विचार हैं?

यह निश्चित रूप से एक बड़ा बदलाव है. इसके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यह सैद्धांतिक दृष्टिकोण के बजाय मुख्य रूप से कुशल दृष्टिकोण पर आधारित है। इसे साबित करने का सबसे अच्छा उदाहरण एक सामान्य ग्रामीण इलेक्ट्रीशियन और एक आईआईटी ग्रेजुएट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर है। आपको क्या लगता है सर्किट को कौन तेजी से हल करेगा? जाहिर तौर पर सामान्य ग्रामीण बिजली मिस्त्री को शायद कभी अध्ययन करने का अवसर नहीं मिला और यह केवल इसलिए है क्योंकि उसके पास वर्षों का कुशल अनुभव है। नयी शिक्षा नीति देश को नयी दिशा देगी। आज हमारी शिक्षा नियमों और बेड़ियों से जकड़ी हुई हो गयी थी क्योंकि विश्व के परिवर्तन को हमने अंगीकार नहीं किया। इस शिक्षा नीति से आगे काम चलेगा इसकी संभावना कम थी और एक लाख सुझावों के साथ वर्षो के श्रम से कस्तूरीरंगन जी के सार्थक प्रयास से नयी शिक्षा नीति सामने आ रही है।

प्रश्न - छात्रों के साथ एक साक्षात्कार में, मुझे पता चला कि पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले बहुत कम लोग हैं? क्या एक प्रिंसिपल के रूप में आप इसे बढ़ावा देने और छात्रों को इसके बारे में शिक्षित करने के लिए कोई कदम उठाते हैं?

हाँ, मैं कक्षा 7वीं से छात्रों के लिए कैरियर परामर्श कार्यक्रम आयोजित करता हूँ। यह छात्रों को बहुआयामी अवसरों से प्रेरित करता है। खबर मंत्रा के मुरलीधर सर एवं अन्य पत्रकारों का योगदान सर्वाधिक है। इस तरह छात्र पत्रकारिता की नई तकनीकों और अवधारणाओं की ओर आकर्षित होते हैं। आज की तारीख में सूचना सबसे मूल्यवान संपति है और बच्चों को जानकारी से जितना अधिक लबरेज किया जाएगा उतना ही बेहतर परिणाम आने की संभावना हो जाएगी।

प्रश्न - साक्षात्कार समाप्त करने से पहले क्या आप पाठकों को कोई संदेश देना चाहेंगे?

हमेशा याद रखें कि आपके सपनों और सफलता का कोई छोटा रास्ता नहीं है। उन्हें घटित करने के लिए आपको हमेशा काम करना होगा। छात्रों के लिए ट्यूशन और कोचिंग के बजाय कक्षा में सीखने को प्राथमिकता देना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि एक कक्षा जो सीख दे सकती है, वह आपको कहीं और नहीं मिलेगी।

**(प्रस्तुतिः अनुष्का चौधरी प्रशिक्षु पत्रकार, संत जोसेफ यूनिवर्सिटी बंगलूरू)**

## शिक्षण-प्रशिक्षण में युवाओं के साथ हर वक्त खड़ी खबर मन्त्र की टीम

**अंकिता बनर्जी**

**हम** संत जेवियर कॉलेज रांची में बी कॉम ऑफिस मैनेजमेंट और सेक्रटेरियल प्रैक्टिस का कोर्स कर रहे थे। यह दो साल का कार्स था जिसे संक्षिप्त में आएमएसपी कोर्स भी कहा जाता है। इस कोर्स के क्रम में हमें कहा गया कि किसी भी प्रतिष्ठित संस्थान से छात्र 45 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। निश्चित ही हम लोगों ने अपने कोर्स से जुड़ें संस्थानों का चयन करने का प्रयास किया। इस क्रम में हमारे संस्थान में आने वाले वरिष्ठ शिक्षकों से भी परामर्श लिया। हमें ऑफिस प्रबंधन, मानवीय संसाधन की गुणवत्ता, कर्मचारियों के शिक्षण प्रशिक्षण के साथ ही आर्थिक विशिष्ठता जैसे कई विषयों पर जानकारी हासिल करने की आवश्यकता थी। हम कई साथी सहित दर्जनों संस्थान में गये लेकिन हमें उस प्रकार का रिस्पांस नहीं मिला जिससे हम प्रशिक्षण के लिये तैयार हो सके। इस बीच हमारे बीच वित्त प्रबंधन के श्रेष्ठ शिक्षक अजयदीप बाधवा सर से हमलोगों ने कोल इंडिया में प्रशिक्षण के लिये सहयोग मांगा। उन्होंने अपने स्तर से प्रयास किया लेकिन वहां सफलता नहीं मिली। इसी क्रम में बाधवा सर ने बताया कि आपके संतजेवियर कॉलेज के परिसर के पास ही खबर मन्त्र हिंदी दैनिक समाचार पत्र का कार्यायल है वहां जाकर आप वहा के वरिष्ठ पत्रकार एनके मुरलीधर से संपर्क कर लें। उन्होंने फोन नबंर दिया। जब मैंने फोन पर श्री मुरलीधर सर से बात की तब उन्होंने पूछा कि क्या सिर्फ सर्टिफिकेट लेना है या सही में प्रशिक्षण भी प्राप्त करना है। फिर मैं अपने सहेली अंकिता गोस्वामी के साथ लगभग 4 बजे शाम को खबर मन्त्र कार्यायल पहुंची। वहां मुरलीधर सर से मुलाकात हुई। उन्होंने पूछा कि राजधानी रांची में ढेर सारे संस्थान है फिर आप लोग खबर मन्त्र हिंदी दैनिक में ही प्रशिक्षण क्यों लेना चाहते हैं। हमने कहा कि सर हमारा प्रशिक्षण 45 दिनों का है और कई संस्थानों में प्रशिक्षण के लिये कोई अधिकारी है ही नहीं। फिर सर ने कहा कि अगर आपलोग प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं तो कुछ बिंदुओं को समझ लें। पहली बात समय से आना होगा, दूसरी बात प्रशिक्षण के क्रम में कोई गैप नहीं होगा। आप सबको अपने संस्थान के प्रभारी से लिखित आग्रह पत्र लाना होगा।





खैर उनकी स्वीकृति से हमारी जान में जान आई और हमने कॉलेज प्रबंधन को सूचित कर दिया। इस बीच हमारीसंख्या आठ हो गयी। जिया रंजन, नेहा शर्मा, दीप्ति सिंह, अंकिता बनर्जी, अंकिता गोस्वामी, के खुशी, इस्मीत कौर प्रिया राज। पहले ही दिन एक बजे से चार बजे तक की तीन घंटे की क्लास में हमें वो सारी जानकारी मिलने लगी जो पढ़ाई के क्रम में मिलना संभव नहीं था। एक मीडिया हाउस में प्रिंट मीडिया के बारे में जानकारी और मुरलीसर ने जिस प्रकार एक-एक टॉपिक को पहले डिस्कसन किया फिर लिख कर लोने का टॉस्क दिया फिर उसे चेक भी किया। इस बीच दूसरे संस्थानों में गये छात्रों की निराशा भरी बात सुनकर हमें बड़ा सकून मिला कि चलो हमारा प्रशिक्षण बेतहर रहा। 40 दिन बितने के बाद हमे खबर मन्त्र के मुख्य कार्यालय चिरौंदी जाने का अवसरमिला। एक भव्य कार्यालय, बड़ा प्रिटिंग मशीन हमने जिंदगी में पहली बार देखा। वहां हमारे खबर मन्त्र के एमडी सौरथ कुमार सिंह से मुलाकात भी यादगार रहा। उन्होंने हम सब का परिचय लिया।

इसके बाद हमें प्रशिक्षणका प्रमाण पत्र मिला। जिसे देखकर शिक्षकों को कहनापड़ा कि हां तुमलोंगों ने सही में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। हम सबको 90 प्रतिशत अंक मिले। इसका हमारे परीक्षा पर भी असर हुआ और हम सब बेहतर परिणाम की उम्मीद कर सके। हम आभारी है खबर मन्त्र परिवारका जिसके कारण हमें हमारे शैक्षणिक जीवन में एक बेहतर प्रशिक्षण मिला। जीवन के पहले प्रशिक्षण में सुखद अनुभव के लिये खबर मन्त्र के 11 साल के प्रवेश पर बधाई।

हम युवाओं को जिस प्रकार एक निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त हुआ वह आज के प्रोफेसनल टाईम में संभव नहीं है। जैसा कि मैंने जाना और देखा समझा हमारे पीछे खबर मन्त्र खड़ा न होता तो हम सब प्रशिक्षण की कठिनाई से तार-तार हो जाते।